8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी 09:11 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

रविवार, 8 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 11, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




■ रसोई गैस 60 वाणिज्यिक सिलेंडर 114.5 रुपये महंगा पेट्रोल-डीजल स्थिर - 12



■ ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की भारत को गैस आपूर्ति की पेशकश - 12



■ विदेश मंत्री बोले- न किसी की गलती न किसी का मोहरा ... अपनी शर्तों पर बनाएंगे नया भारत - 13



■ भारत के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका - 14

# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक बाहर किए जाएंगे घुसपैठिये : शाह

## हरिद्वार में 'जन-जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' जनसभा में गरजे केंद्रीय गृहमंत्री

- 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया
- बोले-उत्तराखंड की समस्याएं चुन चुनकर हल कर रहे सीएम पुष्कर सिंह धामी

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून/हरिद्वार**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को स्मृति चिन्ह भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में विशाल जनसभा को संबोधित किया। साथ ही, राज्य के समग्र विकास को समर्पित 1100 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। पुलिस विभाग के आरक्षियों को नियुक्ति पत्र, राज्य में साइबर वित्तीय अपराधों की शिकायत दर्ज कराने के लिए

ई-जीरो एफआईआर प्रणाली का शुभारंभ एवं नूतन न्याय संहिता विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय प्रदर्शनी व प्रदेश सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जनसभा को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी संबोधित किया।

केंद्रीय मंत्री शाह ने उत्तराखंड में 10 हजार एकड़ सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि, सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिये को देश से बाहर निकालने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूसीसी, डेमोग्राफी में आए अप्राकृतिक बदलाव को रोकने का काम करेगी। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उल्लेख करते हुए कहा कि जो भारत का नागरिक नहीं है, उसका नाम वोटर लिस्ट से कटना ही चाहिए, लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोटर लिस्ट का शुद्ध होना जरूरी है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने सीएए कानून के तहत भारत की नागरिकता प्राप्त करने वाले शरणार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आने वाले हिंदू, सिख, बौध और जैन शरणार्थियों का इस देश पर उतना ही अधिकार है जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है लेकिन अब तक तुष्टिकरण की नीति के चलते उन्हें भारतीय नागरिकता से वंचित रखा गया। ये शरणार्थी अपना धर्म और परिवार की इज्जत बचाने के लिए, भारत में आए हैं इसलिए वो विपक्ष के किसी के भी विरोध के बावजूद, ऐसे लोगों को भारतीय नागरिकता देने के निर्णय पर अडिग रहेंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 समाप्त करने, सीएए कानून बनाने, साढे पांच सौ साल बाद अयोध्या में राम मंदिर बनाने, बद्रीनाथ-केदारनाथ पुनर्निर्माण, महाकाल लोक और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर सहित कई एतिहासिक कार्य किए हैं।

### उत्तराखंडवासी नहीं भूले रामपुर तिराहा कांड

संबोधन की शुरुआत उत्तराखंड राज्य आंदोलन से करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि, उत्तराखंड के युवाओं को अपनी पहचान, संस्कृति बचाने के साथ ही अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा, लेकिन इसके लिए उन्हें रामपुर तिराहा कांड जैसी हिंसा का सामना करना पड़ा, जिसे आज भी उत्तराखंडवासी भूले नहीं हैं। इसके बाद केंद्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड के साथ ही झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों का निर्माण करने का निर्णय लिया। आज ये तीनों राज्य तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड को अटल जी ने बनाया है, अब इसे संवारने का काम मोदी जी करेंगे, इसी क्रम में वर्ष 2017 से 2026 तक का कालखंड, उत्तराखंड के विकास को समर्पित रहा है। बीते चार वर्षों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की सभी समस्याओं को चुन-चुनकर समाप्त करने का काम किया है। इस कारण उत्तराखंड अब दोगुनी रफ्तार से विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है।

# डिप्टी सीएम के हेलीकॉप्टर के केबिन में भरा धुआं इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई

**संवाददाता, सरोजनीनगर (उप्र)**

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत सभी यात्री सुरक्षित, सड़क मार्ग से गए कौशांबी



**अमृत विचार:** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर में शनिवार को अचानक तकनीकी खराबी आने से अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर के डिस्प्ले में खराबी आ गई और कुछ ही देर में केबिन के अंदर धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। इसके बाद हेलीकॉप्टर को सुरक्षित रूप से चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतार लिया गया।

उपमुख्यमंत्री कौशांबी में आयोजित दो दिवसीय सरस महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसके लिए उन्होंने शनिवार सुबह करीब पौने 11 बजे ला मार्टिनियर कॉलेज परिसर से हेलीकॉप्टर द्वारा उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के लगभग 30 मिनट बाद हेलीकॉप्टर का डिस्प्ले अचानक बंद हो गया और केबिन के भीतर धुआं फैलने लगा। उस समय हेलीकॉप्टर करीब दो हजार फीट की ऊंचाई पर था और लखनऊ से लगभग 50 किलोमीटर दूर बछरावां क्षेत्र के पास पहुंच चुका था। तकनीकी खराबी की जानकारी मिलते ही पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचित कर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलते ही हेलीकॉप्टर को वापस लखनऊ की ओर मोड़ दिया गया। करीब 11:15 बजे अमौसी एयरपोर्ट पर उसकी सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट पर पहले से फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस को तैनात कर दिया गया था। इस दौरान डिप्टीसीएम समेत सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। सूत्रों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में उपमुख्यमंत्री सहित दो पायलट, एक सलाहकार, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और एक सुरक्षा कर्मी सवार थे। उप मुख्यमंत्री बाद में कार्यक्रम में शामिल होने को सड़क मार्ग से कौशांबी गए।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विकसित भारत का आधार नारी शक्ति व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### गुलाल बनाने वाली फैक्टरी में आग, चार महिलाओं की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जिंद जिले में शनिवार को एक गुलाल निर्माण इकाई में आग लगने से चार महिला श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। आग कारखाने के प्रवेश द्वार पर लगी और उसके बाद धुआं फैक्टरी के अंदर फैल गया। यह फैक्टरी सफीदों की भाट कॉलोनी के एक आवासीय क्षेत्र में स्थित है। कुछ मजदूरों ने अपनी जान बचाने के लिए कारखाने की छत से छलांग लगा दी। पुलिस और दमकल विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से जलती फैक्टरी से श्रमिकों को बचाने के लिए एक चारदीवारी तोड़ दी। जींद के पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आग लगने से चार महिला कामगारों की मौत हो गई। इनमें से तीन की उम्र लगभग 50 वर्ष, जबकि चौथी महिला 36 वर्ष की थी।

### भीमताल में नाले में मादा तेंदुए का शव मिलने से मचा हड़कंप

**भीमताल।** शनिवार सुबह मिनी स्टेडियम के पास नाले में मादा तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया एक आपसी संघर्ष में मौत माना जा रहा है हालांकि किसी के द्वारा जहर देकर या फिर किसी अन्य कारण से जहर से मौत होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा होगा।

(खबर पेज-3)

### हैदराबाद में 130 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के समक्ष शनिवार को 130 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण प्रक्रिया के तहत, माओवादियों ने एके-47 राइफलों समेत 124 आग्नेयास्त्र और 5,200 से अधिक कारतूस सौंपे, जो हाल के समय में देश में पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) द्वारा आत्मसमर्पण किए गए हथियारों की गुणवत्ता और संख्या के मामले में सबसे अधिक है। तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 130 माओवादियों में से 125 छत्तीसगढ़ के, चार तेलंगाना के और एक आंध्र प्रदेश से है।

# प्राइवेट लोगों से काम करा रहे दो रजिस्ट्रार कानूनगो का डिमोशन

**संवाददाता, नैनीताल**

- डीएम नैनीताल एलएम रयाल ने लिया एक्शन

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन सरकारी महकमों में 'प्राइवेट' से काम कराने वालों पर सख्त हो गया है। नैनीताल के डीएम ललित मोहन रयाल ने प्राइवेट लोगों से सरकारी काम, राजस्व रिकॉर्ड व दस्तावेजों का काम कराने पर दो रजिस्ट्रार कानूनगो का डिमोशन कर दिया है।

डीएम के अनुसार, नैनीताल तहसील में रजिस्ट्रार कानूनगो भूपेश चंद्र और अर्जुन सिंह बिष्ट के खिलाफ निजी लोगों से काम कराने की शिकायत पर प्रशासनिक जांच में सामने आया कि दोनों रजिस्ट्रार कानूनगो ने पद से जुड़े वैधानिक दायित्व निजी एवं अनधिकृत व्यक्तियों से कराए। दस्तावेजी साक्ष्यों, अभिलेखों और संबंधित व्यक्तियों के बयानों के आधार पर सामने आया कि, दोनों ने राजस्व से जुड़े कार्यों में निजी व्यक्ति की सहायता ली। दोनों ने कारण बताओ नोटिस के जवाब में स्वीकार किया कि अधिक कार्यभार और लंबित मामलों के दबाव के कारण उन्होंने निजी व्यक्ति की सहायता ली थी।

## सिंगर बादशाह के खिलाफ लुकआउट नोटिस होगा जारी

**चंडीगढ़।** रैपर-संगीतकार बादशाह के हाल ही में रिलीज हुए हरियाणवी गाने 'टटीरी' में कथित आपत्तिजनक बोल और दृश्यों को लेकर मामला दर्ज किये जाने के एक दिन बाद पुलिस ने संगीतकार को देश छोड़कर जाने से रोकने के लिए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बीच, बादशाह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अपने नए गाने से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचने के लिए माफी मांगी। पंचकूला पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीम गठित की हैं।

# बेपटरी हुई मालगाड़ी, रेल यातायात प्रभावित

**कटनी (मप्र), एजेंसी**



- मप्र के कटनी में छह डिब्बे पटरी से उतरे, कई ट्रेनों के रूट बदले
- रेल लाइन बहाल करने का काम युद्धस्तर पर किया गया शुरू

मध्यप्रदेश के कटनी जिले में शनिवार को कोयला लदी एक मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस कारण इस व्यस्त रेलमार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और कई रेलगाड़ियों का मार्ग बदलना पड़ा। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि न्यू कटनी जंक्शन (एनकेजे) सेक्शन में रेल लाइन बहाल करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य की निगरानी के लिए जबलपुर से एक टीम मौके पर पहुंची है। यह हादसा सुबह करीब साढ़े 10 बजे एनकेजे क्षेत्र में 'ए केबिन' के पास हुआ, जिससे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से जुड़े मार्गों पर रेल संचालन प्रभावित हुआ। कटनी क्षेत्र प्रबंधक रोहित सिंह ने बताया कि कोयला लदी यह मालगाड़ी बिलासपुर से पश्चिम बड़ौदा जा रही थी, तभी इसके छह डिब्बे पटरी से उतर गए। सूचना मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का आकलन शुरू किया। कि बिलासपुर की ओर जाने वाला रेल यातायात प्रभावित हुआ है। चार रेलगाड़ियों का मार्ग बदला गया।

# जॉर्डन में अमेरिका का डिफेंस सिस्टम उड़ाया

## ईरानी राष्ट्रपति ने पड़ोसी देशों पर हमलों के लिए माफी मांगी, अमेरिका ने तेहरान में किए विस्फोट

- ट्रंप ने कहा- युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को बनाया जाएगा निशाना

**दुबई, एजेंसी**



तेहरान के प्रमुख मेहराबाद एयरपोर्ट पर हमले के बाद लगी आग।

ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार तड़के कई विस्फोट हुए, जिनसे आसमान में काले धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागीं। ईरान ने यूएई, सऊदी, जॉर्डन में अमेरिकी डिफेंस-सिस्टम को निशाना बनाया जिसमें जॉर्डन का डिफेंस सिस्टम तबाह हो गया। वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए शनिवार को माफी मांगी, जबकि उसी दौरान उनके मिसाइल और ड्रोन खाड़ी अरब देशों की ओर बढ़ रहे थे।

गत 28 फरवरी को हुए हवाई हमले में युद्ध शुरू होने और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद से ईरान की त्रिपक्षीय नेतृत्व परिषद के एक सदस्य, राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने यह संदेश ठीक एक सप्ताह बाद दिया।

वहीं, क्षेत्र में लड़ाई खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन ने इजराइल को 15.1 करोड़ डॉलर के नए हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि देश अपनी रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। एक वीडियो फुटेज में पश्चिमी तेहरान के ऊपर विस्फोटों से धुएं के गुबार दिखाई दिए, जबकि इजराइल ने कहा कि उसने व्यापक हमलों का नया दौर शुरू किया है। इजराइली सेना ने कहा कि वह ईरान से दागी गई नई मिसाइलों को रोकने की कोशिश कर रही है। ईरान के हमलों के बाद बहरीन में शनिवार सुबह सायरन बजे। सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने विशाल शायबह तेल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे ड्रोन नष्ट कर दिए और प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराया। इस बीच अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के अनुसार, रूस ने ईरान को ऐसी जानकारी दी है जिससे वह क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी युद्धपोतों, विमानों और अन्य सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान से फोन पर बात कर खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई।

### ईरान ने अमेरिका की बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग ठुकरा

**दुबई।** अमेरिका-इजराइल से चल रही तनातनी के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग एक ऐसा ख्वाब है जिसे उन्हें अपनी कब्र तक साथ ले जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक पूर्व रिकॉर्डेड संबोधन में की। उन्होंने क्षेत्रीय देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी और कहा कि तेहरान हमलों को रोक देगा। उन्होंने संकेत दिया कि ये हमले सैन्य अधिकारियों के बीच सूचनाओं के गलत संचार के कारण हुए थे। उनका यह बयान उस समय प्रसारित हुआ जब शनिवार सुबह बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात पर बार-बार हमले किए गए।

### राष्ट्रपति ट्रंप बोले- ईरान पर बहुत जबरदस्त प्रहार किया जाएगा

**अमेरिका।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को निशाना बनाया जाएगा और ईरान पर जबरदस्त प्रहार किया जाएगा। ट्रंप ने अपनी वेबसाइट ट्रुथ सोशल पर ये टिप्पणियां कीं, जिसमें उन्होंने तेहरान के हमलों को लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा पड़ोसी देशों से माफी मांगने का जिक्र किया। ट्रंप ने लिखा, ईरान के खराब व्यवहार के कारण अब ऐसे इलाकों और लोगों के समूहों को भी निशाना बनाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, जिन्हें अब तक निशाना बनाने के लिए नहीं सोचा गया था।

# एसबीआई का महिलाओं को 4597 करोड़ के सामाजिक ऋण का तोहफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- लैंगिक अंतर को कम करने के लिए बैंक ने दिखाई प्रतिबद्धता

एसबीआई ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित 4597 करोड़ रुपये की सिंडिकेटेड सामाजिक सावधि ऋण सुविधा शुरू करने की घोषणा की।

बैंक ने कहा कि यह सिंडिकेटेड ऋण एसबीआई और वैश्विक ईएसजी (ईएसजी) वित्तपोषण परिदृश्य में महिला सशक्तिकरण के लिए एक मील का पत्थर है। यह वित्तपोषण सामाजिक प्रभाव को तेज करने पर केंद्रित है और लैंगिक अंतर को कम करने के लिए एसबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5 - लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना में सार्थक योगदान देता है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस सेट्टी ने कहा, इस महिला दिवस पर हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एक जिम्मेदार संगठन के रूप में हम सतत विकास की आधारशिला के रूप में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं।

## डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम हत्या मामले में बरी

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के 2002 के मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को बरी कर दिया है। डेरा प्रमुख के वकील जितेंद्र खुराना ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोर्ट ने डेरा प्रमुख को दोषी ठहराए जाने और आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के सात साल से अधिक समय बाद बरी किया। खुराना ने कहा, हाईकोर्ट ने इस मामले में 2019 की सजा को चुनौती देने वाली अपीलों की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। बहरहाल पीठ ने मामले में तीन अन्य आरोपियों की सजा बरकरार रखी है।

**संदेश** — अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने कहा- महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की नींव

# शिक्षित और सशक्त महिलाएं राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : मुर्मू

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

शनिवार को जारी एक संदेश में राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की नींव हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं ने शिक्षा, विज्ञान, खेल, कला और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन किया है। शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त महिलाओं के एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान देने का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि युवा महिलाएं एक नए भारत के सपनों को आकार दे रही हैं, और उन्हें उचित अवसरों, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा, आइए हम सब मिलकर एक ऐसे समाज की दिशा में काम करें जहां महिलाओं को समान अवसर मिलें और वे अपनी क्षमताओं के आधार पर आगे बढ़ सकें और सफलता प्राप्त कर सकें। मुर्मू ने महिला दिवस के सफल आयोजन और सभी महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### महिला दिवस पर ताजमहल समेत संरक्षित स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरातत्व विभाग ने पर्यटकों को विशेष तोहफा दिया है। रविवार को ताजमहल सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित सभी स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। अधिकारियों के अनुसार देशी और विदेशी पर्यटक रविवार को ताजमहल में बिना प्रवेश शुल्क के जा सकेंगे। हालांकि मुख्य मकबरे में प्रवेश के लिए निर्धारित टिकट लेना होगा। ताजमहल के अलावा फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा स्मारक और आगरा किला सहित एएसआई के सभी संरक्षित स्मारकों में भी प्रवेश मुफ्त रहेगा। ताजमहल में पर्यटकों का प्रवेश सूर्योदय से लगभग 30 मिनट पहले शुरू हो जाता है और सूर्यास्त से करीब 30 मिनट पहले पर्यटकों को बाहर निकलना होता है। महिला दिवस के अवसर पर प्रवेश नि:शुल्क होने के कारण रविवार को ताजमहल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

## स्टेट ब्रीफ

### विकास में मातृशक्ति का अहम योगदान

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष रूप से मातृशक्ति को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि उत्तराखंड की मातृशक्ति सदैव से परिश्रम, त्याग और समर्पण का प्रतीक रही है। राज्य निर्माण आन्दोलन और इसके बाद प्रदेश के विकास में राज्य की महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही, राज्य के विकास और सामाजिक संरचना को मजबूत बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिये निरंतर प्रयासरत है।

### हर विकासखंड में लगेगी एक्सरे मशीनें

**देहरादून :** स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और उन्नत बनाने के लिए सरकार ने प्रत्येक विकासखंड में अल्ट्रासाउंड व एक्सरे मशीन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को विभागीय अधिकारियों को छह माह में ब्लॉक् स्तर पर अल्ट्रासाउंड व एक्सरे मशीनें पहुंचाने का टारगेट दिया है। साथ ही, चिकित्सा इकाईयों में रेडियोलॉजिस्ट व एक्स-रे तकनीशियनों की तैनाती के लिये भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कहा कि, राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को लगातार अपग्रेड करने में जुटी है।

### प्रेमी युगल में चाकूबाजी, घायल

**देहरादून :** थाना क्लेमेनटाउन अंतर्गत् ओगल भट्ठा क्षेत्र में शनिवार को आपसी विवाद के चलते प्रेमी- प्रेमिका ने एक-दूसरे को चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, दोनों ही क्लेमेंटाउन स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान में एमसीए प्रथम वर्ष के छात्र हैं। प्रेमिका के किसी अन्य युवक से सम्पर्क में होने के चलते दोनों के बीच विवाद हो गया था। पुलिस ने दोनों को घायल अवस्था में दून अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। इस मामले में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।




हरिद्वार में रिमोट दबाकर विकास कार्यों का लोकार्पण करते केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, साथ में सीएम पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज व विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी।



मुख्यमंत्री धामी के भाषणों के संकलन पर आधारित पुस्तक 'विकल्प रहित संकल्प' का विमोचन करते केंद्रीय गृह मंत्री शाह। ● अमृत विचार

# विकास की नई गाथाएं लिख रहा भारत : धामी

## सीएम ने बैरागी कैंप में किया जनसभा को संबोधित, कहा-प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने सभी मिथक तोड़े

प्रमुख संवाददाता, देहरादून/हरिद्वार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में वर्ष 2022 में उत्तराखंड की जनता ने सभी मिथकों को तोड़कर प्रचंड बहुमत से सरकार को दोबारा आशीर्वाद दिया।

बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को साकार किया गया है। नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू कर वर्षों से उपेक्षित हिन्दू शरणार्थियों को सम्मान और सुरक्षा का अधिकार दिलाया गया। भारतीय न्याय संहिता सहित तीन नए कानूनों के माध्यम से न्याय व्यवस्था को भारतीय आत्मा के अनुरूप बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, गृह मंत्री शाह के नेतृत्व में देश में आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। जिन क्षेत्रों में अशांति और भय होता था, आज वो क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। कश्मीर के लाल चौक पर कभी तिरंगा फहराना एक चुनौती माना जाता था, आज वहां गर्व और सम्मान के साथ तिरंगा लहरा रहा है। गृह मंत्री के नेतृत्व में देश, सहकारिता के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सनातन का जयघोष चारों दिशाओं में गूंज रहा है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्र द्वारा हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुंभ के लिए 500 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित ही आगामी कुंभ सनातन का गौरव बढ़ाने वाला कुंभ होगा।



जनसभा को संबोधित करते सीएम धामी।

### हमें यूसीसी लागू करने पर गर्व है

सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। हमें गर्व है कि हमने यूसीसी को लागू कर उसे प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने का कार्य भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, गृहमंत्री की प्रेरणा से राज्य में ऑपरेशन कालनेमि और सघन सत्यापन अभियान के माध्यम से घुसपैठियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। सख्त भू-कानून बनाकर हमारे पहाड़ी क्षेत्रों में जमीनों की अवैध खरीद फरोख्त पर लगाम लगाकर भू माफियाओं पर अंकुश लगाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा विकास के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों और उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी, राज्य सभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित कैबिनेट मंत्री, सभी सांसद एवं विधायक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर कार्य

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। वर्ष 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर राज्य में 3 .56 लाख करोड़ के निवेश समझौते किए जिसमें 1 लाख करोड़ से ज्यादा के ग्राउंडिंग हो चुकी है।

### कार्यक्रम में संतों का समागम

राज्य सरकार के चार साल बेमिसाल उत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति भी देखने को मिली। कार्यक्रम में विभिन्न अखाड़ों के महामंडलेश्वर, संत और साधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर संतों के लिए अलग से विशेष स्थान की व्यवस्था की गई थी। संत समाज की मौजूदगी से कार्यक्रम का माहौल आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर संतों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आशीर्वाद दिया।

### विकल्प रहित संकल्प पुस्तक का विमोचन

धामी के भाषणों के संकलन पर आधारित गिरजा शंकर जोशी की पुस्तक 'विकल्प रहित संकल्प' का विमोचन किया। इस दौरान राज्य सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसलों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

### 39 योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर 1129 .91 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 1014 .81 करोड़ की 22 योजनाओं का शिलान्यास और 115 .10 करोड़ रुपये की 17 योजनाओं का लोकार्पण किया गया।

# युवा पा रहे बिना पर्ची खर्ची सरकारी नौकरियां

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंग्रेजों के बनाए डेढ़ सौ साल पुराने कानूनों को बदलने का काम किया है, 2028 में नई न्याय संहिता के सभी प्राविधान पूरी तरह अमल में आ जाएंगे। इसके बाद किसी भी मामले में थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट तक फैसला आने में अधिकतम तीन वर्ष का समय लगेगा। उन्होंने इसे दुनिया की सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक न्याय संहिता करार दिया।

शाह ने उत्तराखंड पुलिस में आरक्षी के तौर पर नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले 1900 युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड में अब बिना पर्ची और बिना खर्ची के सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। इसके लिए पुष्कर सिंह धामी कठोर नकल विरोधी कानून लेकर आए हैं जिससे रोजगार के क्षेत्र में पारदर्शिता कायम हुई है। कहा कि साल 2027 में हरिद्वार में कुंभ मेला आयोजित होने जा रहा है। हरिद्वार कुंभ आने वाले सभी रिकॉर्ड तोड़ने का काम करेगा। उन्होने केंद्र सरकार की ओर से जारी वाइब्रेंट विलेज योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सीमांत गांवों को प्रथम गांव का सम्मान दिया है।

### उत्तराखंड के लिए केंद्रीय सहायता बढ़ी

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि साल 2004 से 2014 के बीच उत्तराखंड को केंद्र सरकार से सिर्फ 54 हजार करोड़ मिले, जबकि इसके बाद से उत्तराखंड को केंद्र से एक लाख 87 हजार करोड़ रुपए मिल चुके हैं, इसके अलावा केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में हजारों करोड़ रुपए की ऑलवेदर रोड, दिल्ली-देहरादून इकानॉमिक कॉरिडोर, रेल, सड़क और परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है। कहा कि वर्ष 2014 में उत्तराखंड की प्रति व्यक्ति आय 1,80,000 रुपए थी, जबकि अब यह बढ़कर 2,74,000 रुपए हो गई है। उत्तराखंड की जीएसडीपी 2,22,000 करोड़ रुपए थी जो बढ़कर 3,82,000 करोड़ रुपए हो चुकी है।

### नागरिकता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए

आयोजन के दौरान पाकिस्तान, अफगानिस्तान से आए 162 शरणार्थियों को भारत की नागरिकता के प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इनमें पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित सिद्धपीठ हिंगलाज माता मंदिर के पुजारी परिवार से जुड़े शैलेश, भट्टाग्राम, पाकिस्तान से आए जसपाल कुमार, कराची, पाकिस्तान में महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न से तंग आकर भारत आने वालीं दुर्गानाथ टी. राजपूत और अफगानिस्तान से आईं हंसेरी बाई को मंच पर नागरिकता का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

### नवनियुक्त आरक्षियों को मिले नियुक्ति पत्र

इस मौके पर गृहमंत्री ने उत्तराखंड पुलिस में नवनियुक्त आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए, जिनमें से अमन सिंह, आकाश, अभय चौहान, अर्जुन नाथ गोस्वामी, योगेश नाथ ने मंच से नियुक्ति पत्र प्राप्त किए।

### ई जीरो एफआईआर का शुभारंभ

इस मौके पर गृहमंत्री ने उत्तराखंड में ई जीरो एफआईआर प्रणाली का भी शुभारंभ किया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के अंतर्गत शुरू की जा रही ई-जीरो एफआईआर प्रणाली विशेष रूप से एक लाख से अधिक की वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की गई है। अब 1930 हेल्पलाइन या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें, देहरादून स्थित राज्य साइबर पुलिस स्टेशन में ई-जीरो एफआईआर के रूप में पंजीकृत होंगी और तत्पश्चात सीसीटीएनएस के माध्यम से संबंधित थाने को तत्काल प्रेषित की जाएंगी। इससे पुलिस को गोल्डन ऑवर में तुरंत कार्रवाई करने, साक्ष्य संकलन प्रारम्भ करने तथा संदिग्ध लेन-देन को फ्रीज़ करने में सहायता मिलेगी, जिससे ठगे गए धन की अधिक से अधिक रिकवरी की संभावना बढ़ेगी।

### भीड़ ने किया गृहमंत्री का स्वागत

कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मंच पर पहुंचने पर जोरदार नारेबाजी के साथ स्वागत किया। आयोजन में महिलों और युवाओं की विशेष उपस्थिति रही, पूरे प्रदेश भर से लोग आयोजन के लिए हरिद्वार पहुंचे। उत्साहित जनसमुदाय की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने विस्तार से अपनी बात रखी। पूरा कार्यक्रम बेहद अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। केंद्रीय गृहमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत, जनसमुदाय से 'भारत माता की जय' का नारा लगाने के साथ की।

### नूतन न्याय संहिता पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

गृहमंत्री ने बैरागी कैम्प में उत्तराखंड सरकार द्वारा 'नूतन न्याय संहिता' विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी भारत सरकार द्वारा लागू किए गए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य के साथ ही आम नागरिकों, अधिवक्ताओं, पुलिस व अभियोजन अधिकारियों सहित सभी हितधारकों को आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली से अवगत कराने के लिए उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष हिरासत में

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** काले कपड़े पहनकर हाथों में नारे लिखी तख्ती लेकर सहयोगियों के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष विरोध प्रदर्शन करने जा रहीं उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला शनिवार को पुलिस से बचकर दौड़ लगाने के प्रयास में सड़क पर गिरकर चोटिल हो गईं। इसका वीडियो भी वायरल हो गया।

दरअसल, ऋषिकेश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने जा रही महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, ज़िलाध्यक्ष अंशुल त्यागी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने शनिवार सुबह नेपाली फार्म क्षेत्र में रोक लिया। इस बीच ज्योति ने सड़क पर दौड़ लगा दी। इस दौरान एक पुलिसकर्मी से टकराकर वे सड़क पर जा गिरीं। उनकी कोहनी और पैर में हल्की चोट आई जबकि कुछ समय तक उन्हें चक्कर आते रहे। मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने उनकी मदद करते हुए उन्हें तुरंत उठाकर गाड़ी में बैठाने की कोशिश की लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं हुईं।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष रौतेला ने आरोप लगाया कि वह गृह मंत्री के समक्ष राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुद्दा रखना चाहती थीं लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। कहा कि, पुलिस उन्हें जबरन ऋषिकेश कोतवाली ले गई।



महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला को ऋषिकेश कोतवाली ले जाते पुलिसकर्मी।

## प्रदर्शनी से बयां हो रही विकास गाथा

**देहरादूनः** केंद्रीय गृह मंत्री ने बैरागी कैम्प में उत्तराखंड सरकार की विकास परख उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करने के साथ अलग अलग स्टॉल पर जाकर विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

यह प्रदर्शनी मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा बीते चार वर्षों में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों पर आधारित है। इसमें बुनियादी ढांचे का विकास, सड़क एवं संपर्क मार्गों का सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन विकास, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा सीमांत क्षेत्रों के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को प्रमुखता से दर्शाया गया है।

# टोली बैठक में शाह ने दिया जीत का मंत्र

मुख्य संवाददाता, हरिद्वार

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शनिवार को हरिद्वार में भाजपा की प्रदेश टोली बैठक में चुनावी दृष्टि से कार्यकर्ताओं की संतुष्टि और संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा हुई। आगामी चुनाव के दृष्टिगत शाह ने प्रदेश नेतृत्व को जीत का मंत्र दिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के अनुसार, चुनावी वर्ष को देखते हुए केंद्रीय मंत्री शाह का प्रमुख रूप से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है जिसमें उनके द्वारा सभी लोगों को कार्यकर्ताओं की संतुष्टि और संगठन विस्तार पर जोर देने की बात कही ताकि कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता की समस्याओं को टारगेट कर उसका निवारण किया जाए। बैठक में एसआईआर की प्रक्रिया से लेकर बूथ स्तर पर कैसे सफलता के लक्ष्य को प्राप्त किया जाए, इस पर विस्तार से चर्चा हुई। तय हुआ कि सभी सांसद व विधायक 2027 चुनाव की दृष्टि से कार्यकर्ताओं और जनता के बीच जाएं। उनके जनसामान्य के मुद्दों और व्यक्तिगत समस्याओं को सुनें और उसके निवारण का प्रयास करें। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के साथ उनके सभी कैबिनेट सहयोगी मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, केंद्रीय मंत्री एवं अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा, पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, हरिद्वार सांसद व पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत, विजय बहुगुणा, सांसद एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी, सांसद एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, सांसद अजय भट्ट, महारानी माला राज्यलक्ष्मी, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, तरुण बंसल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के साथ ही भाजपा के सातों मोर्चों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।




भाजपा की टोली बैठक में मौजूद गृह मंत्री अमित शाह, सीएम धामी एवं अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

हैट्रिक की तैयारी

कांग्रेस को चौतरफा घेरा, भाजपा से तुलना कर जनता पर ही छोड़ा फैसला

# मुद्दों पर की बात, उत्तराखंड में शाह का चुनावी शंखनाद

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैंप से 2027 के विधानसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया। उन्होंने अपने भाषण में कई मुद्दों पर कांग्रेस को चौतरफा घेरा तो भाजपा से तुलना कर आगामी चुनाव में फैसला जनता पर ही छोड़ दिया।

शाह ने केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार से लेकर उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों, विकास कार्यों और उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया। राज्य में सुशासन का मुद्दा उठाते हुए शाह बोले कि, उत्तराखंड के 1900 युवाओं को पुलिस कांस्टेबल की नौकरी मिली है। उन्होंने मंच से ही इन युवाओं से सवाल किया कि अगर विपक्षी पार्टी की सरकार होती तो क्या उन्हें यह नौकरी मिल पाती? शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी की सरकार होती तो नौकरी के लिए पर्ची भी चाहिए होती और खर्ची भी लगती लेकिन अब इनकी कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने सीएए पर भी बोला कि, मोदी सरकार के सीएए कानून से आज उत्तराखंड में पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए 162 लोगों को नागरिकता दी गई, यह धार्मिक प्रताड़ना के शिकार हर शरणार्थी को नागरिकता देने के हमारे संकल्प का प्रतीक है। कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं को जितना विरोध करना है कर लें, हम धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यक शरणार्थियों को नागरिकता देकर रहेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मंच से फिर भ्रष्टाचार पर हमला बोलते कहा कि, विपक्षी पार्टी की सरकार के समय भ्रष्टाचार के ढेरों आरोप लगे। स्टिंग प्रकरण, दलितों की छात्रवृत्ति का घोटाला, कमीशन एजेंटों से भरा हुआ सेक्रेटेरिएट, शराब नीति का स्टिंग कांड, कुमाऊं खाद्यान्न घोटाला जैसे कई आरोप लगे। उन्होंने दावा किया कि, उत्तराखंड में 9 साल से हमारी सरकार है, लेकिन हमारे विरोधी भी हमारी सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सकते।



### ...ऐसी पार्टी देवभूमि का विकास नहीं कर सकती

शाह ने कहा कि एक ओर भ्रष्टाचार करने वाली, अव्यवस्था फैलाने वाली और उत्तराखंड के निर्माण का विरोध करने वाली विपक्षी पार्टी है और दूसरी तरफ चार धाम के प्रति अनन्य श्रद्धा से चारधाम यात्रियों की संख्या में तीन गुना वृद्धि करने वाली, उत्तराखंड के हर कस्बे को रोड से जोड़ने का प्रयास करने वाली, युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची नौकरी देने वाली, कॉमन सिविल कोड लाने वाली, सीएए के माध्यम से नागरिकता देने वाली और घुसपैठियों को चुन-चुन कर निकालने का संकल्प लेने वाली सरकार है। कहा कि उत्तराखंड की जनता को इन विषयों पर दो पार्टियों में से किसी एक का चयन करना है। शाह ने दावा किया कि विपक्षी पार्टी अपने नेता के नेतृत्व में पूर्णतया बिखर चुकी है। उन्होंने संसद में चर्चा करने की जगह हो-हल्ला कर संसद न चलने देने की नीति अपनाई। ऐसी पार्टी देवभूमि का विकास नहीं कर सकती।

# जनता के मुद्दों पर हो विचार: आर्य

वरिष्ठ संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** धामी सरकार के चार साल पूरे होने पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रदेश सरकार से गंभीर सवाल किए हैं। उन्होंने कथित तौर पर पलायन, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, रोजगार, अनियोजित पर्यटन, कानून व्यवस्था तथा आपदा के साथ दूरस्थ क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सवाल उठाए हैं।



यशपाल आर्य, नेता प्रतिपक्ष।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्तराखंड आए हैं। लोकतंत्र में सरकारों द्वारा अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के सामने रखना और उनका उत्सव मनाना स्वाभाविक है लेकिन जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार किया जाना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड इस समय कई महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों से लगातार हो रहा पलायन गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। गांव खाली होते जा रहे हैं। महिला सुरक्षा बड़ी चुनौती रही है। पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, अस्पतालों में संसाधनों का अभाव और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित उपलब्धता आज भी बड़ी समस्या बनी हुई है। प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी भी एक बड़ा सवाल है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उत्तराखंड आपदा के लिहाज से संवेदनशील राज्य है और हर वर्ष प्राकृतिक आपदाएं बड़ी चुनौती बनकर सामने आती हैं। किसानों की आर्थिक स्थिति भी चिंता का विषय है। दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क, बिजली और इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति भी महत्वपूर्ण मुद्दा है। कई गांव आज भी इन सुविधाओं से वंचित हैं। पर्यटन उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है लेकिन कई पर्यटन स्थलों पर अव्यवस्थित विकास, स्थानीय लोगों को अपेक्षित आर्थिक लाभ न मिलना भी चिंता का विषय है। भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता सवालों में रही है। आर्य ने कहा कि सरकार के लिए यह अवसर केवल उत्सव का नहीं बल्कि आत्ममंथन और जवाबदेही का भी होना चाहिए।

## सिटी ब्रीफ

### रामड़ी जसुवा में चौथे दिन पेयजल आपूर्ति बहाल

**हल्द्वानी :** रामड़ी जसुवा क्षेत्र में बिजली कट-आउट क्षतिग्रस्त होने से पिछले चार दिनों से ठप पानी की आपूर्ति शनिवार को शुरू हो गई। होली के दौरान कुछ हुड़दंगियों द्वारा विद्युत कट-आउट तोड़ देने से नलकूप ठप हो गया था, जिससे दो हजार से अधिक लोग पानी को तरस गए थे। जल निगम के कनिष्ठ अभियंता फरहान अंसारी ने बताया कि शनिवार को विद्युत कट-आउट की मरम्मत का काम पूरा कर पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। इससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस की है।

### भारत विकास परिषद का वार्षिक चुनाव सम्पन्न

**हल्द्वानी :** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से होली मिलन व वार्षिक चुनाव कार्यक्रम शुक्रवार को रामपुर रोड में आयोजित किया गया। चुनाव प्रांतीय अध्यक्ष विनय खुल्लर और प्रांतीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा के निर्देशन में संपन्न हुआ। अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, क्षेत्रीय संयोजक संस्कार पाला मेहता सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### 18 को मनाएगी पहाड़ी स्वाभिमान दिवस

**हल्द्वानी :** पहाड़ी आर्मी ने अपनी मासिक बैठक में 18 मार्च को पहाड़ी स्वाभिमान दिवस मनाने की योजना बनाई। बैठक में संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि प्रदेश में पहाड़ी लोगों की स्थिति बिगड़ती जा रही है और स्थानीय भाषा, संस्कृति व त्यौहारों के संरक्षण पर सरकारें ठोस कदम नहीं उठा रही हैं। बैठक में तय हुआ कि इस दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल, महिला जिलाध्यक्ष प्रेमा मेर, नगर अध्यक्ष कविता जीना, संजय आर्य, प्रेम प्रकाश मेहता आदि मौजूद रहे।

### दो बच्चों को छोड़कर मां गायब, तलाश में पुलिस

**हल्द्वानी :** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला दो बच्चों को छोड़कर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पति ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि वह यहां पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। बीती 28 जनवरी को उसके पत्नी बच्चों से यह कहकर निकली थी कि कुछ देर में सामान लेकर लौट आएगी, लेकिन घर नहीं लौटी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि महिला की तलाश शुरू कर दी गई है।

### भीमताल ब्लॉक में सबसे अधिक 26 प्राथमिक स्कूल हुए बंद, निजी स्कूलों की ओर बढ़ता रुझान बड़ा कारण

# घटती छात्र संख्या चिंताजनक, 55 स्कूलों पर लगा ताला

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में सरकारी प्राथमिक शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जो अब चिंता का विषय बनता जा रहा है। हालात यह हैं कि जिले के रामगढ़ ब्लॉक को छोड़कर अन्य ब्लॉक में एक भी नया प्राथमिक विद्यालय नहीं खुल पाया है, जबकि कम होती छात्र संख्या के कारण कई स्कूलों को बंद करना पड़ा है।

आरटीई से मिले शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार विद्यार्थियों की संख्या में लगातार गिरावट के चलते जिले के कई सरकारी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों पर ताला लग चुका है। सबसे अधिक प्रभावित



भीमताल ब्लॉक रहा है, जहां 26 प्राथमिक स्कूलों को कम छात्र संख्या के कारण बंद करना पड़ा। इसके अलावा रामगढ़ ब्लॉक में 10, कोटाबाग में 7, हल्द्वानी में 4 व रामनगर में 2 और धारी ब्लॉक में 6 स्कूल अब तक बंद किए जा चुके हैं। जिले के कई अन्य सरकारी स्कूलों में भी छात्र संख्या लगातार घटती जा रही है, जिससे भविष्य में और स्कूलों के बंद होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारों का मानना है कि निजी स्कूलों की बढ़ती संख्या, बेहतर सुविधाओं की तलाश और ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन इसके प्रमुख कारण बन रहे हैं। वहीं, अभिभावक भी अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए निजी संस्थानों की ओर भेजना ज्यादा उचित समझ रहे हैं। धारी ब्लॉक में एक भी नया स्कूल नहीं खोला गया। जबकि राजकीय प्राथमिक विद्यालय महतोलियागांव, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोकिलवना, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गैराखाना, राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौखुटा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मज्यूली और राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय जलना नीलपहाड़ी बंद हो गए हैं।

#### तीन नए स्कूल खुले, दो खुलने के बाद फिर बंद

रामगढ़ ब्लॉक में राज्य स्थापना के बाद तीन नए स्कूल खुले जिनमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय धूरा व राजकीय प्राथमिक विद्यालय तरैना की स्थापना 2007 और राजकीय प्राथमिक विद्यालय करखोली की स्थापना 2008 में हुई। जबकि ब्लॉक के दो स्कूल राजकीय प्राथमिक विद्यालय तल्ली सिनोली और राजकीय प्राथमिक विद्यालय खैरदा खुलने के बाद बंद हो गए।

#### शिक्षक भी नहीं हैं पर्याप्त

जिले में आरटीई के मानकों के अनुसार प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों के 2069 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 1785 शिक्षक वर्तमान में कार्यरत हैं। इसी तरह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 635 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 585 शिक्षक कार्यरत हैं।

# मैपिंग के लिए 26 मतदान केंद्रों पर लगाए विशेष कैंप

- प्री-एसआईआर में वर्ष 2003 की मतदाता सूचियां के साथ की जा रही है मैपिंग
- 79 प्रतिशत वोटरों की मैपिंग पूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से पूर्व प्री-एसआईआर में मतदाता सूचियों का वर्ष 2003 की मतदाता सूचियां के साथ मैपिंग की जा रही है।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि हल्द्वानी विधानसभा के 79 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। इस मैपिंग में प्रगति लाने के लिए हल्द्वानी विधानसभा सीट के मतदान केंद्रों पर रोस्टर जारी करते हुए 3 दिन कैंप लगाए जाने के आदेश दिए गए थे। इसी क्रम में 6 मार्च को 19 तथा 7 मार्च को 7 मतदान केंद्रों में विशेष कैंप लगाए जा चुके हैं। मैपिंग के अनुश्रवण/ जांच के लिए तहसीलदार कुलदीप पांडे, सहायक नगर आयुक्त गजेंद्र सैनी, नायब तहसीलदार भोपाल सिंह मटियानी को निर्देश दिए थे। इन सभी ने मतदान केंद्रों में जाकर मैपिंग का निरीक्षण किया। सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी ने भी मतदान केंद्रों में जाकर मैपिंग की जांच की।

उन्होंने बीलएओ तथा सुपरवाइजरों को निर्देशित करने के साथ ही मैपिंग से छूट गए मतदाताओं से इन कैंपों का लाभ उठाने और बीएलओ को मैपिंग में सहयोग की अपील की।

# दुष्कर्म की कोशिश करने वाला टैक्सी चालक गिरफ्तार

### दिल्ली निवासी महिला पर्यटक की बहादुरी से नाकाम हुआ टैक्सी चालक, 10 घंटे के भीतर पुलिस ने दबोचा, भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दिल्ली से देहरादून होते हुए नैनीताल टूर पर निकली दिल्ली की महिला पर्यटक के साथ दरिंगदी करने वाला टैक्सी ड्राइवर ज्यादा देर तक पुलिस से बच नहीं सका। पुलिस ने महज 10 घंटे के भीतर ही आरोपी को धर दबोचा। आरोपी ग्रेजुएट है और किराए की टैक्सी चलाता था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

शनिवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बीती 5 मार्च को दिल्ली की एक महिला पर्यटक देहरादून से होते हुए बस से हल्द्वानी पहुंची। हल्द्वानी पहुंचते-पहुंचते काफी रात हो गई थी। हल्द्वानी से ऑटो के जरिये वह काठगोदाम पहुंची और यहां से एक टैक्सी नैनीताल के लिए बुक की। टैक्सी में सवार होते ही महिला ने काठगोदाम-नैनीताल रूट गूगल मैप पर ऑन कर लिया। रात करीब डेढ़ बजे वल्दियाखान के पास टैक्सी चालक ने टैक्सी को नैनीताल ले जाने के बजाय पटवाडांगर की सुनसान सड़क पर मोड़ दिया। महिला ने मैप देखा तो पता लगा कि चालक गलत दिशा में जा रहा है। महिला ने विरोध किया तो चालक ने कार को सुनसान रास्ते पर रोक लिया और ड्राइविंग सीट से उतरकर पिछली सीट पर बैठी महिला के पास पहुंच गया। उसने महिला से जोर-जबरदस्ती शुरू कर दी। एसएसपी के मुताबिक, महिला ने टैक्सी ड्राइवर से संघर्ष किया। उसे एक जोरदार लात मारी, जिससे वह कार से नीचे गिर गया। मौका पाकर महिला टैक्सी से निकल भागी और अंधेरे का फायदा उठाते हुए पत्थरों की आड़ में छिप गई। भोर होने पर स्थानीय महिला ने उसे देखा और मदद की। जिसके बाद सूचना पुलिस तक पहुंची। आनन-फानन में पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया, उसकी काउंसिलिंग कराई और आरोपी की तलाश में टीमें लग गईं। पता लगा जिस कार में वारदात को अंजाम देने की कोशिश की गई, उसमें जीपीएस लगा है। पुलिस ने जीपीएस की मदद से आरोपी को ट्रेस किया और उसे पाइंस-भवाली रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान गुजरौड़ा फतेहपुर थाना मुखानी निवासी दीपक सिंह बोरा (39 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने कार के साथ पीड़िता से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। आरोपी एमबीपीजी कॉलेज से बीए की पढ़ाई कर चुका है और उसके पिता सेवानिवृत्त फौजी हैं।

पुलिस टीम में तल्लीताल थानाध्यक्ष मनोज सिंह नयाल, एसआई सतीश उपाध्याय, बबीता, एएसआई सुनील कुमार, कांस्टेबल बृजमोहन व परमजीत सिंह थे। एसएसपी ने चेताया है कि नैनीताल में पर्यटकों व आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



दिल्ली की महिला पर्यटक से हुई अभद्रता का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी, पीछे गिरफ्तार टैक्सी चालक। ● अमृत विचार

#### कार मालिक पर भी होगी कार्रवाई

एसएसपी ने बताया कि कब्जे में ली गई कार अनिकेत जायसवाल के नाम पर दर्ज है। अनिकेत पेशे से शिक्षक हैं और दो टैक्सी वाहनों के मालिक हैं। अनिकेत ने आरोपी को कार देने से पहले उसका पुलिस सत्यापन नहीं कराया था और ना ही दीपक टैक्सी यूनियन का सदस्य है। ऐसे में अनिकेत के टैक्सी नंबर के वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने के लिए आरटीओ को लिखा जाएगा। साथ ही यह भी हिदायत है कि कार उन्हीं चालकों को किराए पर दी जाए, जो स्थानीय हों और टैक्सी यूनियन के सदस्य हों।

#### फास्ट ट्रैक कोर्ट की करेंगे अपील

**हल्द्वानी :** एसएसपी ने बताया कि मामले की जल्द से जल्द सुनवाई के लिए पुलिस फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई के लिए अपील करेगी। उन्होंने घटना स्थल की वीडियोग्राफी कराई है। घटना स्थल पर युवती का भागते वक्त छूटा एक चप्पल भी मिला है। इसके अलावा फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से सभी वैज्ञानिक साक्ष्य भी जुटाए हैं। पता चला है कि आरोपी पर वर्ष 2021 में एक्साइज एक्ट के तहत एक मुकदमा भी दर्ज है।

#### मानसिक दिव्यांग युवती के घर घुसा ऑटो चालक अरेस्ट

**हल्द्वानी :** नवाबी रोड स्थित आनंदपुरी में एक मानसिक दिव्यांग युवती से दुष्कर्म की कोशिश करने वाले ऑटो चालक को हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि गुरुवार देर रात कॉलोनी के लोगों ने एक युवक को युवती के घर के अंदर संदिग्ध हालत में देखा तो उसे पकड़ कर सूचना पुलिस को दी। शुक्रवार को वार्ड-11 के पार्षद रवि जोशी के साथ कई महिलाएं कोतवाली पहुंचीं। बताया कि युवती मानसिक रूप से कमजोर है और कॉलोनी में अकेली रहती है। उसके माता-पिता का कई वर्ष पहले निधन हो चुका है। मामले में नयागांव कालाढूंगी निवासी करन आर्या को गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### टैक्सी चालकों का हो सत्यापन, बनाए जाएं आईडी कार्ड: महासंघ

**हल्द्वानी :** कुमाऊं टैक्सी महासंघ ने प्रदेश की जनता से अपील की है कि टैक्सी में यात्रा करते समय सतर्कता बरतें। गुरुवार रात नैनीताल जा रही युवती के साथ टैक्सी चालक द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास करने के मामले में महासंघ ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति, विशेषकर महिलाएं दिन या रात में अकेले यात्रा कर रही हों, तो जिस वाहन में बैठें उसका वाहन नंबर जरूर नोट करें। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि जिन चालकों के पास आई-कार्ड नहीं हैं, उनका पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए।

इसके लिए प्रत्येक यूनियन में कैंप लगाकर सभी चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाना चाहिए। महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार भट्ट ने बताया कि कुमाऊं क्षेत्र में टैक्सी चालकों को यूनियन की ओर से आई-कार्ड जारी किए गए हैं।

उपाध्यक्ष ने कहा कि यात्रियों को वाहन में बैठने से पहले चालक का आई-कार्ड जरूर देखना चाहिए। साथ ही उसका फोटो लेकर अपने परिवार के सदस्यों के साथ शेयर करना चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जानकारी उपलब्ध रहे।

# भीमताल में मादा तेंदुए का शव मिला

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल में जहां तेंदुए का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, ऐसे में तड़के मिनी स्टेडियम के समीप नाले में एक मादा तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, सुबह टहलने निकले स्थानीय निवासी शुभम नैनवाल व अन्य लोगों ने जब मिनी स्टेडियम से गुजरते हुए नाले की ओर देखा तो वहां तेंदुए का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी।

तेंदुए का शव मिलने की खबर जैसे ही शहर में फैली, उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इधर वन विभाग ने तुरंत अपना वाहन भेजकर तेंदुए के शव को रेस्क्यू सेंटर रानीबाग भिजवा दिया। वन क्षेत्र अधिकारी विजय मलकानी ने बताया कि मादा तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट आने में कुछ दिनों का समय लग सकता है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जंगल में आपसी संघर्ष के बाद उसकी मौत हुई होगी। हालांकि उन्होंने इस संभावना से भी इनकार नहीं किया कि किसी ने उसे जहर दिया हो या किसी अन्य कारण से उसकी मौत हुई हो। मालूम हो कि भीमताल के इसी क्षेत्र में काफी समय से तेंदुए की मौजूदगी दर्ज की जा रही थी।

2 फरवरी को एक महिला को निवाला बनाने के बाद वन विभाग ने एक तेंदुए को पिंजरे में कैद करने में सफलता हासिल की थी। इसके बावजूद लगातार तेंदुओं की मौजूदगी की खबरें सामने आ रही हैं। तीन दिन पहले जॉन्स स्टेट क्षेत्र में जंगल के पास स्थित एक रिसॉर्ट के कमरे के बाहर तेंदुए के पेड़ पर चढ़ने का वीडियो वायरल हुआ था। वहीं शुक्रवार को दिन में तेंदुआ बायपास रोड पर एक प्राथमिक विद्यालय के पास भी देखा गया था।



मृत मादा तेंदुआ। ● अमृत विचार

> मादा तेंदुए का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है, जिसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रथम दृष्टया मामला आपसी संघर्ष का लग रहा है, लेकिन जहर दिए जाने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।
> **-विजय मलकानी**, वन क्षेत्र अधिकारी

# काठगोदाम-ठाकुरनगर के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मतुआ समाज मेले के मौके पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ और सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने काठगोदाम और ठाकुरनगर (पश्चिम बंगाल) के बीच एक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन एक फेरे के लिए चलाई जाएगी, जिससे प्रदेश के साथ ही उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

रेलवे के अनुसार काठगोदाम-ठाकुरनगर विशेष गाड़ी 15 मार्च से चलाई जाएगी। यह ट्रेन काठगोदाम से सुबह 10 बजे चलेगी। यह हल्द्वानी, लालकुआं, किच्छा, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, लखनऊ जंक्शन और गोरखपुर जंक्शन होते हुए अगले दिन दोपहर 2:10 बजे छपरा पहुंचेगी। इसके बाद यह बरौनी जंक्शन, कटिहार जंक्शन, कुमेदपुर जंक्शन, एकलाखी, मालदा टाउन, पाकुड़, रामपुरहाट, साईंथिया, बोलपुर शांतिनिकेतन, वर्धमान, बैण्डेल, नैहाटी जंक्शन व दमदम जंक्शन से होते हुए रात 8:40 बजे ठाकुरनगर पहुंचेगी। वापसी में यह विशेष ट्रेन 18 मार्च को ठाकुरनगर से प्रातः 10:20 बजे चलेगी। यह ट्रेन दमदम जंक्शन, बैण्डेल, वर्धमान, बोलपुर शांतिनिकेतन, साईंथिया, रामपुरहाट, बरौनी जंक्शन लखनऊ जंक्शन, बरेली जंक्शन, किच्छा, लालकुआं, हल्द्वानी होते हुए रात 11:30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से कार सवार घायल

- गन्ना सेंटर के पास हुआ भीषण हादसा, स्कॉर्पिया चालक फरार
- कार सवार ने दी तहरीर, बोला सौ की रफ्तार में थी स्कॉर्पियो

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रामपुर रोड पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां सड़क किनारे खड़ी कार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में कार में बैठे दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गौजाजाली उत्तर निवासी फैज ने बताया कि श्रीराम इंश्योरेंस में ब्रांच मैनेजर हैं। शनिवार को वह अपने एक दोस्त गौरव महतोलिया के साथ रुद्रपुर गए थे। वापसी में उन्होंने गन्ना सेंटर के पास एक दोस्त के फार्म हाउस के बाहर कार खड़ी की। वह कार में ही बैठे थे कि तभी रुद्रपुर की ओर से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कार में पीछे टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार फैज और गौरव को मामूली चोट आई है। जबकि स्कॉर्पियो सवार मौके से फरार हो गया। फैज का कहना है कि स्कॉर्पियो सवार के गल्ले में सर्वाइकल में बांधने वाला पट्टा था, इसका मतलब वह वाहन चलाने की स्थिति में नहीं था। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।





रामपुर रोड में टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त स्कार्पियों तथा ब्रेजा कार।

## मिलेगी राहत

### लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग से मिलेगी राहत, बारिश और तूफान में भी सुचारू रहेगी बिजली आपूर्ति

# 43 किमी में बिछेगी एबीसी केबल, बिजली चोरी रुकेगी

- ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज, बार बार ट्रिपिंग से मिलेगी रहत
- करंट लगने से होने वाले हादसों में भी आएगी कमी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्रों में अब उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और बिजली चोरी जैसी समस्याओं से राहत मिलने जा रही है। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ग्रामीण डिवीजन की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में एरियल बंच केबल (एबीसी लाइन) बिछाने का कार्य तेजी से जारी है।

इस परियोजना के तहत कुल 43 किलोमीटर लंबाई तक एबीसी लाइन बिछाई जानी है, जिसमें से अब तक लगभग 15 किलोमीटर काम पूरा किया जा चुका है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार एबीसी केबल न सिर्फ बिजली की आपूर्ति को अधिक सुरक्षित बनाएगी, बल्कि पुराने ओवरहेड तारों की तुलना में यह तकनीक अधिक टिकाऊ और सुरक्षित है। एबीसी केबल एक आधुनिक तकनीक है जिसमें इंसुलेटेड तारों का उपयोग होता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इससे बिजली चोरी नामुमकिन हो जाती है, साथ ही करंट फैलने की संभावना भी बेहद कम हो जाती है। यह तकनीक विशेष रूप से उन क्षेत्रों में कारगर साबित हो रही है, जहां पहले खुले तारों की वजह से दुर्घटनाएं और लाइन फॉल्ट की घटनाएं आम थीं।



ऊर्जा निगम के पोल में लगी एरियल बंच केबल। (फाइल फोटो)

#### मौसम का असर नहीं सेवा होगी सुचार

**हल्द्वानी :** एबीसी लाइनें बारिश, आंधी और तूफान जैसे मौसमीय प्रभावों को पारंपरिक तारों की तुलना में बेहतर ढंग से झेल सकती हैं। इससे बारिश या तूफान के दौरान आपूर्ति बाधित होने की घटनाओं में कमी आएगी। ऊर्जा निगम के एसडीओ संजय कुमार चौहान ने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद ग्रामीण उपभोक्ताओं को स्थिर वोल्टेज, कम फॉल्ट और बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। साथ ही, लाइन लॉस में भी कमी आएगी, जिससे बिजली व्यवस्था आर्थिक रूप से भी मजबूत होगी।

#### इन क्षेत्रों में बिछाई जा रही एबीसी लाइन

**हल्द्वानी :** इस योजना के पहले चरण में नीलियम कॉलोनी, छड़ायल, कमलुवागांजा, पीलीकोठी और कुसुमखेड़ा में एबीसी लाइन बिछाई जा रही है। इसके बाद अगले चरण में लगभग 20 किलोमीटर क्षेत्रफल में दमुवादूंगा, धौलाखेड़ा और लालकुंआ को कवर किया जाएगा।

### चंदन अस्पताल के खिलाफ जांच शुरू

**हल्द्वानी :** डीएम ललित मोहन रयाल ने चंदन अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीजों व तीमारदारों से अवैध वसूली, चिकित्सा में लापरवाही व कुप्रबंधन को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति में एडीएम (प्रशासन) को अध्यक्ष, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को सदस्य नामित किया है।

नामित सदस्यों को चंदन अस्पताल में मरीजों से ली जाने वाली फीस और निर्धारित स्वास्थ्य मानकों की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में एडीएम प्रशासन विवेक राय ने कहा कि चंदन अस्पताल के उपरोक्त कृत्यों के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों से अपील है कि वे सात दिनों के अन्दर बयान व साक्ष्य जांच समिति के किसी भी अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# चोरों ने घर का ताला तोड़ लाखों का माल उड़ाया

- बंद मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवर और नगदी पार
- मुखानी थानाक्षेत्र के गौड़धड़ा बिठौरिया की घटना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर में ताला लगाकर होली मनाने गांव गए परिवार को लाखों रुपए की चपत लग गई। चोरों ने बंद घर का ताला तोड़ कर लाखों के जेवर और हजारों रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। मामले का पता तब लगा, जब मकान मालिक अपने पैतृक गांव से घर पहुंचा। पीड़ित ने मुखानी पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

आदर्श कॉलोनी गौड़धड़ा बिठौरिया नंबर-1 निवासी हेम चंद लोहनी बीते 2 मार्च को अपने परिवार के साथ पैतृक गांव थापला, ताकुला जिला अल्मोड़ा होली मनाने गए थे। 5 मार्च को जब वह वापस घर लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर पहुंचे तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने फौरन घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हेमचंद के मुताबिक, चोर घर में रखे सोने के जेवरात, दो तोले की मटरमाला, डेढ़ तोले की पाइपमाला, नथ, मांग टीका, दो तोले की पौंची, झुमके, दो तोले का हार और करीब 7 हजार रुपये नकदी ले गए हैं। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## ठेकेदार पर मेहनताना न देने का आरोप

**नैनीतालः** नेपाल निवासी कुछ मजदूरों ने स्थानीय एक ठेकेदार पर मेहनताना न देने का आरोप लगाया है। पीड़ित मजदूरों ने नैनीताल पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में तल्लीताल थाना प्रभारी मनोज नयाल ने बताया कि नेपाल के महेंद्रनगर निवासी मजदूर सरस्वती और तुलसी शनिवार ने तल्लीताल थाने में दी तहरीर में बताया कि वे करीब एक साल से स्थानीय एक ठेकेदार के साथ काम कर रहे हैं।

इस बीच उन्हें नेपाल जाना था, लेकिन ठेकेदार उनके और अन्य साथी मजदूरों के करीब 60 हजार रुपये नहीं दे रहा है। जिससे उन्हें समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तल्लीताल थाना प्रभारी नयाल ने बताया कि ठेकेदार को थाने में बुलाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सरोवर नगरी में पिछले पांच दिनों से छा रही धुंध के पीछे का एक बड़ा कारण मौसम के स्वरूप में बदलाव माना जा रहा है

# नैनीताल में पहले कभी नहीं देखा गया वसंत के साथ धुंध का रिश्ता

संवाददाता, नैनीताल


नैनीताल में शनिवार को छाई धुंध। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मार्च की शुरुवात वसंत ऋतु के खिले हुए साफ सुथरा सुहावने मौसम के साथ होती है। मगर इस बार नैनीताल के हालात धुंध में बदल चले हैं। पिछले पांच दिन धुंध के बीच दिन बीत रहे हैं। मौसम के जानकारों का कहना है कि मौसम पैटर्न में बदलाव के साथ तापमान में असमानता और जलवायु में परिवर्तन इसकी मुख्य वजह हैं।

नगर में मार्च के पहले दो दिन साफ सुथरा खिले रहे, इसके बाद के तीन दिन दोपहर से शाम धुंध के हवाले रहा और पिछले दो दिन सुबह से शाम तक नगर बुरी तरह से धुंध की गिरफ्त में है। वसंत में मौसम का यह मिजाज हैरान करने वाला है। पहले कभी इस तरह का धुंधलाया मौसम नहीं देखा गया था। इसके पीछे कई कारण है। एक बड़ा कारण मौसम के पैटर्न में बदलाव आया है। विगत कुछ वर्षों से देखा गया है कि ऋतुएं आगे पीछे खिसक रही हैं। सर्दी के दिन लगभग 15 दिन आगे खिसक चुके हैं। मानसून जल्द आने लगा है तो तापमान में असमानता भी इसका प्रमुख कारण है। इस बार तापमान में जल्द उछाल आया है। नैनीताल में मार्च का महीना सामान्य रूप से वसंत ऋतु की शुरुआत का होता है और औसत तापमान 10 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, जो इस बार 12 से 24 के बीच जाने लगा है। इधर नगर के समीपवर्ती क्षेत्र खुरपाताल, ज्योलिकोट, दोगांव और गेठिया जैसे क्षेत्र अधिक नमी वाले है। तापमान बढ़ने के साथ इन क्षेत्रों की नमी ऊपर उठकर नैनीताल की ओर आने लगती है। जिस कारण धुंध का वातावरण बन जाता है। इधर जलवायु परिवर्तन का स्वरूप निरंतर बदल रहा है। इसकी जकड़ में समूचा मध्य हिमालय क्षेत्र आ चुका है। जिस कारण मौसम अनिश्चित होने लगा है। जिसे देख कर कहा नहीं जा सकता कि भविष्य का मौसम किस ओर करवट बदलेगा।

### दोपहर में सर्वाधिक प्रभाव रहेगा धुंध का

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र सिंह का कहना हैं कि दोपहर में तापमान बढ़ने के कारण धुंध में भी वृद्धि होने लगती है। मौसम का पैटर्न बदलना इसकी मुख्य वजह है। नैनीताल में पिछले 15 सालों में क्लाइमेट चेंज में तीव्रता रही है। इससे मौसम का पैटर्न पहले जैसा नहीं रहा और अनप्रेडिक्टेबल हो गया है। कभी सर्दी लंबी खिंच जाती है, तो कभी मार्च में भी सर्द हवाएं आवेग पर रहने रहती हैं। इस बार धुंध, यहां के मौसम में शामिल हो चुकी है। मौसम में अप्रत्याशित बदलावों की संभावना भविष्य में भी जारी रह सकती हैं।

# 15 मार्च तक शत-प्रतिशत धनराशि का व्यय सुनिश्चित करें अधिकारी

### सीडीओ अरविंद कुमार पाण्डे ने जिले में विकास कार्यों व बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की

संवाददाता, भीमताल


विकास भवन में समीक्षा करते मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास भवन भीमताल के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे ने विभिन्न विभागों द्वारा जिला, राज्य, केन्द्र और बाह्य सहायतित योजनाओं में प्राप्त धनराशि से किए गए कार्यों के साथ ही बीस सूत्रीय कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की।

जिले में विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के करीब होने के कारण सभी विभाग सुनिश्चित करें कि 15 मार्च तक सभी मदों में प्राप्त धनराशि शत-प्रतिशत व्यय हो जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्य पूर्ण होने के बाद समय पर भुगतान के साथ उपभोग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाए। सीडीओ ने कहा कि नैनीताल जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे, इसके लिए सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत धनराशि व्यय करने के साथ बीस सूत्रीय कार्यक्रम के सभी मदों में 'ए' श्रेणी प्राप्त की जाए। जिन विभागों में अभी भी धनराशि अवशेष है, वे हर हाल में 15 मार्च से पूर्व धनराशि व्यय करना सुनिश्चित करें।

बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विभागों ने अब तक बेहतर कार्य करते हुए अच्छी प्रगति हासिल की है, उसी तरह इस माह भी जनपद सभी मदों में 'ए' श्रेणी प्राप्त करे। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए और वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले लाभार्थियों के खातों में ऑनलाइन धनराशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत टीकाकरण पूरा करने तथा बाल विकास विभाग को महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े लक्ष्यों की शीघ्र पूर्ति करने के निर्देश भी दिए। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि जिन विभागों के पास लंबे समय से धनराशि पड़ी है और मार्च में भी खर्च नहीं हो पाती है, ऐसे विभागीय अधिकारियों से ब्याज सहित धनराशि वसूल की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी धन का पूर्ण सदुपयोग करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बैठक में सीएमओ डॉ. हरीश पंत, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. मुकेश सिंह नेगी, एपीडी चंदा फर्त्याल सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नैनीताल के गैरीखेत में बाघ का आतंक

**नैनीताल :** नैनीताल के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र गैरीखेत में बाघ की मौजूदगी की सूचना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हालांकि वन विभाग द्वारा क्षेत्र में लगाए गए ट्रैप कैमरों में अभी तक बाघ या कोई अन्य वन्यजीव कैद नहीं हो पाया है। इसके बावजूद विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है और ट्रैप कैमरों की लोकेशन बदली जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से गैरीखेत क्षेत्र में एक बाघिन घूमती हुई नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाघिन के साथ उसके दो शावक भी देखे गए हैं, जिससे गांव के आसपास के इलाकों में भय का माहौल बना हुआ है। लोगों ने बताया कि बाघिन की गतिविधियों के चलते शाम ढलते ही लोग घरों में रहने को मजबूर हो गए हैं और खेतों व जंगल की ओर जाने से भी परहेज कर रहे हैं। वन विभाग की टीम ने इलाके में दो ट्रैप कैमरे लगाए हैं। हालांकि तीन दिन बीत जाने के बाद भी कैमरों में किसी भी प्रकार का वन्यजीव कैद नहीं हो पाया है। वहीं गश्त के दौरान भी वन विभाग की टीम को बाघ या अन्य वन्यजीव के कोई ताजा साक्ष्य नहीं मिले हैं। वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि वन विभाग लगातार क्षेत्र की निगरानी कर रहा है। ग्रामीणों से भी सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में डीएसबी परिसर बना चैंपियन


वाद-विवाद प्रतियोगिता के दौरान सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** डीएसबी परिसर में शनिवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का विषय वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवा वर्ग के सुदृढ़ मानसिक स्वास्थ्य के विकास में सहायक है' रखा गया था। प्रतियोगिता में अर्णव, नकुल, मनोज, वाणी, प्रतीक, रेणु, रक्षित, सुनिष्ठ, नवराज और मुस्कान सहित विभिन्न प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। सर्वाधिक अंक हासिल कर डीएसबी परिसर ने चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि एचएनबी कॉलेज खटीमा को रनर-अप ट्रॉफी प्राप्त हुई। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अर्णव त्रिपाठी और नकुल देव साह का चयन दिल्ली में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों को व्यक्तित्व निर्माण और ज्ञान अर्जन के बेहतर अवसर प्रदान करती है। विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि मजबूत विचारों वाला युवा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयोजन सचिव डॉ. संतोष कुमार ने प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी। इस दौरान प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. संजय पंत और प्रो. ललित तिवारी को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. नीलू लोधियाल और डॉ. ललित शामिल रहे।

# घेराव को लेकर कांग्रेस ने किया मंथन

संवाददाता, रामनगर


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** 10 मार्च को गैरसैंण में आयोजित होने वाले विधानसभा सत्र के विरोध को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी को लेकर शनिवार को रामनगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ 10 मार्च को कांग्रेस गैरसैंण में होने वाले विधानसभा सत्र का घेराव कर अपना विरोध प्रकट करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें भागीदारी करेंगे।

इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, मालधन अध्यक्ष ओमप्रकाश, कांग्रेस नेता अनिल अग्रवाल, कांग्रेस जिला महामंत्री जावेद खान, सभासद मोहम्मद अजमल, कांग्रेस नेता नजाकत अली, युवा कांग्रेस नेता चांद खान, कांग्रेस नेता अफाक हुसैन, कांग्रेस नेत्री एडवोकेट दीप्ति भारद्वाज, सुमित तिवारी, अनीस आलम अंसारी, गिरधारी लाल, अनीश खान, महेश पांडे, वीरेंद्र लटवाल, लीलाधर जोशी, आनंद कड़ाकोटी और कुबेर कड़ाकोटी मौजूद रहे।

# विकसित भारत के लिए विज्ञान की भूमिका अहम

संवाददाता, भीमताल


संबोधित करते डीएसटी सचिव प्रो . करंदीकर।

**अमृत विचारः** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय करंदीकर का एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राफिक एरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) कमल घनशाला ने मुख्य अतिथि प्रो. करंदीकर का गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान किया। विश्वविद्यालय की ओर से सभी अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में प्रो. अभय करंदीकर ने पिछले एक दशक में भारत द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में की गई उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश में अनुसंधान गतिविधियों की गति तेज हुई है और यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अकादमिक शोध और उद्योग के लिए उपयोगी तकनीकों के विकास के बीच अभी भी अंतर है, जिसे पाटने के लिए अकादमिक संस्थानों और उद्योगों के बीच मजबूत सहयोग आवश्यक है। प्रो. करंदीकर ने राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन जैसी पहलों और गहन प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया।

उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की चर्चा करते हुए कहा कि देश के भविष्य को आकार देने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम का भी उल्लेख किया और बताया कि पिछले पांच वर्षों में देश में यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या 12 से बढ़कर लगभग 125 हो गई है, जिससे भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। यह वृद्धि उद्यमिता, तकनीकी विकास और सरकार की सहयोगी नीतियों के कारण संभव हुई है।

सत्र के दौरान प्रो. करंदीकर ने उपस्थित छात्रों और शोधार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए और राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के अंतर्गत प्रभावी शोध परियोजना प्रस्ताव तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उन्होंने स्पष्ट दृष्टिकोण, सुव्यवस्थित उद्देश्य और केंद्रित कार्यान्वयन को सफल शोध प्रस्ताव की आधारशिला बताया। साथ ही उन्होंने स्टार्टअप और नवाचार आधारित परियोजनाओं के लिए भारत सरकार की विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के अंत में भीमताल परिसर के निदेशक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और विश्वविद्यालय की शोध गतिविधियों को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें प्रो. करंदीकर के प्रधान निजी सचिव सुशील कुमार, डीएसटी सचिव के सलाहकार अनुज कुमार त्रिपाठी, सैंपिज सेमी और सांख्य लैब्स के सह-संस्थापक एवं सीईओ पराग नाइक, साथ ही गिरीश कुलकर्णी और आरके पाठक शामिल थे।

**कवायद** | स्थानीय लोगों को होने वाली परेशानियों को कम करने के लिए कई स्तरों पर बन रही योजना

# पर्यटन सीजन को लेकर पुलिस ने शुरू की तैयारी

● एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चन्द्र ने दी जानकारी

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचारः** नैनीताल में होली के बाद आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बढ़ती पर्यटकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और स्थानीय लोगों को होने वाली परेशानियों को कम करने के लिए कई स्तरों पर योजना बनाई जा रही है।

एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान शहर में यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है। इसे देखते हुए पुलिस द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में रैकी की जा रही है, ताकि अतिरिक्त और छोटे-छोटे पार्किंग स्थलों की पहचान की जा सके। इससे शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस बार पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ ट्रैफिक डायवर्जन रूटों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। पुलिस का प्रयास रहेगा कि शहर में आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को जाम जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके अलावा शहर में शटल सेवा संचालित करने की योजना भी तैयार की जा रही है।

शटल सेवा शुरू होने से पर्यटकों को पार्किंग स्थल से शहर के प्रमुख स्थानों तक आसानी से पहुंचने में मदद मिलेगी और वाहनों की संख्या भी कम होगी। एसपी ने बताया कि पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले होटल व्यवसायियों, टैक्सी यूनियनों, व्यापार मंडल और अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक भी की जाएगी। बैठक में सभी की राय लेकर यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने की रणनीति तैयार की जाएगी।

### नैनीताल और कैंची धाम में पुलिस सतर्क

एसपी डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि इस बार विशेष रूप से कैंची धाम और नैनीताल शहर पर फोकस किया जाएगा। दोनों स्थानों पर सीजन के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं, जिससे कई बार यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में छोटे-छोटे पार्किंग स्थल विकसित कर वाहनों को मुख्य शहर से पहले ही रोकने की योजना बनाई जा रही है। एसपी ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान पुलिस की अतिरिक्त तैनाती भी की जाएगी। प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों को तैनात किया जाएगा।

## महिला संबंधी कानूनों की दी जानकारी

**नैनीतालः** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में शनिवार को प्राधिकरण सचिव पारुल थपलियाल की ओर से डॉ. राजेंद्र प्रसाद लॉ इंस्टीट्यूट नैनीताल में महिला दिवस मनाया गया। सचिव ने महिला सशक्तिकरण के विषय में जागरूक करते हुए भ्रूण हत्या, सती प्रथा के बारे में बताया।

इसके अलावा बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005, भरण पोषण, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 की जानकारी भी दी गई। डॉ. कविता ने भी महिला सशक्तिकरण के विषय में जागरूक किया। यहां डॉ. सुरेश चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।



रक्तदान करते स्कूल के निदेशक शिशुपाल सिंह रावत। ● अमृत विचार

### ग्रीन फील्ड एकेडमी में रक्तदान शिविर आयोजित

**रामनगर :** ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पीरूमदारा (रामनगर) में जयदेवी जगत प्रकाश फाउंडेशन के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के प्रबंध तंत्र, विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। ग्रीन फील्ड एकेडमी के डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना था। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. कल्पना कुयाल, बृजेश हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अभिषेक अग्रवाल और डेंटल सर्जन डॉ. रोहित बंसल शामिल रहे। चिकित्सकों ने शिविर में आए लोगों की स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। रक्तदान करने वालों में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत, प्रधानाचार्य कंचन बिष्ट सहित करीब दो दर्जन लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया।

### सिटी ब्रीफ

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन पुरुषों का भी कर लें सम्मान,
जिनका कम नहीं होता स्वाभिमान,
फिर भी साल भर रखते हैं ध्यान,
कि बना रहे अपने समाज में
महिलाओं का मान-सम्मान।
**-बीना जोशी हर्षिता**, हल्द्वानी

### जिला खेल संघ का चुनाव आज

**नैनीताल :** जिला खेल संघ (डीएसए) की वार्षिक आम सभा और नई कार्यकारिणी का चुनाव आज रविवार को होगा। 50 यूनिट से जुड़े करीब 100 मतदाता महासचिव चुनेंगे। अन्य पदों पर महासचिव व सामान्य परिषद की सहमति से नियुक्ति की जाएगी।महासचिव पद के लिए मनोज जोशी, भुवन बिष्ट, नरेंद्र और आलोक चौधरी मैदान में हैं। संघ के चुनाव अंतिम बार फरवरी 2024 में कराए गए थे। चुनाव में स्कूल, कॉलेज, पॉलिटेक्निक और अन्य विभागों के दो-दो सदस्य मतदान करेंगे। संघ में जिलाधिकारी पदेन अध्यक्ष और पालिका अध्यक्ष पदेन उपाध्यक्ष होंगे। संघ से मिली जानकारी के अनुसार, आज रविवार को सुबह 11 बजे से चुनाव कराया जाएगा।

### राज्य आंदोलनकारी मंच के जिलाध्यक्ष बने राजेंद्र

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी ने राजेंद्र सिंह बिष्ट को जनपद नैनीताल का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन में निभाई गई सक्रिय भूमिका, प्रदेश हितों के लिए संघर्ष को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि बिष्ट अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद मंच की कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे, इसके साथ ही राज्य आंदोलनकारियों की विभिन्न मांगों व राज्य हित के मुद्दों के लिए भी संघर्ष करेंगे। उनकी इस नियुक्ति पर विधायक सुमित हृदयेश समेत अनेक राज्य आंदोलनकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### दिनेश देवभूमि व्यापार मंडल के ब्लॉक अध्यक्ष

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने रामनगर ब्लॉक इकाई का गठन करते हुए दिनेश चंद्र सती को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश कार्यालय में संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने दिनेश चंद्र सती के नाम की घोषणा की। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, महामंत्री राजकुमार केसरवानी, बृजमोहन सिजवाली, रवि कुमार, मनीष कुमार, प्रकाश भट्ट, मयंक मैनाली रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : एक हेल्पर के रूप में कोरोना राहत किट की पैकिंग से सफर शुरू कर बनीं सफल कैंटीन संचालक

# लॉकडाउन ने खोली राह... कविता बन गईं महिलाओं के लिए 'प्रेरणा'

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** कोविड-19 महामारी का लॉकडाउन जब चारों तरफ बंदी थी... लोग घरों में कैद होकर रह गए थे। इस दौर में आय ''डाउन'' हो गई और कारोबार में ''लॉक'' लग गए थे। आमजन के लिए आमदनी करना ही कोरोना वायरस से निपटने की तरह ही एक चुनौती थी। इस समय एक सामान्य गृहणी ने घर की बागडोर संभाली। एक हेल्पर के रूप में कोरोना राहत किट की पैकिंग से सफर शुरू किया और जो आज एक सफल कैंटीन संचालक तक पहुंच गया है। इसी के साथ ही एक सामान्य गृहणी कविता महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई।


कैंटीन में खाना परोसती कविता चिलवाल। ● अमृत विचार

नैनीताल रोड स्थित सिटी मजिस्ट्रेट/एसडीएम कार्यालय में महिलाओं का स्वयं सहायता समूह कैंटीन संचालित करता है। इसमें बाजार की अपेक्षा बेहद कम रेट में पौष्टिक व गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इस कैंटीन की संचालिका कविता चिलवाल है, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष भी हैं। उनकी संघर्ष की कहानी किसी प्रेरणा से कम नहीं है। कविता का विवाह वर्ष 2010 में महज 19 वर्ष की उम्र में हो गया था। शादी के बाद वह गृहिणी के रूप में परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही थीं। सब कुछ सामान्य चल रहा था लेकिन

वर्ष 2020-21 में कोविड-19 के लॉकडाउन ने पति हरेंद्र सिंह चिलवाल को कारोबार नहीं करने दिया। ऐसे में कविता ने पति हरेंद्र का साथ देने का निश्चय किया। उन्होंने सरस बाजार में स्वयं सहायता समूहों की ओर से कोरोना किट्स व दवाइयों की पैकिंग की। इस बीच वह स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं। उन्होंने सिलाई, कढ़ाई, ऐंपण, ब्यूटी पार्लर आदि की ट्रेनिंग ली। धीरे-धीरे इतनी कुशल हो गईं कि बाद में मास्टर ट्रेनर बन गईं। फिर उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी और एसडीएम कोर्ट में कैंटीन संचालित कर रही हैं। वह पिछले तीन वर्षों से एसडीएम दफ्तर की प्रथम कैंटीन सफलतापूर्वक संचालित कर रही हैं। उनके इस संघर्ष में पति हरेंद्र, बेटा विवेक, चेतन और बेटी बबली ने भी खूब सहयोग किया है।

### रिटायर्ड सूबेदार की बेटी हेमा बनीं लेफ्टिनेंट कर्नल



**हल्द्वानी :** राज्य की बेटी हेमा भाट ने लेफ्टिनेंट कर्नल बनकर न सिर्फ राज्य बल्कि महिलाओं का भी सम्मान बढ़ाया है। सेवानिवृत्त सोबन सिंह भड़ ने बताया कि हेमा रिटायर्ड सूबेदार मेजर उमेद सिंह भाट की पुत्री हैं और मूल रूप से ग्राम सिरतोली, जमतड़ी, पिथौरागढ़ की निवासी हैं। वर्तमान में उनका परिवार डिफेंस कॉलोनी, भगवानपुर रोड, हिम्मतपुर तल्ला, हल्द्वानी में रहता है। हेमा ने 1 मार्च 2010 को मिलिट्री नर्सिंग सर्विस, आर्मी मेडिकल कोर में कमीशन प्राप्त किया था। देश के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवा को देखते हुए उन्हें 26 जनवरी 2023 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। बीती 1 मार्च को उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर पदोन्नत किया गया है। वर्तमान में वे एयर फोर्स स्टेशन के एक मेडिकल यूनिट में अपनी सेवाएं दे रही हैं। हेमा के पति कर्नल भीष्म चौहान भी भारतीय सेना में कार्यरत हैं और दोनों वर्तमान में पंजाब में देश सेवा कर रहे हैं।



### डॉ. दिशा तिवारी को किया गया सम्मानित

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सारथी फाउंडेशन समिति ने पहली बार हल्द्वानी में निशुल्क कैंप आयोजित किया और डॉ. दिशा तिवारी को उनके चिकित्सा और सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया। डॉ. तिवारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से प्रारंभिक शिक्षा, किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ से पोस्ट ग्रेजुएट अध्ययन और मेडिसिन में डॉक्टरेट पूरी की है। उन्हें विभिन्न संस्थानों से गोल्ड मैडल और अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी मिल चुके हैं। संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत और सचिव ज्ञानेद्र जोशी ने उनके कैंसर रोकथाम और जागरूकता में योगदान की सराहना की।

# महिलाओं के लिए आज प्रत्येक थाने में लगेगा थाना दिवस

## 'कोशिश-एक नई आशा' के तहत लंबित शिकायतों का किया जाएगा निस्तारण, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने दिए दिशा-निर्देश

- महिलाओं से जुड़ी लंबित शिकायतों के निस्तारण पर रहेगा फोकस
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होगा आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** महिलाओं की सुरक्षा और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। तय किया गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के सभी थानों में "कोशिश - एक नई आशा" थाना दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलाओं से जुड़ी लंबित शिकायतों के निस्तारण पर विशेष फोकस रहेगा।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बहुउद्देशीय भवन हल्द्वानी के मीटिंग हॉल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिले के सभी थाना प्रभारियों, महिला हेल्पलाइन प्रभारी और महिला हेल्पलाइन में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए।

एसएसपी ने निर्देश दिए कि


एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए निर्देश। ● अमृत विचार

8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रत्येक थाने में "कोशिश-एक नई आशा" अभियान के तहत विशेष थाना दिवस आयोजित किए जाएं। इस दौरान महिला हेल्पलाइन और ऐच्छिक ब्यूरो में तीन माह से अधिक समय से लंबित शिकायतों के पक्षकारों को थाने बुलाकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावा प्रत्येक थाने में दिवस अधिकारी के रूप में महिला उपनिरीक्षक या अपर उपनिरीक्षक की तैनाती की जाएगी। महिला पुलिस कर्मियों को चीता मोबाइल और गश्त पिकेट में भी लगाया जाएगा। महिला समूहों, स्वयं सहायता समूहों और मंगल दलों के साथ गोष्ठियां आयोजित कर महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पाण्डेय, महिला समाधान केंद्र के सदस्य तथा जनपद के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### एक वर्ष, 6 व 3 माह से लंबित मामलों की बनेगी सूची

**हल्द्वानी :** एसएसपी ने बताया कि थानों में दर्ज महिला उत्पीड़न और महिला शिकायत रजिस्टर का अवलोकन कर एक वर्ष, छह माह और तीन माह से अधिक समय से लंबित मामलों की अलग-अलग सूची तैयार कर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत प्रकोष्ठ को भी महिलाओं के साथ हुई धोखाधड़ी और उत्पीड़न से जुड़े लंबित मामलों का ब्योरा तैयार करने को कहा गया है। महिला दिवस के अवसर पर अवकाश को छोड़कर सभी महिला पुलिस कर्मियों की थानों में अनिवार्य उपस्थिति हो।

### महिला दिवस की पूर्व संध्या पर भोजन माताओं को किया सम्मानित

**भीमताल :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राजकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय बडौन में भोजन माताओं का सम्मान किया गया। शनिवार को ब्लॉक ओखलकांडा के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडौन में महिला दिवस के अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने भोजन माताओं सरूली देवी और जानकी देवी को नगद धनराशि और शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि दोनों भोजन माताएं पिछले 18 वर्षों से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पौष्टिक भोजन बनाकर खिला रही हैं। इस दौरान उनके समर्पण और बच्चों के प्रति उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार की भी सराहना की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कोमल है, कमजोर नहीं तू गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी रघुवर सिंह चुलगाई, प्रयोगशाला सहायक पुष्कर सिंह मेहता तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


भोजन माताओं का सम्मान करते प्रभारी प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार


गोष्ठी के दौरान मौजूद ऑल इंडिया वूमन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### विद्यार्थियों को बताईं सादा जीवन-उच्च विचार की बातें

**हल्द्वानी :** ऑल इंडिया वूमेंस कॉन्फ्रेंस के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कालाढूंगी रोड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ गोष्ठी हुई। इस दौरान संगठन की महिलाओं ने उन्हें सादा जीवन-उच्च विचार और समय के सदुपयोग की बातें बताई गईं। संगठन की अध्यक्ष विमला सांगुड़ी ने बालिकाओं को बताया कि अनुशासित जीवन सफलता की कुंजी है। सचिव नीरजा बोरा, कोषाध्यक्ष कामिनी पाल ने बच्चों को विभिन्न विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम में उपसचिव निर्मला जोशी, मीना पाठक, बीना अधिकारी, कविता कर्नाटक, विमल पांडे रहे।

### महिला दिवस की पूर्व संध्या पर हुए कार्यक्रम

**रामनगर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर ज्योतिबा फुले सायंकालीन स्कूल पूछड़ी में रंगारंग हुए। स्कूल संयोजक नवेंदु मठपाल ने महिला दिवस के इतिहास पर चर्चा की। स्कूल शिक्षक सुमित कुमार ने कहा कि महंगाई और अन्य समस्याओं का भी जिक्र किया। स्कूली बच्चों ने इसलिए राह संघर्ष की हम चुनें, हम होंगे कामयाब गीत प्रस्तुत किए। शिक्षिका पिंकी, दिव्या आर्य, मंजू देवी, सुनीता देवी, आश्मा जहां, ज्योति देवी, मीना देवी, शांति देवी, गुंजन देवी, गौरा देवी, डोली देवी, आशा देवी, रुखसाना, फरजाना, साईस्ता और समीना रहीं।

## खेल विभाग के कोचों को पांच माह से नहीं मिला वेतन

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** खेल विभाग में तैनात कोचों को पिछले पांच महीनों से वेतन नहीं मिलने से उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। वेतन न मिलने के कारण कोचों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद वे नियमित रूप से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

कोचों का कहना है कि लंबे समय से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण उन्हें रोजमर्रा के खर्च चलाने में दिक्कत हो रही है। कई बार संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। कोचों ने बताया कि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं और विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए उन्हें तैयार कर रहे हैं। इसके बावजूद समय पर वेतन न मिलना उनके लिए बड़ी समस्या बन गया है। कोचों ने खेल विभाग से जल्द से जल्द बकाया वेतन जारी करने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक संकट से राहत मिल सके और वे पूरी एकाग्रता के साथ खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे सकें।

इधर जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि जिले में लगभग 36 कोच तैनात हैं जिनको वेतन नहीं मिला है। खेल विभाग ने पत्र लिखकर जिम्मेदारों को अवगत करा दिया है, जल्द ही सभी कोचों को वेतन मिलेगा।

## बाइक से पटाखे छोड़े, विरोध पर मारा चाकू

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के राजपुरा में शाम बड़ा विवाद हो गया। रेट्रो साइलेंसर से पटाखे फोड़ने का विरोध करने पर बाइक सवार ने एक युवक की गर्दन पर चाकू चला दिया। लोग पकड़ने दौड़े तो अपने घर की छत पर चढ़कर आरोपी ने पथराव कर दिया। युवक को गंभीर हालत में एसटीएच में भर्ती कराया गया है। इधर, घटना से नाराज सैकड़ों लोगों ने कोतवाली का घेराव कर लिया और राजपुरा पुलिस चौकी गंभीर आरोप लगाए।

बताया जाता है कि राजपुरा निवासी विश्वास वाल्मीकि शाम को अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी पास में ही रहने वाला एक युवक अपनी बाइक में लगे रेट्रो साइलेंसर से पटाखे फोड़ते हुए गुजरा। अचानक पटाखों से आवाज से विश्वास डर


घटना में घायल ब्रह्मपाल।

गए। वह घर पहुंचे तो उन्होंने यह बात अपने बेटे आकाश को बताई। आकाश शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंच गया। शिकायत पर आरोपी के पिता ने अपने बेटे को जमकर फटकार लगा दी। इससे नाराज आरोपी चाकू लेकर आकाश के घर पहुंच गया। वह कुछ समझ पाता, इससे पहले ही उसने आकाश के गले के पिछले हिस्से पर चाकू चला दिया। विश्वास बचाने दौड़े तो आरोपी उन पर भी हमलावर हो गया। बीच बचाव में ब्रह्मपाल नाम व्यक्त भी घायल हो गया। इलाकाई लोग जुटे तो आरोपी भाग कर अपने घर में दुबक गए। लोग उसे पकड़ने घर पहुंचे तो आरोपी ने छत से पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। जिससे लोग और आक्रोशित हो गए। आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल आकाश को एसटीएच पहुंचाया गया। इधर, घटना से नाराज राजपुरा के सैकड़ों लोग कोतवाली पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। लोगों का आरोप था कि राजपुरा में हर तरह का अपराध हो रहा है और राजपुरा चौकी पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। कोतवाल विजय मेहता ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और तकरीबन दो घंटे तक वह नाराज लोगों को मनाने की कोशिश करते रहे। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया मामले की जांच की रही है।

### सड़क किनारे खड़े वाहनों से जाम, एंबुलेंस भी फंसी

**नैनीतालः** तल्लीताल क्षेत्र में सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग के कारण शनिवार को भारी जाम की स्थिति बन गई। तल्लीताल स्थित नेशनल होटल से जेल तक सड़क किनारे खड़े वाहनों के चलते वैष्णोदेवी मंदिर के पास यातायात बाधित हो गया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से वाहनों की पार्किंग के कारण जाम लग जाता है, जिससे आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है।

## इंटरनेशनल स्विमिंग पूल अप्रैल में खुलेगा

**संवाददाता, हल्द्वानी**

- जिला क्रीड़ाधिकारी नैनीताल निर्मला पंत ने दी जानकारी

**अमृत विचारः** खिलाड़ियों और तैराकी के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। अप्रैल माह से अंतरराष्ट्रीय स्तर का बड़ा स्विमिंग पूल भी शुरू कर दिया जाएगा।

अभी परिसर में छोटा स्विमिंग पूल संचालित है, जहां युवा और शौकिया खिलाड़ी तैराकी सीख रहे हैं। यहां लगभग 5 वर्ष की आयु से ही बच्चे और शौकिया खिलाड़ी स्विमिंग सीखने आते हैं। खिलाड़ियों की सुरक्षा और प्रशिक्षण के लिए खेल विभाग की ओर से लाइफ गार्ड और स्विमिंग कोच की तैनाती की गई है। स्विमिंग कोच पूनम सिरौला ने बताया कि यहां उन बच्चों और युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है जो तैराकी सीखना चाहते हैं। साथ ही उन खिलाड़ियों को भी तैयार किया जाता है जो इस खेल में आगे बढ़कर अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी नैनीताल निर्मला पंत ने बताया कि अप्रैल माह से बड़ा स्विमिंग पूल भी संचालित कर दिया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि जो लोग तैराकी सीखना चाहते हैं, वे अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं और निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

**जन सुनवाई** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने शनिवार को फतेहपुर स्थित वन विश्राम गृह में ग्रामीणों के साथ बैठक की

# सड़क, पुल व पानी किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने शनिवार को फतेहपुर स्थित वन विश्राम गृह में नवाड़ सैलानी तोक मार्ग, फतेहपुर मुख्य मार्ग पर प्रस्तावित पुल, पेयजल समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने लोनिवि, जल संस्थान व जल निगम अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

बैठक में विधायक भगत ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है इसलिए इन समस्याओं का शीघ्र


बैठक के दौरान कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत और साथ में स्थानीय ग्रामीण। ● अमृत विचार

समाधान किया जाए। सड़क, पुल और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौके पर लोनिवि अधिकारियों ने बताया कि नवाड़ सैलानी तोक सड़क के निर्माण के लिए सर्वे पूर्ण हो चुका है, आगे की प्रक्रियाएं तेजी से आगे बढ़ाई जा रही हैं, जिससे शीघ्र ही क्षेत्रवासियों को सड़क मिलेगी। विधायक ने आश्वस्त किया कि कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और तोक के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है। इस दौरान जेई आनंद गिरी, एई सुकीर्ति राठौर, ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, विधायक प्रतिनिधि पूरन गौड़, ग्राम प्रधान ऋतु जोशी, भुवन जोशी, रमेश पांडे, कमल पडलिया, गौरी पोखरिया, दिलीप सिंह मेहरा, भगवान सिंह चौहान, कमल भट्ट, राजन सिंह रावत, दीपक रौतेला, उमेश नाथ गोस्वामी, संजय जोशी, शिबू आर्य, भुवन पड़लिया, हरीश पांडे रहे।

## हल्द्वानी में खिली चटक धूप, पारा 23 डिग्री के पार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** शहर और आसपास के क्षेत्रों में आज मौसम का मिजाज पूरी तरह साफ रहा। सुबह से ही खिली चटक धूप ने शहरवासियों को ठंड से राहत दिलाई और वातावरण में गर्माहट घोल दी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया, जिससे दोपहर के समय मौसम गर्म रहा।

आज दिनभर आसमान बिल्कुल साफ रहा और बारिश की कोई संभावना नहीं रही। वहीं, न्यूनतम तापमान 18 डिग्री के आसपास बना रहा। इधर चटक धूप और सुहावने मौसम का लाभ उठाते हुए पर्यटकों ने भी भीमताल, नैनीताल और सातताल जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही, कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान में खिली यह तेज धूप रबी की फसलों के पकने और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले 24 घंटों में पारे में और भी उछाल आने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री तक जा सकता है। फिलहाल अगले कुछ दिनों तक बारिश के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं, जिससे तराई और भाबर के क्षेत्रों में चटक धूप का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है।

### जंतर-मंतर के धरने में भाग लेगी समिति

**हल्द्वानी :** रोडवेज स्टेशन में शनिवार को ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार वालिया ने की, जबकि संचालन जगत सिंह डोबाल ने किया।

बैठक में एफसीआई, केएमवीएन और केमू के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान कर्मचारियों ने कल (सोमवार) से दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय संघर्ष समिति के धरने में भाग लेने का समर्थन किया। पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूरन सिंह चौधरी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अंत में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वालिया ने सभी से आंदोलन में भागीदारी की अपील की। गणेश मेलकानी, भूपेंद्र अधिकारी, मधुसूदन लोहनी, बृजमोहन रहे।

# नशा माफिया के नजूल मकान पर चलेगा नगर निगम का बुलडोजर

## 15 दिन का अल्टीमेटम, भेजा गया नोटिस, महापौर बोले-नशा माफियाओं पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नशा माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए अब पुलिस प्रशासन के अलावा नगर निगम ने भी पहल शुरू कर दी है। धाकड़ धामी सरकार का हवाला देते हुए महापौर ने संकेत दिया है कि पथराव कर एसओजी सिपाही को घायल करने वाले नशा माफिया के नजूल आवास पर जेसीबी चलाने की तैयारी चल रही है। जिसको लेकर निगम ने माफिया के घर नोटिस चस्पा किया है और आवास संबंधी दस्तावेज मांगे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि यदि माफिया द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है। पुलिस 15 दिन के भीतर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो सकती है।


मेयर विकास शर्मा।

बताते चलें कि एक फरवरी को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और एसओजी से मिली सूचना के आधार पर सुभाष कॉलोनी के रहने वाले नशा माफिया नाजिम उर्फ नदीम को हेरोइन के साथ दबोच लिया था, लेकिन माफिया के इशारे पर कुछ लोगों ने टीम पर पथराव शुरू कर दिया था और माफिया को छुड़वा कर फरार कर दिया था। हमले में एसओजी का सिपाही भुवन पांडेय भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय की तहरीर पर मुख्य अभियुक्त नाजिम सहित नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां भी शुरू हुईं।

जिसके बाद पुलिस मुठभेड़ में माफिया नाजिम भी गिरफ्तार हो गया। शनिवार को महापौर विकास शर्मा का एक बयान जारी हुआ जिसमें महापौर खुलेआम ऐलान कर रहे हैं कि धाकड़ धामी की सरकार में समाज को दूषित करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। यही कारण है कि घनी आबादी हो या शहरी इलाका। नशा बेचने वालों के ठिकानों को निगम द्वारा तोड़ दिया था। बताया कि निगम ने नशा माफिया नाजिम के सुभाष कॉलोनी स्थित नजूल मकान पर नोटिस चस्पा कर दिया है। जिसमें मुख्य आरोपी को 15 दिन की मोहलत दी है कि यदि अभियुक्त द्वारा संतोषजनक जवाब या दस्तावेज पेश नहीं किए जाते हैं। पुलिस और निगम मिलकर मकान को बुल्डोजर से ध्वस्त कर देगी। महापौर के इस अल्टीमेटम के बाद जहां अभियुक्त की मुश्किल कम नहीं होगी। वहीं माफिया भी खौफजदा है।

### एक नहीं, बल्कि दो परिवार होंगे बेघर

**रुद्रपुर :** महापौर के ऐलान और निगम द्वारा दिए गए अल्टीमेटम में यदि कोई संतोषजनक दस्तावेज पेश नहीं होते हैं तो मुख्य आरोपी नाजिम का परिवार ही नहीं, बल्कि दो परिवार पर बेघर होने का खतरा मंडरा सकता है। कारण जिस सकरी गली नुमा मकान में नशा माफिया नाजिम रहता है। उसी घर में उसका भाई भी परिवार के साथ रहता है और अभियुक्त की भाभी को भी हेरोइन के साथ पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। ऐसे में माना जा सकता है कि ध्वस्तीकरण की गाज मुख्य आरोपी व उसकी भाभी पर भी हो सकती है।

### हर वार्ड को बनाएंगे नशामुक्त वार्ड

**रुद्रपुर :** महापौर विकास शर्मा द्वारा दिए गए बयान में साफ तौर पर चेताया गया है कि निगम इलाके के सभी वार्डों में निगम प्रशासन मुहिम चला चुका है और अटरिया रोड की दुकानों हो या नशा बेचने वाले सौदागर हो। सभी की दुकान तोड़ी जा चुकी है। यदि उनकी संलिप्तता फिर पाई जाती है तो अब मकान को भी ध्वस्त किया जाएगा। जहां धामी सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाना। वहीं निगम ने भी प्रण लिया है कि निगम के सभी वार्डों को नशामुक्त वार्ड बनाना है। कारण नशा समाज को दूषित कर रहे हैं और माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करने में पुलिस का सहयोग किया जाएगा।

### एक मार्च को हुई थी मुठभेड़

**रुद्रपुर :** मुख्य आरोपी नाजिम को एक मार्च की देर रात्रि मिली सूचना के आधार पर मुठभेड़ में घायल कर दिया गया था। उपचार के बाद पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है। महापौर ने यह भी बताया कि अभियुक्त के खिलाफ हत्या, पॉक्सो के अलावा कई एनडीपीएस के मुकदमे पंजीकृत है और परिवार भी नशे का धंधा संचालित करते हैं। ऐसे में आदतन अपराधी नाजिम पर कोई रहम नहीं होगी। इसके लिए जल्द ही एक बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### दो डंपरों की हुई आमने-सामने से भिड़ंत

**काशीपुर :** अलीगंज रोड पर बीती देर रात दो डंपरों के बीच आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी चालक को गंभीर चोट नहीं आई और वे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद सड़क पर भारी वाहनों के फंसे होने के कारण यातायात बाधित हो गया था। सूचना मिलते ही पैगा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। शनिवार सुबह पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों डंपरों को बीच सड़क से हटवाकर किनारे करवाया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था पूरी तरह सुचारू हो सकी।

### गन्ने के खेत से खैर की लकड़ी और बाइक बरामद

**बाजपुर :** वन विभाग की टीम ने अवैध कटान के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम हजीरा क्षेत्र से प्रतिबंधित खैर की लकड़ी बरामद की है। टीम ने छापेमारी के दौरान गन्ने के खेत और झाड़ियों में छिपाकर रखे गए खैर के 12 नग लट्ठे और एक बाइक जब्त की है। वन विभाग को सूचना मिली थी कि तस्करों ने हजीरा क्षेत्र में खैर के पेड़ों का अवैध कटान कर लकड़ी को मुख्य मार्ग के पास छिपाया है। इस पर टीम ने गन्ने के खेत में दबिश देकर 10 लट्ठे बरामद किए। इसके बाद पास के नमूना क्षेत्र की झाड़ियों में चलाए गए तलाशी अभियान में 2 अन्य लट्ठे भी हाथ लगे। विभाग बरामद लकड़ी और बाइक को बरैहनी नर्सरी ले आया है। अवैध कटान में शामिल आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## चीनी मिल मैदान और अनाज मंडी से 23 जुआरी गिरफ्तार

**बाजपुरः** प्रदेश में जुआ और सट्टा अधिनियम की सख्ती के बीच बाजपुर पुलिस ने शनिवार को जुआरियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। पुलिस ने नगर के चीनी मिल खेल मैदान और अनाज मंडी परिसर में छापेमारी कर 23 लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाल नरेश चौहान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दोनों स्थानों पर एक साथ दबिश दी। पुलिस ने चीनी मिल खेल मैदान से 17 और अनाज मंडी परिसर से 6 लोगों को पकड़ा। आरोपियों के पास से ताश की गड्डियां और हजारों रुपये की नकदी बरामद हुई है।

कोतवाल नरेश चौहान ने बताया कि इन क्षेत्रों में जुआरियों के जमावड़े और संदिग्धों द्वारा स्थानीय लोगों से अभद्रता की शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध सट्टा और जुआ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पुलिस टीम में दोराहा चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी, अशोक कांडपाल, संदीप शर्मा और दीपक कौशिक समेत कई उपनिरीक्षक शामिल रहे। सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# हॉटमिक्स मार्ग निर्माण कार्य का शिलान्यास


हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक शिव अरोरा।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना से मुख्य बाजार में 2.83 करोड़ की लागत से स्वीकृत दो किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण कार्य का फीता काटकर शिलान्यास किया। साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ व्यापारियों से नारियल फूड़वाकर निर्माण कार्य की शुरुआत करायी। वहीं 20 साल से जर्जर मार्ग के निर्माण से लोगों ने राहत की सांस ली।

शनिवार को शिलान्यास के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि उनके प्रयास से मुख्य बाजार में दो किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग स्वीकृत हुए थे। जिसमें अधिकांश मार्ग दीपावली से पूर्व ही पूर्ण हो चुके थे। जिसमें पंजाबी मार्केट, गुरुद्वारा गोल मार्केट, गुप्ता मेडिकल गली, वीर हकीकत मार्ग, बंसल ज्वैलर्स मार्ग, पांच मंदिर मार्ग, डॉ. बठला अस्पताल गली बेहद खस्ता हाल थी जिनके निर्माण होने के बाद सूरत बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के बनने से आदर्श कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी व अन्य मार्गों को जाने वाले अधिकांश लोगों को इसके निर्माण से काफी राहत मिलेगी। इससे पूर्व स्थानीय व्यापारियों ने विधायक अरोरा का फूलमाला व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर केवल बत्रा, नरेश ग्रोवर, गुलशन नारंग, सुरमुख सिंह विर्क, राजकुमार खनिजो, अशोक गुम्बर, संदीप डोगरा, जगदीश टंडन, मयंक कक्कड़, मोहित बत्रा, मोहित चड्डा, मनोज मदान, हरबंस गुम्बर, सुनील यादव, नमन चावला, शिवम खुराना, गौरव गांधी आदि मौजूद रहे।

- 2.83 करोड़ की लागत से किया जा रहा है मार्ग का निर्माण

# नमाजी को पीटने वाले को नहीं मिली जमानत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** 24 फरवरी को मंदिर कमेटी के प्रबंधक द्वारा नमाजी को पीटने के प्रकरण के अभियुक्त की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी। अदालत ने अभियुक्त का आपराधिक इतिहास की रिपोर्ट आने और दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया।

24 फरवरी की दोपहर को दिहाड़ी मजदूरी करने वाले रेशमबाड़ी निवासी शाहिद से अटरिया मंदिर कमेटी के प्रबंधक अरविंद शर्मा द्वारा बेरहमी से इसलिए पीटा था कि वह मंदिर प्रांगण से कुछ ही दूरी पर खुलेआम मैदान में नमाज पढ़ रहा था। प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और कुछ दिन बाद ही अभियुक्त ने नाटकीय अंदाज में थाना पंतनगर में खुद को सरेंडर कर दिया था। जिसके बाद न्यायालय ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया और सुनवाई की तिथि 7 मार्च को घोषित की थी। शनिवार को एक बार फिर प्रकरण की सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्त अरविंद की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अधिवक्ता एसके सिंह ने बताया कि अदालत ने पुलिस से अभियुक्त का आपराधिक रिकॉर्ड मांगा था। कारण अभियुक्त हत्या प्रकरण में सजायाफ्ता है और अपीलीय जमानत पर रिहा है।

## पिस्टल तानने के प्रकरण में केस दर्ज

**रुद्रपुरः** होली की दोपहर को बाइक सवार युवक को लहूलुहान करने, पिस्टल तान कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आवास विकास निवासी अक्षय अरोरा ने बताया कि 4 मार्च की दोपहर ढाई बजे उसका भाई हिमांशु अरोरा एलआईसी रोड स्थित अपनी दुकान पर होली खेलकर कार से घर लौट रहा था। इस बीच अचानक मोड़ पर चार बाइक सवार नौ से दस युवक आये और कार रोककर अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर दो युवकों ने पिस्टल निकालकर हत्या करने की धमकी दी। एक युवक ने जान से मारने की नीयत से शराब की बोतल सिर पर मार दी। जिससे उसका भाई लहूलुहान होकर नीचे गिर गया।

# अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए दिया एक सप्ताह का समय

- डीएम ने एस्कॉर्ट फार्म भूमि की रिट याचिकाओं पर की सुनवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** उच्च न्यायालय नैनीताल ने जनपद ऊधमसिंह नगर की तहसील काशीपुर क्षेत्र स्थित एस्कॉर्ट फार्म भूमि से संबंधित विभिन्न रिट याचिकाओं में सुनवाई के लिए दिये गये आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला सभागार में याचिकाकर्ताओं की उपस्थिति में सुनवाई की। इस दौरान जिलाधिकारी ने याचिकाकर्ताओं को साक्ष्य व अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का अंतिम अवसर दिया गया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय नैनीताल ने जनपद ऊधमसिंह नगर की तहसील काशीपुर क्षेत्र के एस्कॉर्ट फार्म भूमि से संबंधित विभिन्न रिट याचिकाओं में सुनवाई करते हुए अलग-अलग आदेश पारित किये गए हैं। पारित आदेश के अनुपालन अनुरुप याचिकाकर्ताओं के प्रस्तुत प्रत्यावेदनों पर सुनवाई करते हुए अपने-अपने समर्थन में साक्ष्य व अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का अंतिम अवसर दिया गया। सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, ओसी ऋचा सिंह, गौरव पांडेय, जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार तिवारी, बरीत सिंह, पटल सहायक सचिन काला सहित याचिकाकर्ता आदि मौजूद थे, जबकि उप जिलाधिकारी काशीपुर, तहसीलदार वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।


रिट याचिकाओं पर सुनवाई करते डीएम नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार

## आगामी सप्ताह में मौसम शुष्क रहने की संभावना

**रुद्रपुरः** भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार जनपद में आगामी सप्ताह में बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी समाप्त तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। उन्होंने किसानों से तापमान को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से सिंचाई करने की अपील की है। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एएस नैन ने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार तापमान में वृद्धि देखी गई है। जिससे फसलों में गर्मी से उपज प्रभावित हो सकती है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 31 से 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 से 16 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

## कमरे में लटका मिला किशोरी का शव

**रुद्रपुरः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में 15 वर्षीय किशोरी का शव लटका होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा।

जानकारी के अनुसार 6 मार्च की शाम को थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना मिली कि एक किशोरी का शव लटका हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका मुआयना किया तो देखा कि 15 वर्षीय किशोरी रेनु भारद्वाज द्वारा चुन्नी से फंदा लगाकर खुदकुशी की है और कमरा अंदर से बंद था। पूछताछ में पता चला कि शुक्रवार की दोपहर को पिता संजय भारद्वाज सिडकुल कंपनी में काम पर गए थे और बड़ी बहन काम में व्यवस्था थी। जिसका फायदा उठाकर किशोरी ने सुसाइड का कदम उठाया।

# महिला को जूते से पीटने वाला सिपाही लाइन हाजिर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भूत बंगला क्षेत्र में दो समुदायों के बीच हुए विवाद ने अब राजनीतिक मोड़ ले लिया है। पीड़ित महिलाओं के समर्थन में उतरे विधायक शिव अरोरा ने रंपुरा चौकी पहुंचकर पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

विधायक की सख्त चेतावनी के बाद एसएसपी ने आरोपी सिपाही ललित बोहरा को लाइन हाजिर कर विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं।बीती 5 मार्च की रात होली खेलने के दौरान दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई थी। देखते ही देखते विवाद सांप्रदायिक तनाव में बदल गया, जिसमें पथराव और तलवारबाजी के दौरान तीन युवकों समेत कई महिलाएं घायल हो गई थीं। आरोप है कि जब पीड़ित महिलाएं न्याय के लिए रंपुरा चौकी पहुंचीं, तो वहां सादी वर्दी में तैनात एक सिपाही ने महिलाओं के साथ अभद्रता की और उन्हें जूतों से पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भारी आक्रोश फैल गया था। शनिवार को विधायक शिव अरोरा सैकड़ों समर्थकों के साथ चौकी पहुंचे और पुलिस कार्यप्रणाली पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि दोषी सिपाही को लाइन हाजिर नहीं किया गया और मुख्य विवाद के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो पुलिस के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। विधायक के कड़े रुख को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की गई। इस दौरान विक्की वाल्मीकि, राज कोली, चन्द्रसेन चंदा मौजूद रहे। पुलिस अब सांप्रदायिक विवाद के मुख्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।


रंपुरा चौकी क्षेत्र में कार्रवाई की मांग करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

## 112 पर झूठी सूचना दी, काटा चालान

**रुद्रपुरः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर झूठी सूचना देना एक महिला को महंगा पड़ गया। पुलिस ने महिला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपये का नगद चालान काटा और हिदायत देकर छोड़ दिया। शनिवार को थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि डायल 112 में जगतपुरा की रहने वाली रानी नाम की महिला ने सूचना दी थी कि उसके बेटे पर कुछ लोगों ने फायरिंग कर जान से मारने की प्रयास किया है। सूचना के आधार पर फौरन एक टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि महिला का बेटा बॉबी चौधरी अपने दोस्तों के साथ नशे की हालत में कार का संचालन कर रहा था और गैस सिलेंडर से भरी गाड़ी को टक्कर मार दी थी।


ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार

### वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों व अग्निशमन यंत्रों को भी देखा। शनिवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी को वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने और सीसीटीवी कैमरे के स्टोरेज बैकअप पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही वेयर हाउस की साफ-सफाई कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र अधिकारी, जिला मंत्री भाजपा गजेंद्र प्रजापति, कांग्रेस से मनोज कुमार सिंह, आप से किरण पांडे विश्वास आदि मौजूद रहे।

उपलब्धि | राजस्व में वृद्धि के साथ ही व्यवसाइयों को भी लाभ मिल रहा

# खनन निदेशक को मिला ऑनेस्ट इंडिपेंडेंस सम्मान

- स्टोन क्रशर एसोसिएशन ने जताई खुशी, एसोसिएशन सदस्यों ने कहा-स्टोन क्रशर उद्योग उत्तराखंड का सबसे बड़ा उद्योग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के खनन निदेशक राजपाल लेघा को खनन क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य पर इंडियंस ऑनेस्ट इंडिपेंडेंस ऑनर मिलने पर कुमाऊं स्टोन क्रशर एसोसिएशन एवं सितारगंज स्टोन क्रशर एसोसिएशन ने खुशी जताई है। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि स्टोन क्रशिंग उद्योग उत्तराखंड का सबसे बड़ा उद्योग है।

शनिवार को एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में खनन व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार के लिए किये जा रहे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में राजपाल लेखा का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर नियंत्रण प्रक्रियाओं में सुधार और आधुनिक तकनीकी के उपयोग से खनन में सकारात्मक बदलाव हुए हैं। जिससे राजस्व में वृद्धि के साथ ही व्यवसाइयों को भी लाभ मिल रहा है। उनके इन सुधारों से पूर्व में आधे से अधिक क्रशर जो बंद हो गये थे अब पुनः चालू हो गये हैं।

पूर्व में गौला नदी की खनन क्षमता 54 लाख घन मीटर के सापेक्ष 25 से 30 लाख घन मीटर ही निकलता था जो अब लगभग पूरा निकलता है। इसी तरह नंधौर व कैलाश नदी की क्षमता 20 लाख घन मीटर के सापेक्ष 2 से 3 लाख घन मीटर ही निकलता था जो अब लक्ष्य लगभग पूरा हो रहा है। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि विगत डेढ़ साल में खनन से उत्तराखंड सरकार को चार गुना राजस्व प्राप्त हुआ है जो 300 करोड़ से बढ़कर 1200 करोड़ हो गया है। साथ ही 2 से 3 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिला हुआ है। इससे मिनरल की मार्केट जो पहले सिकुड़कर छोटी हो रही थी, अब इसका रिफार्म हो रहा है जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

खनन निदेशक लेघा को मैं. एलएससी इंफ्राटेक लिमिटेड, विन्ध्यवासिनी स्टोन क्रेशर, पाल स्टोन इंडस्ट्रीज, सुभाष स्टोन क्रेशर, जगदम्बा स्टोन क्रेशर, विनोद स्टोन क्रेशर, सागर स्टोन क्रेशर, हिमालया स्टोन इंडस्ट्रीज, हल्द्वानी स्टोन कंपनी, श्री बालाजी स्टोन कंपनी, उत्तराखंड स्टोन कंपनी, जयश्री राम स्टोन क्रेशर, महालक्ष्मी स्टोन कंपनी, शुभम स्टोन कंपनी, कामाख्या स्टोन कंपनी, सितारगंज स्टोन कंपनी, राधे सोल्यूशन, बरेली स्टोन कंपनी, मार्डन ग्रिट्स इंडस्ट्रीज, भगवती स्टोन इंडस्ट्रीज, देवभूमि स्टोन इंडस्ट्रीज व अन्य स्टोन क्रशरों ने बधाई जताई।

## कस्टमर केयर कर्मी बताकर हड़पे दो लाख

**रुद्रपुरः** कोतवाली इलाके में कस्टमर केयर कर्मी बताकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिंह कॉलोनी निवासी कलमिंद्र सिंह ने बताया कि उसका पीएनबी में खाता है और बैंक का ही ऐप संचालित करता है। एक मार्च को जब वह गूगल पर पीएनबी कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर रहा था तभी एक कॉल आयी, जो खुद को कर्मचारी बता रहा था। जब उसने समस्या की जानकारी दी और बैंक की डिटेल भेजी तो उसके कुछ ही देर बाद खाते से आठ बार 25-25 हजार का भुगतान हुआ। मोबाइल पर मैसेज आया तो दो लाख रुपये निकासी होने की भनक लगी।

# 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह आज

- ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में आयोजित होगा कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सर्व समाज कल्याण समिति और लघु व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप की ओर से 9वां सामूहिक विवाह का आयोजन रविवार को ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में किया जाएगा। इस दौरान 21 नव विवाहित जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जाएगा।

शनिवार को कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण चुघ ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पिछले 9 वर्षों से सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी सर्वसमाज के सहयोग से सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। उन्होंने बताया की गल्ला मंडी से बारात प्रारंभ होगी जो मुख्य बाजार, झील होते हुए कैंप के फुटबॉल मैदान पहुंचेगी। जहां बारात का भव्य स्वागत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हिंदू रीति रिवाज और गायत्री परिवार की ओर से विधि विधान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया जाएगा। जिसमें दूधिया मंदिर के शिवानंद जी महाराज, मंदिर मनकामेश्वर के स्वामी नारायण चैतन्य, सोमानंद जी महाराज, अशोक जी महाराज समेत तमाम साधु संत वर वधु को आशीर्वाद देंगे। लघु व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने बताया की पूरी जांच पड़ताल के बाद 21 जोड़ों का चयन किया गया है जो सभी मानकों पर खरे उतरते हैं। विवाह को लेकर तैयारी संपूर्ण हो चुकी हैं। गायत्री परिवार के अनुज अग्रवाल, मनोज गुप्ता, विकास बंसल, कमलदीप सोनकर, मधु डे, अशोक शाह, दीप गुप्ता पूरन पांडेय, संजीव लाला मौजूद रहे।


पत्रकारों को जानकारी देते कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण चुघ। ● अमृत विचार

**ब्रीफ न्यूज**

## 11 से 13 मार्च तक होगा वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर 4 चंद्रपुरी में आदर्श वॉलीबॉल क्लब के तत्वावधान में 11 से 13 मार्च तक ग्रामीण एवं अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। आयोजन कमेटी के सदस्य निखिल कोरंगा उर्फ भैया व प्रताप सिंह कोरंगा ने बताया कि 11 मार्च को प्रात: 10 बजे से ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा, जिसका समापन सायं 6 बजे किया जाएगा। इसके बाद 12 मार्च को अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जाएगा, जबकि इसका समापन 13 मार्च को सायं 6 बजे होगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11000 रुपये व उपविजेता टीम को 7100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51000 रुपये तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 31000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है।

## पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष कोटिया को मातृ शोक

**खटीमा :** देवरी के पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष बीएस कोटिया की 90 वर्षीय माताजी सीता देवी का बीती रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। जिनका शुक्रवार को बनबसा के घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। जहां उनके पुत्र बीएस कोटिया ने मुखाग्नि दी। इस दौरान विधायक भुवन कापड़ी, राजू भंडारी, नवीन भट्ट, सतीश भट्ट, दीपक मुंडेला, चंद्रशेखर मुंडेला , मनोहर सिंह पोखरिया, जीएस बसेड़ा, जगदीश बिष्ट, सुमित यादव आदि मौजूद रहे।



सीता देवी ( फाइल ) ।

## 21 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सितारगंज :** पुलिस ने 21 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। शुक्रवार को पुलिस ने नानकमत्ता के गांव बिचुवा टुकरी निवासी धर्मेंद्र सिंह (19) को ड्योढ़ार-मलपुरी रोड पर निर्माणधीन हाइवे से 21 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उच्च न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।



विकास कार्यो की समीक्षा बैठक को संबोधित करते पालिकाध्यक्ष सचिन शुक्ला।

## शांतिपुरी के विकास में योगदान देगी नगला पालिका

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन में क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में नगला नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला ने शिरकत की और गांव के विकास कार्यों में नगर पालिका की ओर से सहयोग देने का आश्वासन दिया। शुक्ला ने कहा कि शांतिपुरी मुख्य बाजार में सड़क के दोनों ओर टाइलें लगवाने, बाजार क्षेत्र में स्वचालित हाईमास्ट लाइट लगाने, गांव को स्वच्छ रखने के लिए कूड़ा एकत्रीकरण हेतु वाहन उपलब्ध कराने तथा खेती-किसानी से जुड़ी छोटी पुलिया व चार सौ मीटर सड़क निर्माण समेत सीवर संबंधी समस्याओं के समाधान में नगर पालिका ग्रामसभा का पूर्ण सहयोग करेगी। ग्राम प्रधान कविता तिवारी व सैनिक संगठन अध्यक्ष लालसिंह कोरंगा ने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। बैठक में दुग्ध संघ डायरेक्टर इंदर सिंह मेहता, दीपक तिवारी, मुन्ना तिवारी, कल्याण सिंह मटियानी, हरीश जोशी, हरीश कोरंगा उर्फ जॉन, कुशल सिंह कोरंगा, भाजपा मंडल महामंत्री टीकम कोरंगा, लक्ष्मण सिंह कोरंगा, जगत सिंह पाल, भगत सिंह कोरंगा, मनोज तिवारी, ठाकुर चंद, सुंदर रौतेला आदि उपस्थित रहे।

### विधायक तिलकराज बेहड़ का विद्यालय परिवार और अभिभावक संघ ने किया स्वागत, आभार जताया

# जीजीआईसी को 5.72 करोड़ की सौगात, 12 कमरों का भूमि पूजन

संवाददाता किच्छा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने एक बड़ा कदम उठाया है। बरेली मार्ग स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में विधायक बेहड़ ने 5 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। इस दौरान विद्यालय परिवार और अभिभावक संघ ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। विधायक बेहड़ ने बताया कि विद्यालय परिसर में 5.28 करोड़ की लागत से एक तीन मंजिला भवन बनाया जाएगा, जिसमें 12 आधुनिक कक्षाएं, स्टाफ रूम, एक विशाल हॉल और प्रत्येक तल पर टॉयलेट की सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त, 44 लाख की लागत से पुराने भवन की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और यह विकास कार्य किच्छा के सुनहरे भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानाचार्य अंजू सक्सेना ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके प्रयासों से विद्यालय में पेयजल संकट दूर हो गया है और नई पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। इस अवसर पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष शिखा चौधरी, मंडी परिषद के सहायक अभियंता मोहसिन अली खान, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, नजाकत खान, ओमप्रकाश दुआ, सुनीता कश्यप, एम रहमान अंसारी, मेजर सिंह, सलमा बेगम, हरभजन सिंह, छोटेलाल कोहली, गौरव बेहड़, अशोक सिडाना, धर्मेंद्र सिंधी, दलजीत कक्कड़, गौरव चावला, डिंपल सिंह आदि मौजूद रहे।



किच्छा में छात्राओं को संबोधित करते मुख्य अतिथि विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

### प्रशासन पर बरसे विधायक

**किच्छा :** कार्यक्रम के दौरान विधायक ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यालय परिसर में आवारा कुत्तों के आतंक से छात्राएं भयभीत हैं, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद नगर पालिका और जिला प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने इसे छात्राओं के जीवन के साथ खिलवाड़ बताया।

# पार्षद बेटे के खिलाफ शिकंजा कसा

### नाबालिग से छेड़छाड़ का है मामला, चाइल्ड लाइन-कल्याण समिति ने ली जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सत्ताधारी पार्षद के बेटों द्वारा किशोरी से छेड़छाड़ और हाथापाई किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिसको लेकर जहां पुलिस ने भी अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है। वहीं चाइल्ड लाइन व कल्याण समिति की एक जांच टीम ने नाबालिग से पूछताछ की। साथ ही कांग्रेस नेता ने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दे डाली। अब देखना यह है कि क्या सत्ताधारी पार्षद के बेटों के खिलाफ कार्रवाई होगी या फिर पीड़िता परिवार को सत्ता की हनक दिखाकर मामला दबा दिया जाएगा।

बताते चलें कि 4 मार्च यानी होली के दिन रंपुरा वार्ड-23 की रहने वाली एक किशोरी अपने परिवार के साथ जिला अस्पताल पहुंची। जहां पीड़िता ने मीडिया को बताया था कि वार्ड के भाजपा पार्षद के बेटे ने उसके साथ जबरन छेड़छाड़ की। जब विरोध किया तो हाथापाई व धारदार हथियार मारकर अपहरण करने का भी प्रयास किया था। मामले ने तूल पकड़ा तो पार्षद पिता ने भी पेशबंदी करनी शुरू कर दी और तहरीर देने के बाद भी कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

मामला प्रकाशित होने पर शनिवार की सुबह चाइल्ड लाइन की काउंसलर स्मिता व सदस्य रमा और बाल कल्याण समिति की मेबर चंद्रकला राय के साथ कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा पीड़िता के घर पहुंचे और नाबालिग से पूछताछ कर काउंसलिंग रिपोर्ट तैयार की। काफी देर जानकारी जुटाने के बाद टीम एसएसपी कार्यालय पहुंची और एसएसपी से मुलाकात कर शीघ्र ही तहरीर के आधार पर कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया। इस दौरान पीड़िता ने भी टीम को होली के वक्त हुई अमानवीय व्यवहार और घिनौनी हरकत की आपबीती बताई। उधर कांग्रेस नेता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। उन्होंने मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### सक्रियता के बाद घनघनाने लगे फोन

4 फरवरी को ही रंपुरा चौकी पुलिस को तहरीर देने के बाद पीड़िता अपने परिवार के साथ कोतवाली के चक्कर काटती रही, लेकिन जब शनिवार को चाइल्ड लाइन व कल्याण समिति की टीम पीड़िता से मिलने के बाद पुलिस कार्यालय पहुंची तो कोतवाली के एसएसआई अनिल जोशी के फोन पीड़ित परिवार के पास आने लगी। बार-बार फोन कर जल्द कोतवाली आने का न्यौता देने लगे। जब पीड़ित परिवार कोतवाली पहुंचा तो पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज करते हुए कार्रवाई का आश्वासन देना शुरू कर दिया।

### चंद्रकला बोलीं-नहीं हुई कार्रवाई तो तैयार होगी रिपोर्ट

बाल कल्याण समिति की मेबर चंद्रकला राय ने बताया कि किशोरी या फिर किशोर शोषण प्रकरण में समिति एक काउंसलिंग रिपोर्ट तैयार करती है। भाजपा पार्षद के दोनों बेटों के द्वारा छेड़छाड़, हाथापाई व हमला प्रकरण में पीड़िता से मुलाकात की। जिसमें संयुक्त टीम ने पीड़िता से पूछताछ की। फिलहाल पुलिस ने कार्रवाई प्रारंभ शुरू कर दी है। यदि पुलिस ने कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की तो काउंसलिंग रिपोर्ट बनाकर एसएसपी सहित आला अधिकारियों को भेजी जाएगी। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मोहन बोले-सत्ताधारी नेता बन रहे हैं भक्षक

कांग्रेस नेता मोहन लाल खेड़ा ने कहा कि पीड़िता से मिलने के बाद यह देखने को मिला है कि सत्ताधारी नेता ही भक्षक बन रहे हैं। कारण पार्षद द्वारा बेटों को बचाने के लिए एसएसपी से मुलाकात की और पीड़ित परिवार पर मामला रफा दफा करने का दबाव बनाया। यदि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस शासन प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है।

## दानपात्र चुराने वाला गिरफ्तार

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** प्राचीन अटरिया मंदिर का दानपात्र चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और दान का पैसा भी बरामद किया। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है।

सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि 26 फरवरी को अटरिया मंदिर कमेटी के प्रबंधक पंकज गौड़ ने मुकदमा दर्ज कराया था कि दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मंदिर का दान पात्र चोरी कर नकदी चोरी कर ली है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। 6 मार्च को जांच के दौरान सूचना मिली कि एक संदिग्ध तीनपानी डाम स्थित मार्ट के समीप घूम रहा है। जिसके आधार पर पुलिस ने दबिश देकर रामकिशन उर्फ किशन निवासी तीनपानी डाम को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके दूसरे साथी की तलाश तेज कर दी है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसने ही अपने साथी के साथ मिलकर दानपात्र चोरी किया था और सुनसान इलाके में जाकर लॉक तोड़कर नकदी चोरी की थी। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 8108 रुपये नगद भी बरामद किए और न्यायालय में पेश कर दिया है।

# चोरी का खुलासा, 13 लाख के जेवर बरामद



किच्छा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी देवेंद्र एवं बरामद आभूषण। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्र में हुई चोरी की एक बड़ी वारदात का मात्र 15 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किए गए करीब 13 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को ग्राम सूर्यनगर निवासी रीता भंडारी ने पुलिस को सूचना दी थी कि बीती रात अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर दीवान बेड में रखे सोने का मंगलसूत्र, झुमके, नथ और अन्य कीमती जेवरात चोरी कर लिए हैं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी के निर्देशन और कोतवाल प्रकाश सिंह दानू के नेतृत्व में कलकत्ता फार्म चौकी प्रभारी ओम प्रकाश सिंह नेगी की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने सूर्यनगर निवासी देवेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ गोरखा को दबोच लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 7 तोला वजन के सोने के आभूषण बरामद किए, जिनकी बाजार में कीमत लगभग 13 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ओम प्रकाश नेगी, आरक्षी विनोद कुमार और हरीश मेहरा शामिल रहे।

# धान की नर्सरी पर चलवाया ट्रैक्टर

● **सितारगंज के गांव चीकाघाट में राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई**

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** शासन के निर्देशों के तहत प्रशासन ने बेमौसमी धान की नर्सरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर चलाकर धान की बेमौसमी नर्सरी को नष्ट कर दिया।

शुक्रवार को गांव चीकाघाट में प्रशासन को बेमौसमी धान के पौध की नर्सरी लगाने की सूचना मिली। इस पर टीम ने खेतों में लगाई गई धान की नर्सरी का निरीक्षण किया।

जांच में बेमौसमी धान की नर्सरी पाए जाने पर प्रशासन ने मौके पर ही ट्रैक्टर बुलाकर नर्सरी को नष्ट करा दिया। एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने बताया कि किसानों को बेमौसम धान की फसल लगाने पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद कुछ किसान बेमौसमी धान की नर्सरी तैयार की जा रही थी। जिससे न सिर्फ़ फसल चक्र प्रभावित होता है। बल्कि, कीट व रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

उन्होंने किसानों से अपील की है कि वह शासन के निर्देशों का पालन करें और निर्धारित समय पर ही धान की नर्सरी तैयार करें। चेतावनी दी है कि यदि बेमौसमी धान की नर्सरी पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। वहां टीम में तहसीलदार हिमांशु जोशी, नायब तहसीलदार नरेंद्र गहतोड़ी, कानूनगो प्रवीण गहतोड़ी, कृषि अधिकारी कैलाश पंत, पटवारी अनंत कुमार आदि उपस्थित रहे।



सितारगंज में ट्रैक्टर चलाकर बेमौसमी धान की नर्सरी को नष्ट कराते अधिकारी।

## बाजपुर में भी धान की पौध कराई नष्ट

**बाजपुर:** तहसील प्रशासन और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम हरसान में अवैध रूप से तैयार की जा रही धान की पौध के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है।

तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने लगभग एक बीघा क्षेत्र में उगाई गई पौध को मौके पर ही नष्ट कर दिया। प्रशासन को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में नियमों के विरुद्ध समय से पूर्व या अनाधिकृत तरीके से धान की पौध तैयार की जा रही है। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर विभाग ने तुरंत कार्रवाई की। तहसीलदार ने बताया कि यह कदम शासन के उन निर्देशों के तहत उठाया गया है, जो जल संरक्षण और कृषि चक्र को सुव्यवस्थित करने के लिए जारी किए गए हैं।

# चुनाव में 70 सीटों पर लड़ेगा उक्रांद

● **उक्रांद संसदीय बोर्ड के केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर कापड़ी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक**

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड क्रांति दल संसदीय बोर्ड के केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर कापड़ी के आगमन पर उक्रांद के कार्यालय पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अग्रिम रणनीति तय करने पर विचार विमर्श हुआ।

बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष कापड़ी ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल ही नहीं उत्तराखंड के लोगों का दिल है। उन्होंने कहा कि पहले दल को प्रत्याशी ढूंढने पड़ते थे। आज स्थिति यह है कि प्रत्येक विधानसभा में तीन या चार प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं। उन्होंने कहा कि टिकटों के आवंटन से पूर्व कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी होगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उक्रांद सभी 70 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतरेगा और प्रदेश में दल की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। सरकार बनते ही सबसे पहला कार्य उत्तराखंड की स्थाई राजधानी गैरसैंण बनाकर पहला विधानसभा सत्र गैरसैंण (चंद्र नगर)में आहूत किया जाएगा। बैठक में राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया, महामंत्री गोविंद बिष्ट, संगठन मंत्री कैलाश भट्ट, जिलाध्यक्ष राम सिंह धामी, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धन बहादुर चंद आदि उपस्थित रहे।



खटीमा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर कापड़ी।

## फर्म के खाते से 55 लाख हड़पने की कोशिश

**सितारगंज :** सितारगंज में एक स्टोन क्रशर मालिक के साथ लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कुंवरपुर स्थित 'राधे इंफ्रा सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड' की स्वामिनी राधा कुमारी ने अपने पूर्व मैनेजर और ममेरे भाई, सुधीर कुमार पर फर्म के बैंक खाते से फर्जी तरीके से 55 लाख रुपये निकालने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, आरोपी सुधीर कुमार को सितंबर 2022 में संदिग्ध गतिविधियों के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। आरोप है कि बर्खास्तगी के दौरान सुधीर ने फर्म के 8 हस्ताक्षरित चेक चोरी कर लिए थे। बाद में उसने इन चेकों में अपने जीजा सुबोध, बहन रेणु और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर 55 लाख रुपये की रकम भरकर उन्हें बैंक में भुनाने का प्रयास किया।

**आयोजन** — नोजगे पब्लिक स्कूल में किया गया कार्यक्रम

# महिला दिवस धूमधाम से मनाया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नोजगे पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबंधिका सुरेंद्र कौर ने कहा कि महिलाओं की शक्ति, उनके योगदान और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत से नई ऊंचाइयों को छू रही हैं और समाज के विकास में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य एचसी पंत, आरपी पंत, वीरेंद्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह सौन, मो उस्मान बाबर, धीरज गुप्ता, दीपेन्द्र गुरूंग, सुमित घोष, विनय नगरकोटी, नवीन चन्द, ललित चन्द, ललित पांडे, मीनू सक्सेना, ममता चन्द, कौशल्या सिंह, ममता सिंह, अभिषेक भटनागर, सुमन जोशी, कुसुम शर्मा, गीता धामी, नीमा तिवारी, पूर्णिमा, विशाल लाल, गिरीश जोशी, प्रकाश चन्द, जसप्रीत कौर, मंजू रावत, मनदीप कौर, मधुमिता मुखर्जी, रश्मि पहवा, अंकिता, नीता कापड़ी, सरिता कुमारी, मोनिका भटनागर, अदिति राय, शैलेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



नोजगे स्कूल में आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम में शिक्षिकाओं के साथ प्रबंधन।

# कैलाश नदी में खुदाई के दौरान मिला नरकंकाल

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** साधूनगर स्थित कैलाश नदी खनन क्षेत्र में शनिवार को आरबीएम (रेत-बजरी) की खुदाई के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया। मजदूर जब नदी में खुदाई कर रहे थे, तब उन्हें रेत के नीचे दबे शव के कुछ हिस्से दिखाई दिए, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही कोतवाल सुंदरम शर्मा के निर्देश पर एसआई कैलाश देव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव का एक पैर रेत से बाहर था, जबकि बाकी हिस्सा गहराई में दबा हुआ था। पुलिस ने जेसीबी की मदद से सावधानीपूर्वक खुदाई करवाकर शव को बाहर निकाला। बरामद कंकाल की पसलियां और हाथ-पांव की हड्डियां साफ दिखाई दे रही थीं। शव पर केवल एक कपड़ा लिपटा हुआ था। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव कई महीने पुराना और पूरी तरह गल चुका है। एसआई कैलाश देव ने बताया कि संभावना है कि यह शव नदी के बहाव में बहकर आया हो और आरबीएम के नीचे दब गया हो। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर खटीमा पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के गांवों और थानों से संपर्क किया जा रहा है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगा।

## व्यापारी के गल्ले से चुराए 40 हजार

**किच्छा:** कोतवाली अंतर्गत लालपुर क्षेत्र में युवक ने दुकान के गल्ले में रखी 40 हजार रुपये की नगदी चुरा ली और मौके से फरार हो गया। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम रामेश्वरपुर, कोतवाली किच्छा निवासी नवनीत सिंह ने बताया कि ग्राम लालपुर में महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के सामने उसकी पंजाब फीड स्टोर के नाम से दुकान है। पीड़ित के अनुसार 5 मार्च की दोपहर करीब ढाई बजे वह पड़ोस स्थित व्यापारी से वार्ता कर रहा था तथा उसकी दुकान में कोई मौजूद नहीं था। पीड़ित ने बताया कि इसी दौरान दुकान में घुसे अज्ञात युवक ने गल्ले का ताला खोलकर 40 हजार रुपये चुरा लिए।



शिक्षा भारती आदर्श विद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में मॉडल देखतीं शिक्षिकाएं।

## मॉडल प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**खटीमा :** शिक्षा भारती आदर्श विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर आधारित ज्ञानवर्धन प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों ने विज्ञान, सौर मंडल, पर्यावरण, कला एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित सुंदर एवं शिक्षाप्रद प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर में आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों ने अपने मॉडल और चार्ट प्रस्तुत करते हुए उसके संबंध में सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य अलका जोशी ने कहा कि प्रदर्शनी से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सीखने की रुचि बढ़ती है। इस अवसर पर रुचि बोरा, रश्मि बिष्ट, सीमा पांडे, रेखा, कुसुम, सुशील जोशी, रश्मि, दीपिका चौसाली, कुसुम, अंजू, रेखा, कमल आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### सात घंटे बिजली गुल होने से उपभोक्ता हुए प्रभावित

**काशीपुर :** 132 केवी लाइन में लाइन में तार बदलने का कार्य चल रहा है। इसके चलते शनिवार सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रही। बिजली गुल होने की वजह से कुंडेश्वरी क्षेत्र के 25 हजार उपभोक्ता प्रभावित हुए। ऊर्जा निगम के अवर अभियंता दीपक शर्मा ने बताया कि लाइन की मरम्मत कार्य के लिए सात और नौ मार्च को शट डाउन लिया गया है।

### घर से बाजार गई नाबालिग हुई लापता

**जसपुर :** घर से बाजार सामान लेने गई एक नाबालिग लापता हो गई। नाबालिग की मां ने अपनी बेटी की कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर निवासी एक महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी बीती 28 फरवरी से लापता है। पुलिस नाबालिग की खोजबीन में लगी है।

### जसपुर से सैकड़ों भाजपाई पहुंचे हरिद्वार

**जसपुर :** गृहमंत्री अमित शाह के हरिद्वार दौरे को लेकर स्थानीय भाजपाइयों में भारी उत्साह देखने को मिला। गृह मंत्री शाह को सुनने के लिए क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में भाजपाई हरिद्वार पहुंचे। शनिवार की सुबह भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह ने हरिद्वार जाने वाली बसों एवं वाहनों को रवाना किया। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल समेत कई भाजपा कार्यकर्ता हरिद्वार पहुंचे। प्रदेश सरकार के चार साल पूरे होने पर स्थानीय भाजपाई गदगद दिखाई दिए।

### हाईस्कूल की विज्ञान परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**काशीपुर :** उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल की विज्ञान परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। शनिवार को 16 केंद्रों में हाईस्कूल की विज्ञान परीक्षा हुई। जिसमें पंजीकृत 3103 परीक्षार्थियों में से 3007 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 96 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### चाचा-चाची पर भतीजी को 3 लाख में बेचने का आरोप

**बाजपुर :** रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने अपने सगे चाचा-चाची पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार, जब वह 15 वर्ष की थी, तब चाचा-चाची ने 3 लाख रुपये लेकर उसकी शादी जबरन हिमाचल प्रदेश के एक युवक से कर दी।पीड़िता का आरोप है कि वहां उसका शारीरिक शोषण और जबरन गर्भपात कराया गया। किसी तरह वापस लौटने पर चाची ने उसके साथ मारपीट की और चाचा उसे जान से मारने की धमकी देकर मामा के घर छोड़ आए।

# अवैध गर्भपात करने के आरोप में क्लीनिक सील

## अविवाहित युवती का ऑपरेशन करती संचालिका को रंगे हाथ किया गिरफ्तार , नहीं था कोई पंजीकरण

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शक्तिफार्म के मुख्य बाजार में संचालित 'गनेश प्राथमिक चिकित्सालय' पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से चल रहे गर्भपात के खेल का भंडाफोड़ किया है। उप जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी में क्लीनिक को सील कर दिया गया है।

लंबे समय से मिल रही शिकायतों के आधार पर शुक्रवार देर शाम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने संचालिका रंजना गंगवार को एक 25 वर्षीय अविवाहित युवती का अनाधिकृत रूप से गर्भपात करते हुए रंगे हाथ पकड़ा। जांच में पाया गया कि क्लीनिक का न तो कोई वैध पंजीकरण था और न ही संचालिका के पास एलोपैथिक दवाइयां रखने का लाइसेंस था। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि बिना पंजीकरण और अवैध गतिविधियों के चलते क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है और उच्चाधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी गई है।

**यूपी तक फैला है नेटवर्क:** सूत्रों के अनुसार, इस अवैध क्लीनिक का जाल स्थानीय स्तर के साथ-साथ सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के इलाकों तक फैला हुआ था। एजेंटों के माध्यम से यूपी से महिलाओं और युवतियों को गर्भपात के लिए यहां लाया जाता था। टीम ने मौके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित एमटीपी किट, गर्भनिरोधक सामग्रियां, सिल्डेनाफिल टैबलेट और सर्जिकल उपकरण (एलीज फोर्सेप्स, ड्रम फोर्सेप्स आदि) बरामद किए हैं।




सील किया गया गनेश प्राथमिक चिकित्सालय। ● अमृत विचार




जसपुर में अभिलेखों की जांच करते एसडीएम और तहसीलदार। ● अमृत विचार

### जन औषधि केंद्र में निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितता, सील

जसपुर : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित जन औषधि केंद्र की आड़ में चल रही दूसरी दुकान में अनियमितता पाए जाने पर एसडीएम ने उसे सील कर दिया। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मामले से अवगत कराया गया है। जन औषधि केंद्र की आड़ में दूसरी दुकान गलत तरीके से संचालित हो रही थी। शनिवार को जन औषधि केंद्र से महंगी दवाइयां बेचने की शिकायत पर एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार दलीप सिंह एवं चिकित्साधिक्षक धीरेंद्र मोहन गहलोत समेत केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्टॉक एवं अभिलेख चेक किए। मौके पर एसडीएम को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के विपरीत महंगी ब्रांडेड दवाइयों का स्टॉक मिला। उन्हें मरीजों को बेचा जा रहा था। साथ ही जन औषधि केंद्र बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के संचालित हो रहा था। जांच में मौके पर दवाइयों का स्टॉक रजिस्टर भी मेंटेन नहीं मिला। साथ ही कुछ एक्सपायरी दवाइयां भी स्टॉक में मिली। निरीक्षण के दौरान सीएचसी के डॉक्टरों द्वारा लिखी गई कुछ पर्चियां भी प्राप्त हुईं, जिनमें ब्रांडेड दवाइयां लिखी गई थीं। वहीं एक ब्रांडेड दवाइयों की दुकान भी जन औषधि केंद्र की आड़ में अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने दूसरी ब्रांडेड दवाइयों की दुकान को मौके पर ही सील कर दिया। मामले से मुख्य चिकित्साधिकारी एवं औषधि निरीक्षक को भी अवगत करा दिया। एसडीएम ने बताया कि अनियमितताओं की रिपोर्ट बना कर भेजी जा रही है। कहा कि जन औषधि योजना के तहत आमजन को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# तहबाजारी का ठेका दो करोड़ 63 लाख में छूटा

- चैती मेले को लेकर खोलीं निविदाएं, 19 मार्च से शुरू होगा ऐतिहासिक चैती मेला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** 19 मार्च से शुरू होने वाले ऐतिहासिक चैती मेले के लिये हुई टेंडर प्रक्रिया में दुकान व तहबाजारी का ठेका 2 करोड़ 63 लाख 56 हजार में छूटा। जबकि झूला तमाशा व सर्कस का ठेका रामपुर के आबिद इलेक्ट्रिक वर्क्स के नाम 1 करोड़ 72 लाख 51 हजार में लिया।

शनिवार को एसडीएम कार्यालय में चेती मेले टेंडर के लिए गठित समिति के समक्ष टेंडर प्रक्रिया हुई। जिसमें दुकान व तहबाजारी, पार्किंग व्यवस्था, झूला तमाशा व सर्कस, विद्युत साउंड एवं टेंट बैरिकेडिंग की व्यवस्था के लिये निविदाएं खोली गई। जिसके लिये 28 निविदाएं प्राप्त हुई थीं। इस दौरान दुकान एवं तहबाजारी का ठेका 2 करोड़ 63 लाख 56 हजार में देव एंटरप्राइजेज, वाहन पार्किंग का ठेका सादिक हुसैन ठेकेदार के नाम 18 लाख 21 हजार 786 रुपये, विद्युत एवं साउंड का ठेका देव इंटरप्राइजेज के नाम 16 लाख 11 हजार 777 और झूला, तमाशा एवं सर्कस का ठेका आबिद इलेक्ट्रिक वर्कर्स एवं कंपनी रामपुर के नाम एक करोड़ 72 लाख 51 हजार में छुटा। जबकि टेंट एवं बैरिकेडिंग के लिये हनुमंता ट्रेडर्स के नाम 10 लाख 95 हजार रुपये में निविदा स्वीकृत की गई। वहीं पिछले साल की तुलना में इस बार मेले के टेंडर में 4908820 रुपये की वृद्धि हुई है।

### अतिरिक्त पार्किंग शुल्क वसूलने से परिचालकों में नाराजगी

**काशीपुर :** अतिरिक्त पार्किंग शुल्क वसूलने को लेकर रोडवेज परिचालकों ने विरोध दर्ज कराया है।दिल्ली के आनंद विहार बस अड्डे के काउंटर पर बस लगाने के लिए डिपो को 590 रुपये पार्किंग शुल्क देना होता है। यह 590 रुपये मात्र 25 मिनट के लिए होते हैं। 25 मिनट से ज्यादा समय लगने पर बस पर अतिरिक्त पार्किंग शुल्क वसूला जाता है, जिसकी भरपाई डिपो रोडवेज कर्मियों से करती है। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के एक पदाधिकारी ने बताया कि दिल्ली आनंद विहार बस अड्डे पर बस को निकालने के दौरान जाम लगने की वजह से बस को निकालने में समस्या उत्पन्न होती है। इसके चलते अतिरिक्त पार्किंग शुल्क देना पड़ता है। डिपो प्रशासन ने 41 परिचालकों पर अतिरिक्त पार्किंग शुल्क वसूली कर रहा है, जिसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है। सहायक महाप्रबंधक को पत्र देते हुए कहा कि यदि पार्किंग शुल्क वसूला गया, तो रोडवेज कर्मी आंदोलन करेंगे, इसकी जिम्मेदारी डिपो प्रशासन की होगी।

# युवकों ने दो दोस्तों को पीटा, एक गंभीर घायल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** रेट्रो साइलेंसर से पटाखे छोड़ने का विरोध करने पर युवकों ने दो दोस्तों को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

विशाल नगर कॉलोनी जसपुर खुर्द निवासी विजय कुमार ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि होली वाले दिन उसका छोटा भाई राज कुमार किराना स्टोर से समान लेकर घर वापस जा रहा था। इस दौरान यामाहा एजेंसी के पास दो बाइकों का आपस में एक्सीडेंट हो गया था। जिस पर उसका भाई उनकी मदद करने के लिए रुका।

उसके साथ उसका दोस्त अजय भी था। तभी मोहल्ले के रहने वाले संजीव, सूरज और उनके 5-6 दोस्त साइलेंसर की जाली निकाल कर रोड पर तेज आवाज से पटाखे की आवाज निकाल रहे थे। जब उसके भाई ने सभी से ऐसा करने को मना किया, तो वह उसके भाई को गाली देने लगे। जब इसका विरोध किया, तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी है। आरोप है कि सूरज ने नीचे से ईंट उठाकर उसके भाई के सिर में मार दी तथा संजीव ने भाई के सिर में डंडा मार दिया, जिससे उसका भाई मौके पर ही बेहोश हो गया।

## एक और आरोपी को मिली जमानत

**काशीपुरः** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मनोज गर्ब्याल की अदालत ने आई लव मोहम्मद जुलूस मामले में पांच माह से जेल में बंद मो. दानिश का जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया। साथ ही 50 हजार रुपये, एक व्यक्तिगत बंद पत्र तथा इसी राशि के दो जमानती दाखिल करने पर जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये।

मोहल्ला अल्ली खां में हुए आई लव मोहम्मद प्रकरण में लगभग पांच माह से जेल में बंद मोहम्मद दानिश की जमानत प्रार्थना पत्र अली अनवर एडवोकेट व दिलशाद हुसैन एडवोकेट ने न्यायालय में प्रस्तुत किया। तर्कों को सुनने के बाद न्यायालय द्वारा मोहम्मद दानिश को जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया।

# सफाई की समस्याओं को लेकर पार्षद बनाएंगे सूची

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शहर को स्वच्छ बनाने के लिए निगम के सभी पार्षद अपने वार्ड की सफाई समस्याओं को लेकर सूची बनाएंगे।

शहर को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए महापौर दीपक बाली और नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में शनिवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में गहन मंथन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी सफाई गाड़ियां कूड़ा ढक कर ही ले जाएंगी। सभी पार्षद अपने वार्ड की सफाई संबंधित समस्याओं की सूची बनाकर जागरूकता बैठक में प्रस्तुत करेंगे। 10 विषयों के 10 जिम्मेदार लीडर अपनी टीम का गठन कर व्हाट्सप ग्रुप में टीम को जोड़ेंगे और नगर आयुक्त व सहायक नगर आयुक्त 10 जिम्मेदार लीडर के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। महापौर दीपक बाली ने कहा कि हमारी सबसे पहली और बड़ी जिम्मेदारी है कि हम अपने शहर को पूरी तरह से साफ, स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं। जनता को जागरूक किया जाए और समझाया जाए कि यह शहर उसका है और उसी के सहयोग के बगैर यह शहर साफ स्वच्छ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जब शहर साफ और स्वच्छ होगा तो स्वच्छता की रैंकिंग में बदलाव आना लाजमी है, लेकिन हम यह सब केवल रैंकिंग के लिए नहीं बल्कि सफाई के मामले में हमारा शहर अलग ही दिखाई दे।

बैठक में सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, नगर निगम कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, सभी पार्षदगण, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, पीएमयू टीम, एमएस डब्ल्यूएम टीम, सुपरवाइजर टीम आदि आदि मौजूद रहें।



काशीपुर में आयोजित बैठक में सफाई को लेकर चर्चा महापौर दीपक बाली और पार्षद। ● अमृत विचार

# छात्राओं ने निकाली मद्यपान निषेध रैली




काशीपुर में मद्यपान निषेध रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**काशीपुरः** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज काशीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन मद्यपान निषेध रैली निकाली गई।

रैली के अलावा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मलिन बस्ती महेशपुरा के लोगों को जागरूक किया गया। बौद्धिक सत्र के अंतर्गत प्रभात सक्सेना ने परीक्षा पे चर्चा की गई और लेखन शैली में सुधार करके अपनी बौद्धिक क्षमता का विकास करने की सलाह दी।

# पूर्व सभासद के घर चल रहा था अवैध बूचड़खाना

- 6 क्विंटल मांस बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** केलाखेड़ा पुलिस ने नगर में अवैध रूप से मवेशियों का वध कर मांस बेचने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। शनिवार को पुलिस ने मोहल्ला रत्ना मड़ैया में पूर्व सभासद मेहरोज जहां के घर पर छापेमारी कर करीब 600 किलो (6 क्विंटल) मांस, तीन खालें, वध के औजार और एक पिकअप वाहन बरामद किया। मौके से पांच जिंदा मवेशियों को भी मुक्त कराया गया है।

पुलिस ने मौके से मुरादाबाद निवासी मोहसिन को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह पूर्व सभासद मेहरोज जहां और उसके पति हनीफ कुरैशी के साथ मिलकर अवैध वध करता था और इस मांस को काशीपुर ले जाकर बेचा जाता था। कार्रवाई के दौरान पूर्व सभासद और उसके पति समेत चार लोग फरार होने में कामयाब रहे, जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

**विधिक कार्रवाई और निस्तारणः** पशु चिकित्सकों की जांच में बरामद मांस मवेशियों का होने की पुष्टि हुई, जिसे बाद में गड्ढा खोदकर नष्ट कर दिया गया। मुक्त कराए गए पांचों मवेशियों को गौ सेवा संस्था गणेशपुर के सुपुर्द किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 325 और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी धर्मवीर सोलंकी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक सुशील कुमार और हेड कांस्टेबल फरीद खान समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, हाल के दिनों में अब तक 1500 किलो से अधिक अवैध मांस नष्ट कराया जा चुका है।



केलाखेड़ा में कार्रवाई करती पुलिस टीम व पशु चिकित्सा अधिकारी। ● अमृत विचार



काशीपुर के स्टेडियम में योग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### खिलाड़ियों को योगासन के लिए किया प्रेरित

**काशीपुर :** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से संचालित एसटीसी काशीपुर में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिट इंडिया वीमेंस डे पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य महिलाओं को योगासन के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना था। महिलाओं एवं खिलाड़ियों को योगासन के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करुणा आर्य (योगा एसोसिएशन, यूके) रहीं। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं का शारीरिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों और महिलाओं को नियमित व्यायाम करने तथा योगासन के गुण सीखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसटीसी काशीपुर के प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों तथा अन्य स्टाफ सदस्यों की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने महिलाओं के लिए योगासन जैसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**कार्यक्रम** — महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और समय-समय पर जांच कराने के बारे में जानकारी दी गई

# 35 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म हुई

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत बरहैनी स्थित पंचायत घर में न्याय पंचायत क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों की ओर से गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 35 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म निभाई गई और उन्हें फल व मिष्ठान भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मनप्रीत कौर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से गर्भवती महिलाओं का मनोबल बढ़ता है और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। उन्होंने महिलाओं से गर्भावस्था के दौरान पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने की अपील भी की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और समय-समय पर जांच कराने के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में एक टोकरी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को फल और मिष्ठान भी वितरित किए गए। इस मौके पर सुपरवाइजर जानकी जोशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमा जोशी, अनीता गुप्ता, दमयंती, मुन्नी, भागा देवी, अनिता देवी, बलजीत कौर, संतोष देवी, अंजू, सुमन, शांति देवी, उर्मिला पाठक, पूजा देवी, रेखा सैनी, संगीता आर्य, रेखा सेन, गीता सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।



बरहैनी पंचायत घर में गोदभराई की रस्म के दौरान गर्भवती महिलाएं। ● अमृत विचार

## पुलिस ने 1950 लीटर अल्कोहल किया नष्ट

**काशीपुरः** कोतवाली काशीपुर पुलिस ने एक मुकदमे से संबंधित 1950 लीटर अल्कोहल को कोर्ट के आदेश पर नष्ट कर दिया। इस दौरान आबकारी इंस्पेक्टर व पुलिस उपाधीक्षक समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। शनिवार को काशीपुर कोतवाली में एक मुकदमे से संबंधित 1950 लीटर अल्कोहल को कोर्ट की स्वीकृति के बाद नष्ट कर दिया गया। अल्कोहल को कोतवाली में ही जेसीबी की मदद से गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया। यह अल्कोहल लगभग 6-7 महीने पहले कुंडेश्वरी क्षेत्र से बरामद किया गया था। इस दौरान सीओ वैभव सैनी, कोतवाल हरेंद्र चौधरी, आबकारी निरीक्षक, एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई अजीत सिंह, आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# होली मिलन में महिलाओं का धमाल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** भाजपा मंडल मंत्री पूजा जिंदल के निवास स्थान पर शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक व देशी अंदाज में होली खेलते हुए एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान महिलाओं ने देशी लुक और पारंपरिक तरीके से होली मनाते हुए उत्साह के साथ त्योहार का आनंद लिया। कार्यक्रम में लोकगीतों और होली गीतों के बीच सभी ने मिलकर हंसी-खुशी के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, जिसे मिल-जुलकर मनाना हमारी संस्कृति की पहचान है। कार्यक्रम में सविता शर्मा, पूनम अग्रवाल, कविता गर्ग, रीमा सरना, आभा तिरारा, सहलनी शर्मा, शमा जैन, मीना बंसल, ममता जैन, अंजू, रचना, अनीता, अनामिका, नेहा, श्वेता, टीना, रीना, दीपा, सारिका, आकांक्षा, अपूर्वा, किरिका, उपासना, निशा शर्मा, गीता चंद्रा, सोनिया, अनु चोपड़ा आदि उपस्थित रहीं।



भाजपा मंडल मंत्री पूजा जिंदल के आवास पर होली मिलन समारोह में शिरकत करतीं महिलाएं।

ब्रीफ न्यूज

## दंपती से मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**बागेश्वर :** कोतवाली पुलिस ने दंपति के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक जीएल साह ने बताया कि पांच फरवरी को एक महिला ने कोतवाली में दर्ज प्राथमिकी में कहा कि वह अपने पति के साथ स्कूटी पर जा रही थी। तभी रास्ते में चार लोगों ने उनके पति के साथ मारपीट की। जब उसने इसका विरोध किया तो उनके द्वारा उसके साथ भी मारपीट व अभद्रता की गई। पुलिस ने मामला पंजीकृत करके आरोपियों की तलाश प्रारंभ की। बताया कि आरोपी पवन कनवाल पुत्र भगवत सिंह कनवाल को गिरफ्तार कर लिया है।

## कर्मचारियों पर धमकी देने का लगाया आरोप

**अल्मोड़ा :** भाजपा नेता मनोज बिष्ट ने नगर निगम के दो कर्मचारियों पर अभद्रता करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को जौहरी बाजार क्षेत्र की एक गली में फैली गंदगी का वीडियो सोशल मीडिया में डालने के बाद कर्मचारियों ने उन्हें बुलाकर अभद्र व्यवहार किया और एससी व एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि इस तरह से कर्मचारियों द्वारा धमकाना बेहद गंभीर मामला है। कहा कि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए।

# रसोई गैस के दामों में वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन

### कांग्रेसियों ने चौघानपाटा में नारेबाजी के बीच केंद्र सरकार का पुतला फूंका, बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने शनिवार को केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन कर महंगाई के विरोध में जोरदार नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि गैस सिलेंडर के दामों में लगातार बढ़ोतरी से आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है और गरीब तथा मध्यम वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार उस पर नियंत्रण पाने में विफल साबित हो रही है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में हो रही वृद्धि से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर जनता महंगाई से त्रस्त है, वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। कांग्रेस पार्टी आम जनता के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गैस के दामों में बढ़ोतरी वापस नहीं



अल्मोड़ा में शनिवार को केंद्र सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

ली गई तो कांग्रेस को सड़कों पर उतरकर और बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा।

पुतला दहन में नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, संजू सिंह, विनोद वैष्णव, नारायण दत्त पांडेय, आनंद सिंह बगड़वाल, तारा चंद्र साह, दीप डांगी, रमेश भाकुनी, गोपाल सिंह चौहान, मनोज जोशी, गोविंद मेहरा, महिपाल राजपूत, शरद साह, दीपा साह, श्याम सिंह चौहान, मुकेश कुमार, वैभव पांडेय, मनोज बिष्ट, दानिश खान, गोपाल भगत, कार्तिक साह, ऋषभ चौहान, देव सिंह चौहान, अशोक गोस्वामी, जया जोशी, प्रीति बिष्ट, तारा तिवारी, किरण आर्या, शुभांशु रौतेला, वकुल साह, दीपेश कांडपाल और नंदा बल्लभ जोशी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।





रसोई गैस के दाम बढ़ाने के विरोध में रानीखेत में सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी।

## घरेलू गैस की कीमतों में हुई वृद्धि को वापस लेने की मांग

**रानीखेत :** घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 की बढ़ोतरी के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक, रानीखेत में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ी हुई कीमतों को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए और सरकार से गैस की बढ़ी हुई कीमतों को तुरंत वापस लेने की मांग की। गांधी चौक, रानीखेत में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष गीता पवार ने की। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में बढ़ती महंगाई और गैस की कीमतों के खिलाफ भाजपा सरकार का पुतला दहन अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, रजनी जोशी, स्वाति बंसल, रितु अग्रवाल, कंचन आर्या, कुसुम जोशी, कुलदीप बिष्ट, जीतन जयाल, प्रदीप रावत, सुरेन्द्र पवार, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

# भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत का भावपूर्ण स्मरण



अल्मोड़ा में भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत को श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर शनिवार को राजकीय संग्रहालय अल्मोड़ा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने पंत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके जीवन तथा योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में संग्रहालय के प्रभारी निदेशक डॉ. चन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि पंत देश के महान स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने संयुक्त प्रांत के प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और बाद में देश के केंद्रीय गृहमंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक सुधार, शिक्षा के विस्तार और जनकल्याण से जुड़े कई कार्य आगे बढ़े। यहां शिवराज बिष्ट, अखिलेश कुमार मौर्य, जन्मजेय तिवारी, रवि बिष्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर पं. पंत को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अल्मोड़ा :** भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की 65वीं पुण्यतिथि पर स्याल्दे क्षेत्र के भाकुड़ा स्थित पंत चौक में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि पंत का स्वतंत्रता संग्राम और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने अपने नेतृत्व और कार्यों से समाज और प्रशासन को नई दिशा दी। यहां संयोजक विजेंद्र उनियाल, राज्य आंदोलनकारी राजेंद्र नेगी, प्रमुख मथुरा दत्त, कनिष्ठ उप प्रमुख दुर्गा देवी, बीडीसी भूपाल कत्यूरा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा मंत्री से मिले डीएलएड प्रशिक्षु

- प्राथमिक शिक्षक भर्ती जल्द शुरू करने की मांग उठाई
- अप्रैल के पहले सप्ताह से भर्ती प्रक्रिया शुरू होने का आश्वासन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** डीएलएड बैच 2021-22 के प्रशिक्षुओं ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से मुलाकात कर प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग उठाई। प्रशिक्षुओं ने कहा कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद भी लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं होने के कारण वे इंतजार कर रहे हैं।

प्रशिक्षुओं ने शिक्षा मंत्री को बताया कि उन्होंने डीएलएड का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है, लेकिन अभी तक प्राथमिक शिक्षकों की नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। इससे बड़ी संख्या में प्रशिक्षित युवा रोजगार के अवसर से वंचित हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाए ताकि योग्य प्रशिक्षुओं को शिक्षा विभाग में सेवाएं देने का अवसर मिल सके। इस पर शिक्षा मंत्री ने प्रशिक्षुओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि विभाग की ओर से प्राथमिक शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह से भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे प्रशिक्षित युवाओं को मौका मिल सके। इस दौरान हरीश, विवेक, अंशुमन, मोहित, अनूप, शिवानी, रितेश, ईश्वर, नवीन, साक्षी, सिमरन सहित अन्य प्रशिक्षु मौजूद रहे।



शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते डीएलएड प्रशिक्षु। ● अमृत विचार

## 6104 छात्रों ने दी विज्ञान की परीक्षा

**अल्मोड़ाः** जिले में शनिवार को उत्तराखंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की विभिन्न विषयों की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गईं। जनपद के 111 परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा में 6164 पंजीकृत छात्रों में से 6104 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जबकि 60 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी में 164 में से 162, आईटीईए में 41 में से 40 तथा हाईस्कूल ब्यूटी एंड वैलनेस में 26 में से 25 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जिला नियंत्रण कक्ष प्रभारी जनार्दन तिवारी ने बताया कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई।

# अवैध शस्त्र रखने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचारः** शस्त्र अधिनियम-2016 के प्रभावी क्रियान्वयन और जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की तृतीय त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की।

बैठक में अवैध शस्त्रों की आवाजाही, आर्म्स लाइसेंसों के सत्यापन, मुकदमों की स्थिति, लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई तथा जब्त हथियारों के प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध हथियारों का व्यापार सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है और इससे अपराधों को बढ़ावा मिलता है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस और प्रवर्तन एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ मजबूत इंटेलिजेंस नेटवर्क विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि हथियारों की तस्करी के संभावित मार्गों और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा सके। कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने शस्त्र लाइसेंस धारकों के रिकॉर्ड का नियमित सत्यापन और गन हाउस के स्टॉक की सघन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



चम्पावत में बैठक लेते डीएम मनीष कुमार, साथ में एसपी रेखा यादव। ● अमृत विचार

बैठक में बताया गया कि जनपद चम्पावत में वर्तमान में शस्त्र से संबंधित कोई मुकदमा दर्ज नहीं है और न ही कोई हथियार जब्त किया गया है। हालांकि तकनीकी मानकों का पालन न करने के कारण 23 लाइसेंस धारकों के यूआईएल नंबर जारी न होने पर उनके लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। जिलाधिकारी ने तहसीलदारों और कोतवालों को गन हाउस का संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही गन हाउस और तहसीलों के मालखानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने कहा कि अवैध शस्त्रों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस विभाग जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है। उन्होंने थाना स्तर पर शस्त्रों के सत्यापन की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम कृष्णानाथ गोस्वामी, एसडीओ वन सुनील कुमार, कोतवाल बीएस बिष्ट, तहसीलदार टनकपुर जगदीश नेगी, तहसीलदार चम्पावत बृजमोहन आर्या और तहसीलदार लोहाघाट मोईन मलिक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस टीम के साथ पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

## 13 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बनबसा :** पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देश पर नशा तस्करों के विरुद्ध पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एसओजी पुलिस टीम के द्वारा 13.10 ग्राम स्मैक के साथ तीन स्मैक तस्कर दो मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया। सीओ वंदना वर्मा के नेतृत्व में एसओजी टीम द्वारा चेकिंग के दौरान हुड्डी नदी जंगल जगबूड़ा पुल के पास अमन चन्द से 04.75 ग्राम, विपिन आर्या से 4.83 ग्राम, दिनेश चन्द को 3.52 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह यह स्मैक अजय उर्फ अंकित, निवासी नानकमत्ता, जिला उधम सिह नगर से खरीद कर लाये थे। तीनों आरोपी स्मैक पीने के आदी हैं। उधर थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसओजी टीम में प्रभारी कमलेश, हेड कांस्टेबल मतलूब खान, कांस्टेबल, उमेश राज रहे।

# गांजे के साथ दो युवक किए गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से 10.250 किलो गांजा बरामद हुआ
- चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने भिकियासैंण तिराहे से पकड़ा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान भतरौजखान पुलिस ने भिकियासैंण तिराहे से दो युवकों को गांजे के साथ दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से 10.250 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भतरौंजखान थानाध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में टीम गस्त पर थी। इस दौरान क्षेत्र के भिकियासैंण तिराहे पर वाहन संख्या यूके 07 डीजी 6485 को रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपी बिल्ला सिंह उर्फ बिल्लू पुत्र बचन सिंह निवासी मिलक नौखरीद थाना स्वार रामपुर, यूपी व सतीश कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी मिलक नौखरीद थाना स्वार रामपुर यूपी के कब्जे से 10.250 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की कीमत दो लाख 50 हजार रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी चौकी भिकियासैंण एसआई संजय जोशी, हेड कांस्टेबल शमीम अहमद, आरक्षी भूपेंद्र जीना शामिल रहे।



भतरौजखान पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्करी के आरोपी। ● अमृत विचार

# पुनेठी में शूटिंग रेंज और लॉन टेनिस कोर्ट बनेगा

- राजस्व विभाग की 0.2 हेक्टेयर भूमि को खेल विभाग को हस्तांतरित

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** जनपद के युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पुनेठी स्थित राजस्व विभाग की 0.2 हेक्टेयर भूमि को खेल विभाग, उत्तराखण्ड को हस्तांतरित कर दी गई है। इस भूमि पर शूटिंग रेंज और लॉन टेनिस कोर्ट का निर्माण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत भ्रमण के दौरान जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए शूटिंग रेंज के निर्माण की घोषणा की थी। इसी क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तुत आख्या और संस्तुति के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।

डीएम ने कहा कि शासन की इस पहल से जनपद के युवाओं के लिए नए द्वार खुलेंगे, शूटिंग रेंज और लॉन टेनिस कोर्ट के निर्माण से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## सिख रेजीमेंट के जवान ने दिखाई ईमानदारी



बाजार में मिले पर्स को लौटाते जवान।

**अल्मोड़ाः** बाजार क्षेत्र में सिख रेजीमेंट के हवलदार को सड़क किनारे एक पर्स पड़ा मिला। पर्स की तलाशी लेने पर उसमें नगदी के साथ पहचान से जुड़े दस्तावेज मिले, जिसके आधार पर जवान ने पर्स के मालिक से संपर्क किया। बाद में उन्होंने पर्स को उसके स्वामी को सुरक्षित लौटा दिया। खोया हुआ पर्स वापस मिलने पर पर्स स्वामी ने जवान का आभार व्यक्त किया।

# रानीखेत में भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास जारी

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचारः** यहां चौबटिया स्थित फॉरेन ट्रेनिंग नोड में भारत और जापान के बीच सातवां संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन' जोर-शोर से जारी है।

यह अभ्यास 24 फरवरी 2026 से शुरू हुआ है और 9 मार्च 2026 तक चलेगा। यह दोनों देशों की सेनाओं के बीच सैन्य साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अभ्यास से दोनों सेनाओं के बीच सहयोग को नई ऊंचाइयां मिलेंगी और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की संयुक्त क्षमता भी मजबूत होगी। यह अभ्यास हरे-भरे और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है।

जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभ्यास साझा सुरक्षा चुनौतियों, विशेषकर वैश्विक आतंकवाद के बदलते खतरे को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स के बीच सैन्य सहयोग को और सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि अभ्यास में जापान की ओर से जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स की 32वीं इन्फेंट्री रेजीमेंट के चुनिंदा सैनिक भाग ले रहे हैं, जबकि भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व लद्दाख स्काउट्स की एक विशेष टुकड़ी कर रही है।

विरोध पर्यावरण बटालियन शिफ्ट करने के विरोध में महिलाओं ने रैली निकाली, पूर्व सैनिकों ने दिया धरना

# पिथौरागढ़ में पूर्व सैनिकों के परिजन सड़कों पर उतरे

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचारः** पर्यावरण बटालियन शिफ्ट करने के विरोध में पूर्व सैनिकों के परिजन सड़कों पर उतरे। महिलाओं, बच्चों ने नगर में रैली निकाली जबकि पूर्व सैनिकों ने धरना दिया। पूर्व सैनिकों के आश्रितों ने कहा कि पर्यावरण बटालियन शिफ्ट कर हमारे जिले, प्रदेश के पर्यावरण को खतरे में डाला जा रहा है जो हमारे भविष्य के लिए सही नहीं है।

शनिवार को पूर्व सैनिकों के आश्रित टकाना पहुंचे इसमें महिलाएं बच्चे शामिल रहे। सभी ने यहां से कलक्ट्रेट तक सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक सेवानिवृत्ति के बाद पर्यावरण बटालियन का हिस्सा बनकर देश की सेवा कर रहे हैं। उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से पलायन भी रुक रहा है। अब अरावली को बचाने के लिए पर्यावरण बटालियन को शिफ्ट कर पूर्व सैनिकों के हितों की अनदेखी की जा रही है। वहीं जिले और प्रदेश के पर्यावरण को भी खतरे में डाला जा रहा है। इसके बाद सभी ने कलक्ट्रेट पहुंचकर पूर्व सैनिकों के साथ धरना दिया। चेतावनी देते हुए कहा इस फैसले को वापस लेने तक आंदोलन नहीं थमेगा।



पिथौरागढ़ में रैली निकालते पूर्व सैनिकों के परिजन। ● अमृत विचार

# पुलिया निर्माण में देरी को लेकर जताई नाराजगी

- एसडीएम ने निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** आगामी बरसात को देखते हुए चकरपुर में निर्माणाधीन पुलिया के कार्य में कथित देरी को लेकर परगना अधिकारी डॉ. अमृता शर्मा ने गहरी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान परगना अधिकारी ने कार्यदायी संस्था तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बरसात से पहले पुलिया निर्माण का प्रथम चरण हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा नहीं किया गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश भी दिए, ताकि बरसात के दौरान आवागमन प्रभावित न हो और क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिल सके।

अमृत विचार
रविवार, 8 मार्च 2026



जडभूतविकारेषु चैतन्यं यत्तु दृश्यते।
ताम्बूलपूगचूर्णानां योगाद् राग इवोत्थितम्।।

चार्वाक कहते हैं, जिस प्रकार पान के पत्ते और सुपाड़ी के चूर्ण के संयोग से लाल रंग होठों पर छा जाता है, उसी प्रकार इन चेतना शून्य घटक तत्वों के परस्पर संयोग से चेतना की उत्पत्ति होती है। यानी चेतना आत्मा या तत्तुल्य किसी अन्य अभौतिक सत्ता की विद्यमानता से नहीं आती है। विभिन्न पदार्थों के सेवन से चेतना की तीव्रता कम-ज्यादा हो जाती है, जिससे स्पष्ट है कि ये ही पदार्थ चेतना के कारण हैं।



# युद्ध को ईश्वर की योजना बताने का प्रयास घातक

अमेरिका सारी दुनिया को पंथनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाता रहता है, लेकिन वर्तमान अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष के संदर्भ में एक विचित्र प्रवृत्ति सामने आ रही है। इस युद्ध को कुछ लोग सीधे धार्मिक भविष्यवाणियों और अंधविश्वास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पत्रकार जोनाथन लार्सन द्वारा अमेरिकी सेना के भीतर मजहबी कट्टरवाद और सैनिक अधिकारियों द्वारा बाइबल की भविष्यवाणियों के प्रयोग का प्रश्न उठाया है। मिलिट्री रिलिजियस फ्रीडम फाउंडेशन को ऐसी 110 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतें 30 से ज्यादा सैनिक ठिकानों और 40 इकाइयों से जुड़ी हैं।

कुछ कमांडरों पर आरोप है कि वे ईरान के साथ संभावित युद्ध को ईश्वर की दिव्य योजना बता रहे हैं। यीशु की वापसी का विश्वास है। युद्ध को यीशु की वापसी मार्ग में कहा जा रहा है। शिकायत करने वालों में केवल नास्तिक ही नहीं बल्कि ईसाई, मुस्लिम और यहूदी सैनिक भी शामिल हैं। उनका कहना है कि ऐसी बयानबाजी सैनिक एकता और संविधान की शपथ दोनों का उल्लंघन करती हैं। अमेरिका में सैनिक अनुशासन के स्पष्ट नियम हैं। अमेरिकी सेना में धर्म प्रचार की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद अंधविश्वास से जुड़ी शिकायतें बढ़ रही हैं। सेना की चिंता है कि कुछ कमांडर मजहबी संदर्भों का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे युद्ध को पवित्र और अनिवार्य सिद्ध करने के लिए धार्मिक ग्रंथों का सहारा ले रहे हैं।

लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारंभ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया। एक एनसीओ ने लिखा है कि कमांडर को नेताओं ने सैनिकों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए कहा कि यह युद्ध ईश्वर की दिव्य योजना का हिस्सा है। उन्होंने बाइबल के 'बुक ऑफ रेवलेशन' का संदर्भ देते हुए आर्मगेडन और यीशु की वापसी से जुड़े प्रसंग दोहराए हैं। युद्ध प्रत्यक्ष मानवीय कार्रवाई है। परिस्थितियों के कारण ही युद्ध जैसे कर्म संभव होते हैं। भू-सामरिक कारण युद्ध को बढ़ाते या घटाते हैं। युद्ध में ईश्वर को घसीटना उचित नहीं है। युद्ध और बर्बरता ईश्वर की योजना का परिणाम नहीं होते। शिकायत करने वाले एनसीओ ने ठीक चेतावनी दी है कि ऐसे अंधविश्वासी वक्तव्य उचित नहीं होते। ऐसे वक्तव्य साहस और एकजुटता को नष्ट करते हैं। संविधान की रक्षा की शपथ का उल्लंघन भी करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना में मजहबी कट्टरवाद और बाइबल की भविष्यवाणियों के प्रयोग पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं।

> लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारंभ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

बाइबल में अंत समय और आर्मगेडन की भविष्यवाणियों का उल्लेख है। आर्मगेडन शब्द बाइबल की 'बुक ऑफ रेवलेशन' में आया है। यह धारणा अच्छाई और बुराई के बीच होने वाले अंतिम युद्ध से जुड़ी है। अनेक ईसाई मानते हैं कि आर्मगेडन का युद्ध ईसा मसीह की पृथ्वी पर दूसरी वापसी का संकेत होगा, जब वे बुराई को पराजित कर शांति स्थापित करेंगे। कुछ व्याख्याओं में वर्तमान युद्ध और अशांति को भी ईश्वर की योजना का हिस्सा माना जाता है, ताकि भविष्यवाणी पूरी हो सके। सैनिकों की चिंता यह है कि कुछ कमांडर इन धार्मिक संदर्भों का उपयोग युद्ध को पवित्र या अनिवार्य सिद्ध करने के लिए कर रहे हैं। यह सैन्य अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। इतिहास में तथ्य है कि जब-जब युद्ध को धर्म का आवरण मिला है, तब-तब उसका स्वरूप अधिक क्रूर और बर्बर हुआ है। मध्यकालीन यूरोप के धर्मयुद्ध इसका उदाहरण हैं। धर्म के नाम पर लड़े गए युद्धों में लाखों लोग मारे गए, नगर उजड़ गए। सभ्यताओं को भी गहरी चोट पहुंची। युद्ध की ज्वाला जब धार्मिक आवेश से जुड़ जाती है, तो विवेक का स्थान उन्माद ले लेता है।

आधुनिक राष्ट्र-राज्य की अवधारणा इसी अनुभव से विकसित हुई। आधुनिक लोकतंत्रों ने राज्य और धर्म को अलग रखने की व्यवस्था बनाई कि युद्ध जैसे निर्णय राष्ट्रीय हित के आधार पर लिए जाने चाहिए। अंधविश्वास के आधार पर लिए गए ऐसे निर्णय उचित नहीं होते। अमेरिका स्वयं को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों का अग्रदूत मानता है। उसकी सेना संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेती है, किसी धर्मग्रंथ के प्रति नहीं, इसलिए अमेरिकी सेना में धार्मिक प्रचार या कट्टरता को लेकर उठ रही शिकायतें चिंताजनक हैं।

पश्चिम एशिया की राजनीति में प्रयुक्त भाषा पर भी विचार आवश्यक है। हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक टिप्पणी आई कि 'यहूदियों ने बहुत बड़ी गलती कर दी।' यह कथन भी मजहबी है। यह गंभीर समस्या उत्पन्न कर सकता है। किसी राज्य की नीति या कार्रवाई की आलोचना एक बात है, लेकिन उसे किसी पूरे धार्मिक समुदाय से जोड़ देना दूसरी बात है। उचित यह होता कि कथन इस प्रकार होता कि 'इजराइल ने बहुत बड़ी गलती कर दी।' अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भाषा का संयम अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी राष्ट्र की नीति की आलोचना और किसी धार्मिक समुदाय के प्रति आरोप में स्पष्ट भेद होना है।

युद्ध का निर्णय अत्यंत गंभीर राजनीतिक और सामरिक निर्णय होता है। इसके पीछे कूटनीति, रणनीति, सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय समीकरण जैसे अनेक तत्व महत्वपूर्ण होते हैं। धार्मिक भविष्यवाणियों को निर्णायक मानने से विवेकपूर्ण निर्णय प्रक्रिया विकृत हो जाती है। सैनिकों का मनोबल भी प्रभावित होता है। सैनिक किसी धर्मयुद्ध के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा के लिए लड़ते हैं।

आधुनिक विश्व पहले ही अनेक मजहबी पंथिक संघर्षों से जूझ रहा है। पश्चिम एशिया इसका बड़ा उदाहरण है। यदि महाशक्तियों की सेनाओं में भी धार्मिक कट्टरता का प्रभाव बढ़ने लगे, तो अंतर्राष्ट्रीय शांति और अधिक संकट में पड़ सकती है, इसलिए अमेरिकी समाज और सेना के भीतर उठ रहे ये प्रश्न केवल आंतरिक अनुशासन का मामला नहीं हैं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय भी हैं। युद्ध के समय संयम और विवेक की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। सैनिक नेतृत्व का दायित्व है कि वह अपने अधीनस्थों को एकजुट रखे, उनके भीतर पेशेवर अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा की भावना मजबूत करे। नेतृत्व को पंथिक व्याख्याओं से युद्ध को पवित्र बताने से बचना चाहिए। यह सैन्य व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है।

युद्ध मानवीय विफलता का प्रतीक है। किसी दिव्य योजना का परिणाम नहीं। सहअस्तित्व और संवाद ही स्थायी समाधान के मार्ग हैं। युद्ध को ईश्वर की योजना बताने से हिंसा के लिए एक नया नैतिक औचित्य तैयार होगा। यह मानवता के लिए घातक है। युद्ध और पंथिक विश्वास के बीच स्पष्ट दूरी आवश्यक है। सैन्य संस्थाओं को अपने मूल पंथनिरपेक्ष अनुशासन को कठोरता से लागू करना चाहिए। पंथिक अंधविश्वास विवेकपूर्ण नहीं होते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल: तमाम देशों को सबक है चुनाव नतीजे

नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है, जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अय्याशीपूर्ण जीवन शैली की आग धधक रही थी। देखा जाए तो चुनावी लहर इसे ही कहते हैं, जहां किसी के पक्ष में सहानुभूति की जगह बदले की आग थी, जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गईं। यहां नेपाली कांग्रेस भी भस्म हुईं, तो कम्युनिस्ट पार्टियां भी स्वाहा हो गईं। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

चुनाव प्रारंभ होने के कुछ दिन बाद सत्ता में आ रही, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने का कयास लगाया जा रहा था और चार बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए एतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिल रही शानदार बढ़त से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली मर्तबा पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब होने जा रहा है। इस चुनाव परिणाम से सर्वाधिक खुश नेपाल के वे 70 प्रतिशत युवा हैं, जिन्होंने एतिहासिक बदलाव की इबारत लिखी।

> नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझकर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है।

बालेन शाह के नेतृत्व में बनने जा रही नेपाल की पूर्ण बहुमत की सरकार के काम-काज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है। इस पार्टी के दो प्रमुख चेहरे बालेन शाह और रवि लामी छाने की कोई लंबी राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। बालेन शाह इंजीनियर और रैपर रहे हैं, जबकि रवि लामी छाने की शिनाख्त एक पत्रकार की रही है। 2022 के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और 20 सीटों पर धमाकेदार जीत दर्ज की। बालेन शाह काठमांडू के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे, निर्दल मेयर का चुनाव लड़े और काठमांडू का मेयर बन गए।

एक मेयर से नेपाल का प्रधानमंत्री बनने जा रहे, बालेन शाह का जन्म एक साधरण शिक्षक परिवार में हुआ था। पढ़ाई इस स्तर की थी कि वे दो चार लाख रुपये महीने की नौकरी कर अच्छा जीवन बिता सकते थे, लेकिन उन्हें सनक थी संपूर्ण नेपाल के जीवन शैली सुधारने की। नेपाली जनता ने उन्हें यह मौका दे दिया है। अब नेपाल को तरक्की की ओर ले जाने की जिम्मेदारी उनकी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पूरी नहीं हुई सबके लिए आवास योजना

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए कभी अपना पक्का मकान होना किसी सपने से कम नहीं था। खेतों में दिन-रात मेहनत करने वाले गरीब परिवारों के लिए यह सपना अक्सर कई पीढ़ियों तक अधूरा रह जाता है। इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शुरू की, ताकि कच्चे या जर्जर घरों में रहने वाले परिवारों को पक्का आवास मिल सके। फिर भी देश के कई गांवों में ऐसे लोग आज भी हैं, जिनके लिए यह सपना अभी तक अधूरा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भारत में गरीब परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। यह योजना केवल घर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ स्वच्छ शौचालय, बिजली, पानी और स्वच्छ ऊर्जा जैसी सुविधाओं को भी जोड़ने की कोशिश की गई है ताकि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सके।



काजल कुमारी
एक्टिविस्ट

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शुरुआत साल 2016 को 'सबके लिए आवास' के लक्ष्य के साथ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बेघर परिवारों या कच्चे और जर्जर घरों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ पक्का घर उपलब्ध कराना है। योजना के तहत सामान्य क्षेत्रों में एक घर के निर्माण के लिए लगभग 1.20 लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जबकि पहाड़ी और कठिन क्षेत्रों में यह राशि 1.30 लाख रुपये तक होती है। लाभार्थियों का चयन सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना, ग्राम सभा की स्वीकृति और तकनीकी सत्यापन की प्रक्रिया के आधार पर किया जाता है, तथा राशि सीधा लाभार्थियों के बैंक खाते में किश्तों के रूप में भेजी जाती है।

राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना का दायरा काफी व्यापक है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार दिसंबर 2025 तक देश भर में इस योजना के तहत लगभग 3.86 करोड़ घरों को स्वीकृति दी जा चुकी थी, जिनमें से करीब 2.92 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार ने 2024 से 2029 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त दो करोड़ घर बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है, ताकि ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा सके।

बिहार भी उन राज्यों में शामिल है जहां इस योजना का बड़ा दायरा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 में योजना शुरू होने के बाद से बिहार में लगभग 39 लाख से अधिक घरों को स्वीकृति दी जा चुकी है और इनमें से करीब 36 लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि राज्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को पक्का घर मिला। केंद्रीय बजट 2026–27 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए लगभग 54,917 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। यह आवंटन ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के मकानों के निर्माण और बुनियादी सुविधाओं के साथ ग्रामीण आवास को बढ़ावा देने के लिए किया गया है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा है। जो गांव के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# नीतीश का नया अध्याय व विपक्ष की बेचैनी

बिहार की राजनीति में एक बार फिर भूचाल आया है और इस बार भूकंप का केंद्र है नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन। बीते गुरुवार जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा में पहुंचकर राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन-पत्र दाखिल किया, तो सत्ता पक्ष ने भले ही इसे 'राजनीतिक अनुभव के नए अध्याय' की संज्ञा दी, किंतु विपक्ष में मचे कोहराम ने स्पष्ट कर दिया कि यह घटना केवल एक नेता के सदन-परिवर्तन की सामान्य खबर नहीं है। यह बिहार की सत्ता के समीकरणों का आमूल बदलाव है और इसीलिए विपक्ष की बेचैनी की तहें बहुत गहरी हैं।

> बिहार की सियासत में फिर भूचाल आया है। भूकंप का केंद्र है नीतीश कुमार का राज्यसभा नामांकन। सत्ता पक्ष भले इसे 'राजनीतिक अनुभव के नए अध्याय' की संज्ञा दे, किंतु विपक्ष के कोहराम ने स्पष्ट कर दिया है कि यह केवल एक नेता के सदन-परिवर्तन की सामान्य खबर नहीं है।

यह समझने के लिए थोड़ा पीछे जाना होगा। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू ने मिलकर '25 से 30, फिर से नीतीश' का नारा दिया था। इस नारे का निहितार्थ स्पष्ट था— नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन जनता के पास जा रहा है और उन्हीं के नाम पर मत मांगे जा रहे हैं। जनता ने भी इस चेहरे पर भरोसा किया और एनडीए को बहुमत मिला, परंतु अब जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की राह पकड़ रहे हैं, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि जनादेश जिस चेहरे के नाम पर लिया गया था, उस चेहरे को सत्ता की बागडोर से अलग क्यों किया जा रहा है?



जयदेव राठी
अधिवक्ता

राजनीतिक विश्लेषकों का एक वर्ग मानता है कि उनकी सेहत के कारण मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारियां निभाना कठिन हो रहा था। विधानसभा सहित सार्वजनिक कार्यक्रमों में कई बार उनकी स्थिति पर प्रश्नचिह्न उठे। इस पृष्ठभूमि में राज्यसभा, जो अपेक्षाकृत कम श्रम-साध्य भूमिका है, एक स्वाभाविक विकल्प के रूप में सामने आई। साथ ही नीतीश कुमार ने स्वयं कई अवसरों पर संकेत दिए थे कि वे संसद के दोनों सदनों का हिस्सा बनना चाहते हैं। उनके समकालीन नेता लालू प्रसाद यादव, सुशील कुमार मोदी और रामविलास पासवान सभी राज्यसभा में रहे हैं। कुछ राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि उन्हें राज्यसभा का उपसभापति बनाया जा सकता है, जो कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव के अनुरूप सम्मानजनक पद होगा।

विपक्ष की प्रतिक्रिया देखने से स्पष्ट होता है कि उसकी बेचैनी केवल एक बिंदु पर नहीं, बल्कि कई स्तरों पर है। पहला आयाम- 'भविष्यवाणी सच हुई' का राजनीतिक लाभ। राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस घटनाक्रम पर तुरंत कहा कि उन्होंने पहले ही कहा था कि चुनाव के बाद भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहने देगी। तेजस्वी का यह भी कहना है, 'भाजपा ने नीतीश कुमार को पूरी तरह से हाईजैक कर लिया है।' यानी विपक्ष इस घटनाक्रम को अपनी 'दूरदर्शिता' के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है और इसके जरिए जनता के बीच यह संदेश देना चाहता है कि उन्होंने सही कहा था।

दूसरा आयाम- जनादेश की नैतिकता का प्रश्न। विपक्षी दलों की सबसे बड़ी आपत्ति यह है कि जनता ने नीतीश कुमार के चेहरे पर वोट दिया था। बिहार में '25 से 30, फिर से नीतीश' का नारा था। ऐसे में जब वही चेहरा सत्ता की बागडोर से हट रहा है, तो विपक्ष इसे जनादेश का अपमान बता रहा है। यह नैतिक तर्क जनमानस में प्रभाव डाल सकता है। तीसरा आयाम- भाजपा का बिहार में पहली बार मुख्यमंत्री। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे है। यह विपक्ष के लिए राजनीतिक रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण स्थिति है। जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे, उनकी 'धर्मनिरपेक्ष' छवि और 'विकास पुरुष' की पहचान के कारण भाजपा की सीधी सत्ता पर रोक थी। अब भाजपा का मुख्यमंत्री होगा और इससे बिहार का राजनीतिक ध्रुवीकरण नए ढंग से होगा, जो विपक्ष के लिए नई चुनौती है।

चौथा आयाम- जदयू में नाराजगी का अवसर। नामांकन के बाद पटना में जदयू कार्यकर्ताओं की नाराजगी सड़कों पर उतर आई। मुख्यमंत्री आवास के बाहर कार्यकर्ता जुटे। कुछ जदयू नेताओं की आंखें भर आईं। विपक्ष इस दरार को और चौड़ा करने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहता। राजद पार्टी ने तो दावा किया कि यह फैसला नीतीश का अपना नहीं था, बल्कि भाजपा के दबाव में लिया गया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रूखी-सूखी खाइके ठंडा पानी पी, देखि पराई चुपड़ी मत ललचाओ जी

प्रायः लोग आपस में मिलते हैं तो 'विश्वास का समय नहीं रह गया है' या 'विश्वास के बदले धोखा मिलता है' विषय पर बात करते देखे जाते हैं। इसका कारण यही निकलता है कि किसी व्यक्ति से कोई अपेक्षा रही हो, वह पूरी नहीं पाई हो या कोई वायदे से मुकर गया हो अथवा किसी ने कोई वस्तु ले ली हो और लौटाने से इनकार कर रहा हो। लगभग ऐसे ही कोई और कारण हो सकते हों, जिससे विश्वास को ठेस पहुंची हो।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

वास्तव में विश्वास कोई घनिष्ठ संबंधों वाला व्यक्ति देता है। जो पराया है या जिससे कोई परिचय नहीं, वह विश्वासघात नहीं कर सकता। विश्वासघात करने के लिए घनिष्ठता जरूरी है। जब किसी को विश्वासघात करना होता है, तो वह पहले अनेक प्रकार की लालच देता है। यह ठीक उसी प्रकार का काम है, जैसे- बहेलिया जाल बिछाकर उस पर खाने की कोई वस्तु डाल देता है और लालच में उसमें पशु और पंछी आकर फंस जाते हैं, जिसमें साधारण परिंदे ही नहीं ताकतवर शेर तक फंसते हैं। नदियों में जाल डालकर मछलियां फंसाई जाती हैं। कभी-कभी जाल में खूंखार मगरमच्छ तक फंस जाते हैं।

ऐसी ही स्थिति समाज में भी है। बहेलिया-प्रवृत्ति के लोग अपने वाक-जाल से लोगों पर पहले विश्वास जमाते हैं और जब देखते हैं कि व्यक्ति उसके जाल में आ गया है, तब अपना स्वार्थ साधते हैं। जब कभी जाल में फंसे व्यक्ति से आमना-सामना होता है, तब भी वे फंसे व्यक्ति को कुछ और समय इंतजार करने का बहाना बनाते हैं। जाल में प्रायः अपने से कमजोर को ही फंसाया जाता है। यदा-कदा मजबूत व्यक्ति जाल में फंस गया और उसके साथ वायदा खिलाफी की जाने लगती है तब मारपीट, झगड़ा-फसाद, थाना-अदालत तक की नौबत आ जाती है।

जीवन में कोई लालच दे तो उसे ठुकरा देना चाहिए। बहुत जल्द धन दोगुना करने की संस्थाएं भी होती हैं। लालच में लोग उसमें पैसा जमा कर देते हैं। जब काफी पैसा इकट्ठा हो जाता है तब संस्था भाग जाती है और लोगों की गाढ़ी कमाई सब व्यर्थ चली जाती है, इसलिए 'रूखी सूखी खाइके ठंडा पानी पी, देखि पराई चुपड़ी मत ललचाओ जी' पंक्ति को हमेशा याद रखना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मिट्टी, बीज और उम्मीद: महिलाओं के हाथों उगता नया संसार

सुबह की पहली किरण जब धरती को सहलाती है, तो वह केवल उजाला ही नहीं लाती वह उन अनगिनत स्त्रियों की मौन आस्था भी साथ लाती है, जो अपने श्रम, संवेदना और धैर्य से प्रकृति को फिर से जीवन दे रही हैं। देश के परिदृश्य् में देखें तो पाएंगे कि वे बुंदेलखंड की प्यास से फटी धरती पर सूखे तालाबों में पानी की स्मृतियां लौटा रही हैं; तो झारखंड और छत्तीसगढ़ के जंगलों में वे बीजों को ऐसे सहेजती हैं, जैसे मां अपने शिशु को और उत्तराखंड की पहाड़ियों पर वे पेड़ों की रखवाली करती हुई मानो भविष्य की पहरेदार बन जाती हैं। ये स्त्रियां पर्यावरण को नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता को बचा रही हैं।



इसी व्यापक सोच और जीवनानुभव से जन्मी इस चेतना को दुनिया 'इकोफेमिनिज़्म' कहती है यानी पर्यावरण नारीवाद, एक ऐसा नजरिया जो प्रकृति और स्त्री की मुक्ति को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ मानता है। यह विचार बताता है कि जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होता है, वैसे ही समाज में महिलाओं के श्रम और अधिकारों का भी शोषण होता है। जब जलस्रोत सूखते हैं, जंगल कटते हैं या भूमि बंजर होती है, तो सबसे पहले इसका असर महिलाओं पर पड़ता है। उन्हें पानी के लिए दूर तक चलना पड़ता है, ईंधन और चारे के लिए अधिक श्रम करना पड़ता है। यही अनुभव उन्हें पर्यावरण संरक्षण का स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता बना देता है, क्योंकि उनके लिए प्रकृति कोई संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार, सहचर और भविष्य की आशा है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

यह विचार किसी सिद्धांत की उपज नहीं, बल्कि पीढ़ियों से संचित जीवनानुभव की देन है। भारतीय ग्रामीण और आदिवासी समाज में यह भावना सदियों से रची-बसी है, जहां धरती को मां और प्रकृति को पालनहार माना जाता है। यही कारण है कि जब महिलाएं पर्यावरण संरक्षण की पहल करती हैं, तो वह केवल हरित अभियान नहीं रहता। वह सामाजिक परिवर्तन की एक शांत किंतु सशक्त प्रक्रिया बन जाता है।

ग्रामीण जीवन में महिलाएं पानी लाने, चारा जुटाने, लकड़ी इकट्ठा करने और खेती करने जैसे कार्यों के कारण प्रकृति से प्रत्यक्ष जुड़ी रहती हैं। पर्यावरण चिंतक डॉ. वंदना शिवा ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि आधुनिक विकास मॉडल ने प्रकृति और स्त्री दोनों को 'संसाधन' मानकर उनका उपयोग किया, जबकि पारंपरिक समाज उन्हें जीवन के आधार के रूप में देखता था। इसी सोच को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने नर्मदा घाटी आंदोलन में जीवंत रूप दिया, जहां नदी, विस्थापन और महिलाओं के अधिकार जैसे तीनों प्रश्न एक साथ उठाए। वहीं इंदौर की पद्मश्री जनक मिलिगियन पलटा ने सौर उर्जा के माध्यउम से सैकड़ों आदिवासी युवतियों के जीवन को रोशन करने का प्रयास किया है। पर्यावरणविद् सुनीता नारायण ने दुनिया में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए सरकारों के साथ मिलकर नीतिगत मसलों पर काम किया है।

राजस्थान की मरुभूमि में सदियों पहले एक ऐसी घटना घटित हुई, जिसने प्रकृति-प्रेम को आस्था का स्वर दे दिया। 1730 में जोधपुर रियासत के खेजड़ली गांव में अमृता देवी विश्नोई ने पेड़ों को बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। जब शाही सैनिक खेजड़ी वृक्ष काटने पहुंचे, तो उन्होंने पेड़ से लिपटते हुए कहा 'सिर साटे रूख रहे तो भी सस्तो जाण' याने यदि पेड़ बचाने में सिर भी कट जाए तो यह सौदा सस्ता है। उनके साथ 363 विश्नोई स्त्री-पुरुषों ने बलिदान दिया। विश्नोई समाज की जीवन पद्धति प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की मिसाल है। वे पेड़ों को परिवार के सदस्य की तरह मानते हैं, वन्यजीवों को अपना साथी समझते हैं और पर्यावरण संरक्षण को धर्म मानते हैं। यह घटना केवल इतिहास नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है जिसमें स्त्री, प्रकृति और जीवन एक ही सूत्र में जुड़े हैं। अमृता देवी का बलिदान मानो समय की रेत पर लिखा वह संदेश है जो आज भी हर हरित पहल को प्रेरित करता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## सिटी ब्रीफ

### प्रीत कौर इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित



प्रीत कौर।

**कालाढूंगी** : विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार चलाई जा रही इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत आशीष मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल, बेलपोखरा की कक्षा 9 की छात्रा प्रीत कौर का चयन विज्ञान के प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में हुआ है। छात्रा ने अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच के कारण यह उपलब्धि प्राप्त की है।इस उपलब्धि में विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका पायल थलिया का विशेष योगदान रहा है। प्रधानाचार्या ज्योति ने छात्रा के विज्ञान विषय के प्रति रुचि की सराहना करते हुए उम्मीद व्यक्त की कि भविष्य में भी छात्रा योग्यता से अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करेगी। विद्यालय प्रबंधक तारादत्त सत्यवली ने भी बधाई दी।

### शिक्षक हर्ष सिंह नेगी का हार्ट अटैक से निधन



हर्ष सिंह (फाइल)।

**हल्द्वानी** : पंचायत घर क्षेत्र स्थित चांदनीचौक गरवाल निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक हर्ष सिंह नेगी का निधन शनिवार को हार्ट अटैक के कारण हुआ। वह मूल रूप से जाजर, रामगढ़ के रहने वाले थे। उनके निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर है। वह अपने पीछे पत्नी और एक बेटे को छोड़ कर गए हैं। उनके निधन पर फुटकुआं क्षेत्र के सभी लोगों ने श्रद्धांजलि दी है। उनकी अंतिम यात्रा आज रविवार सुबह 8 बजे निकलेगी।

# मुक्तेश्वर में करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले बिल्डर पर होगा मुकदमा

## मंडल आयुक्त दीपक रावत ने जनसुनवाई में शिकायतें मिलने के बाद दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं पर सुनवाई की। इस अवसर भूमि विवाद, धोखाधड़ी, पर्वतीय क्षेत्रों में अवैध निर्माण, पारिवारिक विवाद, पेयजल, इंडेन गैस वितरण प्रणाली में कालाबाजारी आदि शिकायतें मिलीं। अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और बाकी को अगली तिथि दी गई।

जनसुनवाई में छह लोगों ने मुक्तेश्वर के हिलक्रस्ट एवं शिखर प्रोपर्टीस के बिल्डर्स मनोज जोशी पर प्लाट् एवं विला के नाम पर प्रत्येक से एक-एक करोड़ कुल छह करोड़ की धोखाधड़ी की शिकायत की। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि स्टांप पेपर पर 31 मार्च 2025 तक नक्शा के साथ ही सभी औपचारिकतायें पूर्ण कर भवन दिया जाने का आश्वासन दिया लेकिन मनोज जोशी ने अब तक जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण से नक्शा पास नहीं कराया है। आयुक्त ने बिल्डर मनोज जोशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्राधिकरण जेई को उक्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करने को कहा। साथ ही कहा कि बिल्डर्स जहां प्लाटिंग एवं विला बना रहा है, उक्त भूमि कंस्ट्रक्शन कम्पनी के नाम भूमि दर्ज है या नहीं। आयुक्त ने कहा कि मुक्तेश्वर में लोगों द्वारा होम स्टे के नाम पर बहुमंजलि इमारत बनाकर होटल एवं रिसोर्ट बनाये जा रहे है जो भू कानून का घोर उल्लंघन है। यह भी संज्ञान में आया कि कुछ भवनों को सील किया गया था लेकिन भू स्वामियों ने निर्माण कर लिया। गंभीर लहजे में कहा कि ऐसी शिकायतों में जेई का स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आयुक्त ने दोनों पक्षों के खिलाफ सरकारी भूमि को बेचने और अवैध कब्जे से संबंधित लैंड ग्रैबिंग के तहत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिल्ली निवासी शमीम के खिलाफ भी संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बनभूलपुरा निवासी फरजाना ने बताया कि पति पारिवारिक विवाद के कारण काफी दिनों से गायब है जिस पर आयुक्त ने पुलिस अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए थे। इधर, पुलिस ने पति को महिला के सुपुर्द किया। इस पर महिला ने आयुक्त का आभार व्यक्त किया। राजकीय शिक्षक संघ ने महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव देने का अनुरोध किया। सतीश चन्द जोशी ने पैतृक सम्पत्ति की पैमाइश, हरीश चन्द्र उप्रेती निवासी गंगोलीहाट ने भूमि पर कब्जा हटाने, गुलाब सिंह नेगी ने गूल पर अवैध अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया।



कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं की सुनवाई करते मंडल आयुक्त दीपक रावत व फरियादी। ● अमृत विचार

### घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी व घटतोली की हो जांच

**हल्द्वानी** : आयुक्त को शहर में इंडेन गैस सर्विस की ओर से गैस वितरण प्रणाली में कम तोल के गैस सिलेंडर देने एवं गैस की कालाबाजारी की शिकायत मिली। आयुक्त ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक को तत्काल उचित कार्यवाही करने के साथ ही सप्ताह में दो बार टीम के माध्यम से औचक निरीक्षण कराए जाने व छापेमारी की कार्यवाही के निर्देश दिए। इस संबंध में लापरवाही करने एवं इस कार्य में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही के भी निर्देश दिए गए।

## 116 के चालान, 5 वाहन किए सीज

**हल्द्वानी** : परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमों ने शनिवार को लालकुआं क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। गौला नदी से लालकुआं गेट से खनिज सामग्री की निकासी में ओवरलोडिंग की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की। अभियान के तहत बरेली रोड और रामपुर रोड पर विशेष रूप से सघन चेकिंग की गई। अभियान का नेतृत्व एआरटीओ प्रवर्तन जितेन्द्र सिंगवान ने किया। जिसमें कुल 5 टीमों का गठन कर विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान कुल 116 वाहनों के चालान किए गए, जबकि नियमों का गंभीर उल्लंघन करने पर 5 वाहन सीज किए गए। इसके अलावा एआरटीओ ने वन विकास निगम की चौकी का निरीक्षण कर वहां मौजूद कार्मिकों को सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में निर्धारित क्षमता से अधिक खनिज सामग्री का लदान नहीं किया जाए। साथ ही चौकी के रिकॉर्ड की भी जांच की गई। अन्य टीमों ने भी पैसेंजर वाहनों की जांच की, जिसमें ओवरलोडिंग और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। डीएम ललित रयाल के आदेश पर आरटीओ प्रवर्तन अरविंद पांडे की ओर से गठित टीमों ने अभियान चलाया। अभियान में अनुभा आर्य (परिवहन कर अधिकारी), अपराजिता पांडे (परिवहन कर अधिकारी), आरसी पवार (परिवहन उपनिरीक्षक), गिरीश कांडपाल (परिवहन उपनिरीक्षक) रहे।

# बच्चों ने देखा वन और वन्यजीवों का संसार



स्कूली बच्चों को जैव विविधता एवं वन्यजीवों के बारे में जानकारी देते विशेषज्ञ।

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : वन विभाग ने स्कूली बच्चों में प्रकृति, जैव विविधता व वन प्रबंधन के प्रति जागरूकता के लिए विशेष शैक्षिक वाइल्ड लाइफ सफारी आयोजित की। सात से नौ मार्च तक इस विशेष सफारी में नैनीताल व चंपावत जिलों के 150 छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। साथ ही हल्द्वानी के दिव्यांग बच्चों को भी सफारी कराई जाएगी।

हल्द्वानी वन डिवीजन के डीएफओ कुंदन कुमार ने बताया कि विशेष शैक्षिक वाइल्ड लाइफ सफारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक परिवेश में ले जाकर वन पारिस्थितिकी, वन्यजीवों के आवास, जैव विविधता संरक्षण तथा वन विभाग के प्रबंधन कार्यों की जानकारी देना है। सफारी में विद्यार्थियों को नंधौर वन्यजीव अभयारण्य के वन क्षेत्र, पक्षियों एवं अन्य वन्यजीवों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक समूह के साथ प्रशिक्षित नेचर गाइड मौजूद रहेंगे, जो विद्यार्थियों को वन्यजीवों की पहचान, जैव विविधता के महत्व तथा प्रकृति संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में सरल और रोचक ढंग से जानकारी देंगे। इसी क्रम में शनिवार को नंधौर रेंज में स्कूली विद्यार्थियों में को जंगल सफारी करवाई गई। इसमें विद्यार्थियों को चित्रों एवं प्रजेंटेशन के माध्यम से नंधौर क्षेत्र की जैव विविधता एवं वन्यजीवों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात बटरफ्लाई पार्क का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें विभिन्न तितली प्रजातियों एवं उनके जीवन चक्र के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को मछली वन क्षेत्र में ले जाकर नंधौर नदी की पारिस्थितिकी तथा नदी में पाई जाने वाली मछली प्रजाति गोल्डन महाशीर के संरक्षण के बारे में बताया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सुनखेड़ी टावर एवं ट्री हाउस का भी भ्रमण कराया गया। अंत में विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता हुईं।



शांभवी को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत करते डीएम व अन्य अधिकारी।

### जिलाधिकारी ने किया शाम्भवी को सम्मानित

**रुद्रपुर** : किच्छा के बसंत गार्डन निवासी शाम्भवी तिवारी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 46वीं रैंक प्राप्त कर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। शनिवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैंप कार्यालय में शाम्भवी को सम्मानित करते हुए उनकी इस उपलब्धि को जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। शाम्भवी के पिता सुशील तिवारी प्रवक्ता और माता निवेदिता अवस्थी लेक्चरार हैं। शाम्भवी ने 2024 में भी यूपीएससी पास कर 445वीं रैंक प्राप्त की थी, जिससे उनका चयन रेलवे ट्रैफिक सेवा में हुआ था। लेकिन आईएएस बनने के संकल्प के साथ उन्होंने दोबारा प्रयास किया और शीर्ष 50 में जगह बनाई। पंतनगर विश्वविद्यालय से बीटेक करने वाली शाम्भवी ने प्रतिदिन 6-7 घंटे अध्ययन किया और आधुनिक तकनीक व ऑनलाइन कोचिंग का सहारा लिया। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि असफलताओं से निराश होने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम पंकज उपाध्याय और गौरव पाण्डे सहित कई अधिकारी रहे।

## डामरीकरण के लिए 52 लाख स्वीकृत

**धानाचूली:** भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भीमताल ब्लॉक में स्थित नौकुचियाताल-जगलियागांव कैलाश द्वार मोटर मार्ग की खस्ताहाल स्थिति अब जल्द सुधरेगी। इस मोटर मार्ग के डामरीकरण के लिए शासन ने 52 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति को लेकर क्षेत्रीय विधायक राम सिंह कैड़ा से डामरीकरण की मांग की थी। विधायक ने मुख्यमंत्री से भी इस मोटर मार्ग के डामरीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत करने का अनुरोध किया था। उनकी मांग पर मुख्यमंत्री ने लगभग साढ़े तीन किमी लंबी सड़क के डामरीकरण के लिए 52 लाख रुपये स्वीकृत कर दिए हैं। शासनादेश जारी होने के बाद विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# डीएसटी सचिव ने किया दूरबीनों का निरीक्षण

● एरीज द्वारा किए जा रहे शोध व अध्ययनों को गति देने को कहा

संवाददाता, नैनीताल



एरीज देवस्थल में डीएसटी सचिव प्रो. अभय करंदीकर के साथ निदेशक डा मनीष नाजा व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग( डीएसटी)के सचिव प्रो अभय करंदीकर इन दिनों नैनीताल प्रवास पर पहुंचे हुए हैं। शनिवार को उन्होंने आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के देव स्थल स्थित दूरबीनों का निरीक्षण किया और एरीज द्वारा किए जा रहे अध्ययन को लेकर चर्चा की।

सचिव प्रो अभय करंदीकर ने देव स्थल स्थित 3.6 मीटर की दूरबीन डाट का निरीक्षण किया और इस दूरबीन द्वारा की गई खोजों की जानकारी हासिल की। साथ ही इस दूरबीन को इन्फ्रारेड में अपग्रेड किए जाने को लेकर एरीज के वैज्ञानिकों से जानकारी ली। निदेशक डा मनीष नाजा ने बताया कि दूरबीन का संचालन और ऑब्जर्वेशन निरंतर जारी हैं। ब्लैक होल जैसी ब्रह्मांड के रहस्यों को उजागर करने में वैज्ञानिकों के लिए बेहद मददगार साबित हो रही है। भारत समेत अन्य देशों के वैज्ञानिक इस दूरबीन का लाभ उठा रहे हैं। इसके बाद 4 मीटर व्यास की इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलीस्कोप का निरीक्षण कर दूरबीन की विस्तृत जानकारी हासिल की। साथ ही विज्ञान सेंटर का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत के विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एरीज रजिस्ट्रार मोहित जोशी ने एरीज की भावी योजनाओं की जानकारी दी और वायुमंडलीय क्षेत्र में भावी योजनाओं और शोध कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर उनके साथ डीएसटी सुशील कुमार, अनुज त्रिपाठी, एरीज के डॉ बृजेश, डॉ नीलम मौजूद थे ।

## पशु आहार सब्सिडी बंद करने पर रोष

**लोहाघाट:** पशुपालकों को मुख्यमंत्री घसियारी योजना के तहत मिलने वाले पशु आहार (साइलेज) में सरकार की ओर से मिलने वाले अंशदान को कम करने का विरोध शुरू हो गया है। दुग्ध सचिव संघ के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री घसियारी योजना के तहत पशुपालकों को मिलने वाले साइलेज (संरक्षित हरा चारा) और पशु आहार पर सरकारी सब्सिडी अंशदान में पहले आंचल दुग्ध संघ (चम्पावत) से साइलेज 3.70 प्रति किलो पर मिलता था, लेकिन अब उसकी पूर्ण दर नौ से 10 रुपये प्रति किलो कर दी गई है। पशु आहार के 50 किलो की कीमत 930 से बढ़ाकर 1050 रुपये कर कदी गई है। सहकारी समिति से साइलेज 2.50 प्रति किलो से बढ़ाकर 3.60 प्रति किलो हो गया।



खटीमा में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को नमन करते लोग। ● अमृत विचार

### भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को याद किया गया

**खटीमा** : सितारगंज रोड पर आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को उनकी 65वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी ने कहा कि पंडित जी न केवल हिमाचली राज्यों के हिमायती थे बल्कि वह तराई के असली संस्थापक रहे। अधिवक्ता हरीश जोशी ने पंडित जी की स्मृति को स्थायी बनाए रखने के लिए नगर पालिका से भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। वरिष्ठ शिक्षाविद् गीताराम बंसल ने पंडित जी से जुड़े अनेक संस्मरण साझा किए। इस अवसर पर हरीश शर्मा, नीरज वर्मा, बीएस मेहता, महेश राणा, सतीश भट्ट, जीडी बगौली, दीपक बत्रा, सुनील मैदानी, प्रेम प्रकाश जोशी, मुकेश गुप्ता, भुवन पांडे, नीरज खन्ना, उम्मेद सिंह रौतेला, दिनेश पांडे, टीडी काण्डपाल, भुवन जोशी, पूरन बिष्ट, सुधीर कुमार, नवीन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान से हड़कंप

संवाददाता, रामनगर



अतिक्रमणकारियों को हिदायत देते एसडीएम गोपाल सिंह चौहान एवं ईओ आलोक उनियाल।

**अमृत विचार:** पालिका एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा कोसी रोड सहित कई स्थानों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया, जिसमें कई अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और कई लोग अपना सामान लेकर भागते दिखे।

एसडीएम गोपाल सिंह चौहान और पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को कोसी रोड और चूड़ी गली पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर पालिका ने इस दौरान 11 चालान किए और उनसे 6,500 रुपए जुर्माना वसूला गया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिन लोगों ने सड़क पर अवैध अतिक्रमण किया है, उन्हें स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। अन्यथा नगर पालिका प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि वे मुख्य मार्गों और सड़कों से अपना सामान हटाएं और इन मार्गों पर वाहन पार्किंग न करें। इस अभियान में नगर पालिका टीम के सदस्य ईओ आलोक उनियाल, नगर पालिका प्रधान सहायक आनंद सांगा, स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां एवं अन्य पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज का एनएसएस कैंप शुरू

**खटीमा:** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय सुजिया महोलिया में प्रधानाध्यापक महेश चंद्र ने किया। उन्होंने युवाओं को समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरूकता के कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। कहा कि राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका को महत्वपूर्ण है। पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रभुनाथ, देवेन्द्र सिंह विभागाध्यक्ष विधुत, नीरज वर्मा विभागाध्यक्ष आईटी राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल, खगेंद्र अवस्थी, किरण, मो दानिश आदि उपस्थित रहे। प्रथम दिवस पर स्वयंसेवियों द्वारा परिचय सत्र एवं समूह गठन जैसी गतिविधियां संपन्न की गईं।



किच्छा में शांभवी तिवारी को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

### किच्छा की बेटी शांभवी तिवारी का आईएएस में चयन

**किच्छा** : नगर की प्रतिभाशाली बेटी शांभवी तिवारी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 46वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। शांभवी तिवारी की उपलब्धि के बाद परिवार में खुशी का माहौल है। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने शांभवी तिवारी के आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक बेहड़ ने शांभवी के पिता सुशील तिवारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बेटी शांभवी की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि वे प्रशासनिक सेवा में रहते हुए देश और समाज की सेवा का क्षेत्र का नाम और ऊंचा करेगी। मौके पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, ओमप्रकाश दुआ, दीप हंसपाल, सुनील सिंह, भावना सिंह आदि मौजूद रहे।

**अच्छी खबर** 93 .41 के स्कोर के साथ हरियाणा दूसरे, 93 .16 के स्कोर के साथ असम तीसरे स्थान पर रहा

# नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखंड देश में प्रथम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भारत की न्यायिक और कानून प्रवर्तन प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित करते हुए उत्तराखंड ने इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम 2.0 के राष्ट्रीय कार्यान्वयन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उत्तराखंड पुलिस के प्रवक्ता और पुलिस महानिरीक्षक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) सुनील कुमार मीणा ने इस रैंकिंग की पुष्टि करते हुए कहा कि राज्य ने तकनीकी बुनियादी ढांचे को लागू करने के साथ-साथ रीयल-टाइम डेटा एंट्री में भी रिकॉर्ड स्थापित किया है। जनवरी 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, यह गौरवपूर्ण उपलब्धि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और तकनीक-आधारित न्याय प्रणाली के उनके संकल्प का प्रतिफल है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम सीसीटीएनएस/आईसीजेएस प्रोग्रेस डैशबोर्ड के अनुसार, उत्तराखंड ने 93.46 के उत्कृष्ट स्कोर के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पांच राज्यों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा है, जिसमें उत्तराखंड 93.46 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर है।

### मुख्यमंत्री धामी का 'मिशन-मोड' क्रियान्वयन

नए कानूनों-भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं कमान संभाली। मुख्यमंत्री धामी ने शासन के शीर्ष अधिकारियों से लेकर जनपद स्तर के फील्ड अधिकारियों के साथ निरंतर समीक्षा बैठकें कीं। इस 'टॉप-टू-बॉटम' मॉनिटरिंग के कारण ही तकनीकी बाधाओं को समय रहते दूर किया जा सका और पुलिस विभाग नए कानूनी ढांचे के अनुरूप स्वयं को ढालने में सफल रहा।

### "वन डेटा, वन एंट्री" की कार्यकुशलता

उत्तराखंड की इस उपलब्धि का आधार आईसीजेएस 2.0 की "वन डेटा, वन एंट्री" प्रणाली है। इसके तहत पुलिस (सीसीटीएनएस), ई-कोर्ट, ई-जेल, ई-अभियोजन और ई-फॉरेंसिक के बीच डेटा का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित किया गया है। एक बार डेटा दर्ज होने के बाद वह सभी संबंधित विभागों को तुरंत उपलब्ध हो जाता है, जिससे कागजी कार्रवाई कम हुई है और मुकदमों के निस्तारण में तेजी आई है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 'ई-साक्ष्य' एप के माध्यम से अपराध स्थल की वीडियोग्राफी और डिजिटल साक्ष्यों का सुरक्षित संग्रहण अनिवार्य किया गया है।

### सफलता के बिंदु

**व्यापक प्रशिक्षण** : राज्य के 23,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को नए कानूनों की बारीकियों का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

**तकनीकी सुदृढ़ीकरण** : 'न्याय श्रुति' के माध्यम से वर्चुअल अदालती सुनवाई और फॉरेंसिक मोबाइल वैन की उपलब्धता को प्राथमिकता दी गई।

## अगले सप्ताह से 20 नए कूड़ा वाहन चलेंगे

**हल्द्वानी** : टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद नगर निगम की डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था मजबूत होगी। अगले सप्ताह से 20 नई कूड़ा गाड़ियों का संचालन शुरू होगा। जिसके बाद नए वार्डों में जरूरत के अनुसार इनको चलाया जाएगा। नगर निगम को करीब दो माह पहले ही डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था मजबूत करने के लिए 25 नए वाहन मिल चुके थे, लेकिन टेंडर प्रक्रिया में देरी के कारण इनका संचालन शुरू नहीं हो सका। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अगले सप्ताह से संचालन शुरू कर दिया जाएगा। वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि वाहनों के संचालन के लिए रूट मैपिंग तैयार की जा रही है।

# वित्तीय अनियमितताओं की जांच को पहुंचे एडीएम

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर नगर पालिका में वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने शनिवार को अपर जिलाधिकारी नैनीताल, शैलेंद्र सिंह नेगी, रामनगर नगर पालिका पहुंचे। शिकायतकर्ता अरविंद कुमार ने वित्त सचिव को लिखित शिकायत देते हुए पालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा 61 निविदाएं निकाली गई थीं, लेकिन उन्हें कैंसिल कर दिया गया। इसके बाद ये निविदाएं दोबारा निकाली गईं, जिसमें भ्रष्टाचार होने का आरोप है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ वर्ष पूर्व रामनगर में हुए जी-20 समिट में भी भ्रष्टाचार हुआ था। वित्त सचिव द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के निर्देश जिलाधिकारी नैनीताल को दिए गए, और उन्होंने इस मामले की जांच अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी को नियुक्त किया। इसके तहत शनिवार को एडीएम ने मौके पर शिकायतकर्ता और नगर पालिका के अधिकारियों से पूछताछ की। शिकायतकर्ता अरविंद कुमार ने कहा कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, इसलिए इसकी गंभीर जांच होना आवश्यक है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की। एडीएम ने कहा कि जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार चोरी की चार बाइक बरामद

**रुद्रपुर** : कोतवाली पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो सक्रिय सदस्यों को दबोच लिया है। साथ ही यूपी के बिलासपुर से चोरी की चार बाइक बरामद की है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया है। शनिवार को सीओ सदर प्रशांत कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कोतवाली इलाके में बाइक चोरी की घटनाएं हो रही थी। जिसको नियंत्रित करने के लिए पुलिस टीम का गठन किया था। 5 मार्च को स्थानीय लोगों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को बाइक चोरी करते हुए पकड़ लिया था और पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। जब पुलिस ने गहनता से पूछताछ की तो पता चला कि अभियुक्त पेशेवर बाइक चोर है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना नाम महेंद्र सैनी निवासी पैगम्बरपुर बिलासपुर यूपी और टांडा हरमत नगर बिलासपुर यूपी निवासी साहिल बताया। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर बिलासपुर यूपी में छिपाई गई बाइक को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

## एयरबस ने शुरू किया दूसरा सबसे बड़ा डिजिटल सेंटर

**बेंगलुरु।** यूरोप की विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस ने बेंगलुरु में एक अत्याधुनिक तकनीकी केंद्र का उद्घाटन किया है। यह इंजीनियरिंग, डिजिटल परिवर्तन, ग्राहक सेवाओं और खरीद के लिए एक प्रमुख हब के रूप में कार्य करेगा। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और उद्योग एवं अवसंरचना मंत्री एम.बी. पाटिल ने शुक्रवार को 'एयरबस इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर' का उद्घाटन किया।

अमृत विचार

हल्द्वानी, रविवार, 8 मार्च 2026

www.amritvichar.com



### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2475, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2430, रविन्द्रा 2450, फॉर्चुन 13kg 2140, जय जवान 2065, सचिन 2120, सूरज 2065, अवसर 1950, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1990, क्लासिक (kg) 2305, मोर 2260, चक्र टिन 2445, ब्लू 2230, आशीर्वाद मस्टर्ड 2390, स्वास्तिक 2430
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050
**चावल** – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200
**दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100
**चीनी** – पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

### बरेली सर्राफा

(प्रति 10 ग्राम) गोल्ड (पक्के जेवर) 163500, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 159500, सिल्वर (पक्की) 2700 (अनुमानित)

### बिजनेस ब्रीफ

#### समूह में महिलाओं की भागीदारी 35 प्रतिशत करेगा वेदांत

**नई दिल्ली।** वेदांत समूह ने अपने संगठन के सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी को मौजूदा 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने एक बयान में 'हैशटैग हरएटदकोर' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान और लिंक्डइन आधारित भर्ती अभियान शुरू करने की भी घोषणा की।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




शनिवार को भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एस्ट्रोनॉट के वेश में महिलाओं ने कार रैली में हिस्सा लिया।

## एक अप्रैल पूर्ण आरओडीटीईपी लाभ का भरोसाः फियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्यातकों के निकाय फियो ने शनिवार को कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि निर्यात सहायता योजना आरओडीटीईपी के तहत पूर्ण लाभ इस साल एक अप्रैल से बहाल कर दिए जाएंगे। इससे पश्चिम एशिया संकट के कारण चुनौतियों का सामना कर रहे निर्यातकों को बड़ी राहत मिलेगी। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को छोड़कर, सरकार ने 23 फरवरी को निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना के तहत शुल्क लाभ की दर को आधा कर दिया था। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि निर्यातकों के लिए अच्छी खबर है। वर्तमान 50 प्रतिशत आरओडीटीईपी दरें केवल 31 मार्च 2026 तक लागू हैं।

# रसोई गैस 60, वाणिज्यिक सिलेंडर 114.5 रुपये महंगा, पेट्रोल-डीजल स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने तुरंत स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की वेबसाइट के



अनुसार, दिल्ली में अब गैर-सब्सिडी वाली एलपीजी का 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर 913 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 853 रुपये थी। एक साल से भी कम समय में कीमत में यह दूसरी बड़ी बढ़ोतरी है। उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को भी इतनी ही वृद्धि झेलनी होगी। उन्हें अब 300 रुपये की सब्सिडी के बाद प्रति सिलेंडर 613 रुपये देने होंगे।

शीर्ष सरकारी सूत्रों ने कहा कि इस बढ़ोतरी के बावजूद वर्तमान दर लागत के बराबर होने के लिए आवश्यक 1,050 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से काफी कम है। तर्क दिया कि एक परिवार में सालाना 4-5 सिलेंडर की औसत खपत को देखते हुए, यह वृद्धि एक परिवार के लिए 80 पैसे प्रतिदिन या प्रति व्यक्ति केवल 20 पैसे प्रतिदिन के बराबर है।

उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद भारत में एलपीजी काठमांडू (1,207 रुपये), श्रीलंका (1,241 रुपये) और पाकिस्तान (1,046 रुपये) जैसे पड़ोसी देशों से सस्ती है।

# ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की भारत को गैस आपूर्ति की पेशकश

## ऊर्जा के नए विकल्पः होर्मुज जलडमरूमध्य एकमात्र रास्ता नहीं, इससे केवल 40% आपूर्ति

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई अन्य देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने का हवाला देते हुए सूत्रों ने कहा कि यह मार्ग भारत के कच्चे तेल के आयात का एकमात्र रास्ता नहीं है। जोर देकर कहा कि एक ही समुद्री मार्ग पर निर्भरता के दिन अब लद चुके हैं।

उन्होंने कहा कि रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका, पश्चिम एशिया और गैर-खाड़ी मध्य पूर्वी मार्गों से आपूर्ति ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी एक गलियारे में व्यवधान होने पर आपूर्ति बनी रहे। भारत के कच्चे तेल के आयात का केवल लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है, जबकि लगभग 60 प्रतिशत अन्य आपूर्ति मार्गों से आता है जो अप्रभावित रहते हैं।

उन्होंने कहा कि इसी कारण वैश्विक उथल-पुथल या महामारी के दौरान भी भारतीय



उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा की कोई कमी नहीं हुई है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है और भारत ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश जारी रखे हुए है।

भारत ने हाल ही में स्थिर दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे भागीदारों के साथ नई ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था भी की है। पिछले एक दशक में भारत की रणनीतिक तेल कूटनीति ने अपने आपूर्तिकर्ता आधार को छह महाद्वीपों के 27 देशों से बढ़ाकर 40 देशों तक पहुंचा दिया है।

सूत्रों ने कहा कि वे दिन खत्म हो गए हैं जब भारत की ऊर्जा सुरक्षा एक ही समुद्री मार्ग की स्थितियों के साथ घटती-बढ़ती थी।

### पश्चिम एशिया संकट से भारत के 11.8 अरब डॉलर के कृषि निर्यात पर खतरा: जीटीआरआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत के 11.8 अरब डॉलर मूल्य के कृषि और खाद्य उत्पादों के निर्यात पर संकट मंडरा रहा है। इस तनाव से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं और बीमा व लॉजिस्टिक की लागत बढ़ने से अनिश्चितता पैदा हो गई है।

संस्थान के अनुसार, साल 2025 में भारत ने इस क्षेत्र को 11.8 अरब डॉलर मूल्य के अनाज, फल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद और मसालों का निर्यात किया था, जो भारत के कुल कृषि निर्यात का 21.8 प्रतिशत है। भौगोलिक निकटता और वहां रहने वाले भारतीयों की बड़ी आबादी के कारण खाड़ी देश भारतीय खाद्य उत्पादों के लिए एक स्वाभाविक बाजार रहे हैं। जीटीआईआर ने कहा- हालांकि, क्षेत्र में जारी संघर्ष से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं, बीमा लागत बढ़ रही है और लॉजिस्टिक में अनिश्चितता पैदा हो रही है।

आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2025 में पश्चिम एशिया को 7.48 अरब डॉलर के अनाज, फल, सब्जियां और मसाले भेजे, जो भारत के इस श्रेणी के कुल वैश्विक निर्यात का 29.2 प्रतिशत है। इसमें चावल के निर्यात पर सबसे बड़ा असर पड़ने की आशंका है।

## गर्मी में बिजली की मांग 270 गीगावाट रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिजली राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने शनिवार को कहा कि इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान है और पश्चिम एशिया संकट के कारण नियमित बिजली आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बिजली मंत्रालय ने पिछले साल (अप्रैल 2025 के बाद) गर्मियों के दौरान 277 गीगावाट की अधिकतम मांग का अनुमान लगाया था, जबकि जून 2025 में वास्तविक अधिकतम मांग 242.77 गीगावाट रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने (फरवरी 2026) बिजली की अधिकतम आपूर्ति बढ़कर 243.15 गीगावाट हो गई, जो फरवरी 2025 में 243.06 गीगावाट थी। मंत्री ने यहां ''लाइनमैन दिवस'' के अवसर पर संवाददाताओं से एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी और पश्चिम एशिया संकट पर कहा कि यह एक आपातकालीन स्थिति है। कहीं-कहीं थोड़ा असर (एलपीजी पर) दिख रहा है, लेकिन बिजली क्षेत्र में हम इस तरह आगे बढ़ रहे हैं कि आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आएगी। इस बार गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट होगी और यह इससे आगे नहीं जाएगी।

# भारत-ब्रिटेन करेंगे ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी विकसित करने में सहयोग

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत और ब्रिटेन ने ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग और विस्तार के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के विकास में सहयोग करने पर साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

दोनों देशों के बीच हरित हाइड्रोजन मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल विषय पर राजधानी में पिछले दिनों आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में इस प्रकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस सम्मेलन का आयोजन भारत में हरित हाइड्रोजन ऊर्जा पर व्यापक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना और एक विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास को सुगम बनाने के उद्येश्य से किया गया था।

यह सम्मेलन राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के सहयोग से नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा




- टैक्नोलॉजी के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल विकसित करने को दोनों देश प्रतिबद्ध

मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय हाइड्रोजन सुरक्षा केंद्र (एनसीएचएस) में भारत में ब्रिटिश उच्चायोग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था।

राजधानी में 27 फरवरी को आयोजित इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रमुख और तकनीकी विशेषज्ञ एक सुरक्षित हरित हाइड्रोजन भविष्य को आकार देने के लिए शामिल हुए थे। इसमें हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में नियामक ढांचे, अंतरराष्ट्रीय मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं।

# अमेरिका में पिछले महीने 92,000 नौकरियां घटीं बेरोजगारी दर 4.4 हुई

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने अप्रत्याशित रूप से 92,000 नौकरियों में कटौती की है, जो इस बात का संकेत है कि वहां का श्रम बाजार अभी भी दबाव में है। इसके साथ ही बेरोजगारी दर मामूली रूप से बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई है। श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में नियुक्तियों की स्थिति जनवरी के मुकाबले खराब रही। जनवरी में कंपनियों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों ने 1,26,000 नौकरियां जोड़ी थीं। अर्थशास्त्रियों ने फरवरी में 60,000 नयी नौकरियों की उम्मीद जताई थी। संशोधित आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर और जनवरी के पेरोल से भी 69,000 नौकरियां कम कर दी गई हैं। फरवरी में रोजगार की यह कमजोर स्थिति ईरान के साथ युद्ध के कारण पैदा हुई आर्थिक अनिश्चितता को दर्शाती है। इस युद्ध की वजह से तेल की कीमतों में उछाल आया है और व्यवसायों एवं उपभोक्ताओं पर अप्रत्याशित लागत का बोझ बढ़ा है।

नेवी फेडरल क्रेडिट यूनियन की मुख्य अर्थशास्त्री हेदर लॉन्ग ने कहा कि नौकरी का बाजार कई विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहा है। कंपनियां इस वसंत में तब तक भर्ती करने में हिचकिचाएंगी जब तक कि युद्ध समाप्त नहीं हो जाता। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय है।

## न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये करने को लेकर करेंगे प्रदर्शन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ द्वारा संचालित कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत पेंशनभोगी मौजूदा 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए वे नौ मार्च को जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। एक बयान में कहा गया कि केंद्रीय और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सहकारी तथा निजी क्षेत्रों, मिलों और मीडिया प्रतिष्ठानों के लगभग 81 लाख पेंशनभोगी ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी मांगों के लिए पिछले नौ वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। कहा कि 30 से 35 साल की सेवा के दौरान ईपीएफओ के साथ नियमित पेंशन अंशदान जमा करने के बाद भी पेंशनभोगियों को औसतन 1,171 रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है।

# प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत ने किया सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता: गोयल

## अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, भारत के साथ अत्यंत शक्तिशाली संबंध

नयी दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत ने अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता हासिल किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों देश एक अत्यंत शक्तिशाली संबंध साझा करते हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर की विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसकी उपेक्षा नहीं कर सकता।

रायसीना संवाद 2026 में उन्होंने कहा कि हमारे संबंध बेहतरीन हैं और राष्ट्रपति ट्रंप ने सदैव भारत और प्रधानमंत्री मोदी के विषय में प्रशंसात्मक बातें कही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत-अमेरिका संबंध सुदृढ़ और बहुआयामी हैं, जिनमें व्यापार के साथ-साथ प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और वृहद निवेश की मुख्य भूमिका है। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण



हैं क्योंकि दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के प्रथम चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया है। इसके अंतर्गत अमेरिका ने भारत पर जवाबी शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। यद्यपि, अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा इसे निरस्त किए जाने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। इसके कारण मुख्य वार्ताकारों की बैठक वर्तमान में स्थगित हो गई है। समझौते के तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। साथ ही भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से ऊर्जा उत्पादों, विमानों, प्रौद्योगिकी और कोकिंग कोल सहित 500 अरब डॉलर की खरीद करने की मंशा भी जताई है।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर गोयल ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखा है और किसी भी हितधारक के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।

विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इन समझौतों में वाहन क्षेत्र को खोलने से उपभोक्ताओं को विकल्प मिलेंगे और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने तर्क दिया कि विदेशी वाहन कंपनियां शुरुआत में बाजार का परीक्षण करने के लिए कारों का निर्यात कर सकती हैं, लेकिन अंततः उन्हें भारत में ही उत्पादन करना होगा क्योंकि महंगे यूरोपीय मॉडल के लिए भारतीय कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन होगा।

## मंत्रालय ने बंदरगाहों से कहा-शुल्क माफी पर करें विचार

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बंदरगाहों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए शुल्क में कटौती, छूट या माफी (जैसे जहाज शुल्क में बदलाव) के अनुरोधों पर विचार करें। साथ ही मंत्रालय ने बंदरगाहों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है।

शुक्रवार को सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद जारी की गई इस एसओपी के तहत प्रत्येक बंदरगाह विभाग के प्रमुख या उप-प्रमुख स्तर के एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करेगा। यह अधिकारी बंदरगाहों पर मुद्दों के समाधान के लिए एकल संपर्क बिंदु होगा। नोडल अधिकारी मामले को सक्षम प्राधिकारी के पास ले जाने और 24 से 72 घंटों के भीतर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार होगा।

### महिला दिवस

नौकरी डॉट कॉम ने जारी की रिपोर्ट 'व्हाट वीमेन प्रोफेशनल्स वांट'

# 67फीसदी महिलाओं ने मानी वेतन समानता की बात

मुंबई, एजेंसी

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 67 प्रतिशत से अधिक महिलाओं का मानना है कि उनके कार्यस्थलों में वेतन समानता मौजूद है, जबकि 33 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि वेतन में अंतर है। नौकरी डॉट कॉम की शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'व्हाट वीमेन प्रोफेशनल्स वांट' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट देश के 50 से अधिक उद्योगों की 50,000 महिलाओं के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

रिपोर्ट के अनुसार, 67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनके कार्यस्थलों पर वेतन समानता है, जबकि 33 प्रतिशत ने माना कि वहां समानता नहीं है। वेतन में अंतर होने की बात रियल एस्टेट (42 प्रतिशत) के पेशेवरों ने सबसे दृढ़ता से कही, जिसके



बाद एफएमसीजी (38 प्रतिशत), दवा और जीवन विज्ञान (38 प्रतिशत) और वाहन (37 प्रतिशत) क्षेत्र का स्थान रहा।

रिटेल (35 प्रतिशत), होटल एवं रेस्तरां (35 प्रतिशत), आईटी सेवाएं (34 प्रतिशत), टेलीकॉम (34 प्रतिशत),

- 33 प्रतिशत को लगता है वेतन में अंतर
- 50 से अधिक उद्योगों की 50 हजार कामकाजी महिलाओं के बीच किया सर्वे

चिकित्सा सेवा (33 प्रतिशत) और तेल एवं गैस क्षेत्र (33 प्रतिशत) की महिलाओं ने भी माना कि वेतन में असमानता या अंतर मौजूद है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जारी इस रिपोर्ट में समान वेतन ऑडिट और मासिक धर्म अवकाश की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला गया है। उच्च वेतन श्रेणी वाली प्रोफेशनल महिलाओं में यह मांग सबसे अधिक देखी गई।

करीब 42 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि भर्ती और पदोन्नति में होने वाला भेदभाव कार्यस्थल पर उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले वर्ष की तुलना में इस धारणा में सात आधार अंकों की वृद्धि हुई है। चेन्नई (44 प्रतिशत) और दिल्ली/एनसीआर (43 प्रतिशत) जैसे महानगरों में भी यही रुझान देखा गया है। इन चुनौतियों के बीच 83 प्रतिशत महिलाओं ने नेतृत्व की भूमिकाएं निभाने के लिए खुद को प्रोत्साहित महसूस किया, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 66 प्रतिशत था। दक्षिण भारतीय शहरों की महिलाओं में नेतृत्व की इच्छा विशेष रूप से प्रबल देखी गई।

इन्फो एज इंडिया की समूह सीएमओ सुमीत सिंह ने कहा कि यह तथ्य कि 83 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित महसूस करती हैं, उत्साहजनक है। हालांकि, यह चिंता का विषय है कि हर दो में से एक महिला को साक्षात्कार में अब भी अपनी व्यक्तिगत योजनाएं छिपानी पड़ती हैं। यह बताता है कि अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। इन्फो एज इंडिया 'नौकरी डॉट कॉम', 'जीवनसाथी डॉट कॉम' और '99एकड़ डॉट कॉम' की मूल कंपनी है।

# सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए चार साल में 85,000 इंजीनियर तैयार

नयी दिल्ली,एजेंसी

भारत ने सेमीकंडक्टर डिजाइन के काम के लिए चार वर्ष में 85000 से अधिक इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया है। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। कहा कि यह उपलब्धि इस उद्योग के लिए कुशल मानव संसाधन की आपूर्ति के 10 वर्षीय लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति है।

देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, ऑटोमेशन के डिजाइन के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराये गये हैं। भारत में इस क्षेत्र में आने वाले समय में लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की मांग उत्पन्न होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह प्रगति भारत सरकार की प्रतिभा विकास को प्राथमिकता देने वाली पहल के तहत प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और कार्यबल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से हासिल की गई है, जो भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के चिप्स टू स्टार्टअप्स (सी2एस) कार्यक्रम का हिस्सा है।

विज्ञप्ति में श्री वैष्णव के हवाले से कहा गया है कि प्रशिक्षण के लिए देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में सिनॉप्सिस, कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स, सीमेंस, रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स, एनसिस और एडवांस माइक्रो डिवाइसेस (एएमडी) द्वारा समर्थित विश्व-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराए गए हैं। इनसे छात्र सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

इन चिप्स का निर्माण और परीक्षण सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल) मोहाली में किया जा रहा है, जिससे छात्रों को डिजाइन से लेकर फेब्रिकेशन, पैकेजिंग और टेस्टिंग तक पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की यह पहल अब दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एक्सेस ईडीए प्रोग्राम बन चुकी है।

# नेपाल में बालेन लहर ने ढहाया ओली का किला, झापा से दर्ज की एतिहासिक जीत

- ओली को 49 हजार से अधिक मतों से हराया, आरएसपी के पीएम उम्मीदवार बने बालेन शाह

काठमांडू, एजेंसी


अपनी जीत का प्रमाण पत्र हासिल करते राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेंद्र शाह।

नेपाल के संसदीय चुनावों में शनिवार को एक ऐसा राजनीतिक भूकंप आया, जिसने देश के पुराने स्थापित दिग्गजों की जड़ें हिला दीं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख और काठमांडू के पूर्व महापौर बालेंद्र शाह (बालेन) ने झापा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-5 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में बालेन ने नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को धूल चटा दी।

निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बालेन शाह ने इस सीट पर एकतरफा कब्जा किया। उन्हें कुल 68,348 वोट मिले, जबकि पूर्व पीएम ओली को मात्र 18,734 वोटों से संतोष करना पड़ा। बालेन ने यह मुकाबला 49,614 मतों के विशाल अंतर से जीता, जो नेपाल के चुनावी इतिहास के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक माना जा रहा है।

वर्ष 2079 के पिछले चुनावों में केपी ओली ने इसी सीट से 28,576 वोटों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की थी। इस बार बालेन शाह की युवा शक्ति और बदलाव के नारे ने पुराने समीकरणों को ध्वस्त कर दिया।

## भारत में कानूनी सुरक्षा मजबूत, पर सामाजिक बेड़ियां अब भी चुनौती

# महिला अधिकारों की वैश्विक दौड़

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जारी नवीनतम वैश्विक आंकड़ों के अनुसार, भारत में महिलाओं के अधिकारों की स्थिति एक दोहरे मोड़ पर खड़ी है। एक ओर जहाँ भारत ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' और 'मिशन शक्ति' जैसी योजनाओं के माध्यम से कानूनी और नीतिगत ढांचा मजबूत किया है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक सूचकांकों में भारत की रैंकिंग अब भी कई पड़ोसी देशों से पीछे है।



### उप्र : तीन वर्षों में 12% की रिकॉर्ड वृद्धि

उत्तर प्रदेश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) में पिछले तीन वर्षों में 12% की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है, जो अब लगभग 32% के करीब पहुंच गई है। हालांकि, यह अभी भी महाराष्ट्र (40%) और तमिलनाडु (45%) जैसे औद्योगिक राज्यों से पीछे है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूपी में महिलाओं की भागीदारी मुख्य रूप से कृषि और सूक्ष्म उद्योगों (MSME) में बढ़ी है।

### ग्लोबल इंडेक्स में भारत की स्थिति

विश्व आर्थिक मंच (WEF) की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025' के अनुसार, भारत 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर खिसक गया है। भारत का कुल जेंडर पैरिटी स्कोर 64.1% दर्ज किया गया है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश (24वीं रैंक), नेपाल (125वीं) और श्रीलंका (130वीं) जैसे देश भारत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान (148वीं) इस सूची में सबसे निचले पायदान पर है।

### आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी की चुनौती

रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने शिक्षा नामांकन में तो अच्छा सुधार किया है, लेकिन कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी अब भी चिंता का विषय है। भारत में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) 2025 में बढ़कर 35.3% हुई है, लेकिन पुरुषों (70%+) की तुलना में यह अब भी काफी कम है। राजनीतिक क्षेत्र में भी, संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व वर्तमान में लगभग 14% के करीब है, जिसे सुधारने के लिए 33% आरक्षण कानून के क्रियान्वयन का इंतजार है।

### कानूनी अधिकार बनाम जमीनी हकीकत

विश्व बैंक की 'विमेन, बिजनेस एंड द लॉ' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय महिलाओं के पास पुरुषों को प्राप्त आर्थिक अधिकारों का लगभग 74.4% हिस्सा है। भारत में संपत्ति के अधिकार और मातृत्व लाभ जैसे कानून कई विकसित देशों से भी बेहतर हैं, लेकिन सामाजिक मानदंड और जागरूकता की कमी के कारण ये अधिकार पूरी तरह जमीन पर नहीं उतर पा रहे हैं।

### भविष्य की राह: 'डिजिटल और आर्थिक सुरक्षा'

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत महिला श्रम शक्ति भागीदारी को 50% तक ले जाता है, तो जीडीपी विकास दर में 1% की वृद्धि हो सकती है। 2026 के लिए 'राइट्स, जस्टिस एंड एक्शन' की थीम के साथ भारत अब 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान के युद्ध क्षेत्र से 1800 लोग सुरक्षित अजरबैजान पहुंचे

**बाकू।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों के बीच अजरबैजान ने एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए अब तक 1,800 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। अजरबैजान की स्टेट बॉर्डर सर्विस के अनुसार, इन शरणार्थियों में 282 रूसी नागरिक भी शामिल हैं। यह निकासी अभियान 'अस्त्रा' बॉर्डर क्रॉसिंग के जरिए चलाया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 28 फरवरी से शुरू हुआ यह सिलसिला शनिवार दोपहर तक जारी रहा। युद्ध की विभीषिका को देखते हुए सीमा पार करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अजरबैजान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह मानवीय आधार पर अन्य विदेशी नागरिकों को भी सुरक्षित रास्ता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पीला सागर विवाद: चीन ने ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को नकारा

**बीजिंग।** चीन ने पीला सागर के ऊपर सैन्य विमानों के बीच हुई कथित मुठभेड़ को लेकर ऑस्ट्रेलिया द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। बीजिंग ने ऑस्ट्रेलियाई पक्ष पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीनी अधिकारियों का कहना है कि उनके पायलटों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत ही कार्रवाई की थी। यह विवाद तब बढ़ा जब ऑस्ट्रेलिया ने दावा किया कि चीनी लड़ाकू विमानों ने उसके हेलीकॉप्टर के मार्ग में असुरक्षित तरीके से बाधा डाली थी।

# मुर्मू ने ममता बनर्जी को बताया छोटी बहन, अनुपस्थिति पर जताई हैरानी

## शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया

नई दिल्ली/सिलीगुड़ी, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम में कम उपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और कार्यक्रम स्थल को बिधाननगर से स्थानांतरित करने के निर्णय पर सवाल उठाया। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्रियों की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया। मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आम तौर पर, जब राष्ट्रपति आती हैं तो मुख्यमंत्री को उनका स्वागत करना चाहिए और अन्य मंत्रियों को भी उपस्थित रहना चाहिए। लेकिन ममता बनर्जी नहीं आईं ... राज्यपाल बदल गए हैं और इसलिए नहीं आ सके। चूंकि तारीख तय थी, इसलिए मैं आई हूं। कोई बात नहीं। यहां आने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

मुर्मू ने कहा कि अगर कार्यक्रम बिधाननगर में आयोजित होता, तो बेहतर होता। वहां पर्याप्त जगह है और कई लोग शामिल हो सकते थे। उन्होंने कहा कि लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां कार्यक्रम की अनुमति क्यों नहीं दी। आज का कार्यक्रम ऐसी जगह पर हो रहा है, जहां लोगों का आना मुश्किल है। शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती और इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया। राष्ट्रपति ने कहा कि ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मुझे वहां जाने की अनुमति क्यों नहीं दी गई। मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं। खैर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुर्मू ने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में आने वाली व्यापक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मैं इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आ रही थी, तो मुझे एहसास हुआ कि कोई इस आयोजन को होने देना नहीं चाहता। ऐसा लगता है कि कुछ लोग संथालों को प्रगति करते, सीखते और एकजुट होकर मजबूत होते देखना नहीं चाहते। मुर्मू को वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो मूल रूप से सिलीगुड़ी के बिधाननगर में आयोजित होने वाला था। हालांकि, अधिकारियों ने सुरक्षा और अन्य कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशाईपुर में स्थानांतरित कर दिया। शनिवार दोपहर जब राष्ट्रपति कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, तो वहां केवल कुछ ही लोग उपस्थित थे। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ही एकमात्र प्रतिनिधि थे, जो हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए उपस्थित थे। प्रोटोकॉल के अनुसार, राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री उपस्थित होता है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने बताया शर्मनाक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का सीधा आरोप लगाते हुए इसे "शर्मनाक और अभूतपूर्व" करार दिया। प्रधानमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि बंगाल सरकार ने "सचमुच सभी हदें पार कर दी हैं" और राष्ट्रपति जैसी संवैधानिक संस्था के प्रति ऐसी उदासीनता लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बंगाल सरकार ने संथाल संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषय को इतनी लापरवाही से लिया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि वह स्वयं एक आदिवासी समुदाय से आती हैं और देश के वंचित समाज का गौरव हैं।

### मैं जनता के अधिकारों के लिए व्यस्त हूं : ममता

कोलकाता के एस्प्लेनेड में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ धरने पर बैठीं ममता बनर्जी ने इन टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भाजपा इतनी नीचे गिर गई है कि वह बंगाल को बदनाम करने के लिए राष्ट्रपति पद का सहारा ले रही है। मुख्यमंत्री ने अपनी अनुपस्थिति का बचाव करते हुए कहा कि चुनाव के समय मेरे लिए हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। मैं जनता के अधिकारों के लिए व्यस्त हूं।

## अमेरिकी नेताओं की हत्या की साजिश में पाकिस्तानी दोषी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में शीर्ष राजनीतिक नेताओं की हत्या की साजिश रचने के मामले में पाकिस्तानी नागरिक आसिफ मर्चेंट (47) को दोषी ठहराया गया है। मर्चेंट पर आरोप था कि उसने 2024 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित कई बड़े नेताओं को निशाना बनाने के लिए सुपारी किलर नियुक्त करने की कोशिश की थी। अमेरिकी जांच एजेंसियों के अनुसार, मर्चेंट के संबंध ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर से भी रहे हैं। अभियोजन पक्ष ने अदालत में बताया कि मर्चेंट ने अमेरिका में हिटमैन की तलाश की थी, जो वास्तव में एफबीआई के गुप्त एजेंट थे। इस गिरफ्तारी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनसनी फैला दी थी, क्योंकि इसमें सीधे तौर पर विदेशी संपर्कों और राजनीतिक हत्या की साजिश का खुलासा हुआ है।

- मर्चेंट ने डोनाल्ड ट्रंप सहित कई बड़े नेताओं के लिए सुपारी देने की कोशिश की थी

# यूपीएससी की 301वीं रैंक पर 'दो आकांक्षा, एक रोल नंबर से उलझा मामला

- ब्रह्मेश्वर मुखिया की पोती और गाजीपुर की उम्मीदवार के बीच ठनी; सोशल मीडिया पर एडमिट कार्ड वायरल

**पटना।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित होने के साथ ही एक अभूतपूर्व विवाद खड़ा हो गया है। मामला 301वीं रैंक को लेकर है, जिस पर दो अलग-अलग राज्यों की महिला उम्मीदवारों ने अपना दावा ठोक दिया है। हैरानी की बात यह है कि दोनों का नाम आकांक्षा सिंह है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दस्तावेजों में उनके अनुक्रमांक भी एक ही दिखाई दे रहे हैं।

**दादाजी का सपना पूरा किया :** विवाद की एक धुरी बिहार के आरा की आकांक्षा सिंह हैं। वह प्रतिबंधित 'रणवीर सेना' के संस्थापक ब्रह्मेश्वर सिंह 'मुखिया' की पोती हैं। शुक्रवार को उन्होंने दावा किया कि उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता पाई है। आकांक्षा ने कहा कि यह मेरे दादाजी का सपना था। तैयारी के दौरान मैंने रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई की। बिहार के गलियारों में उनकी सफलता की खबरें तेजी से फैलीं, लेकिन जल्द ही इस पर संशय के बादल मंडराने लगे।

**मेरी पहचान का गलत इस्तेमाल हुआ :** दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के गाजीपुर की रहने वाली आकांक्षा सिंह ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने फेसबुक पर अपना असली पहचान पत्र और इंटरव्यू का ई-समन साझा करते हुए आरोप लगाया कि उनकी रैंक और पहचान का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। गाजीपुर की आकांक्षा के दस्तावेजों में नाम और अनुक्रमांक तो वही है जो बिहार की आकांक्षा के बताए जा रहे हैं, लेकिन दोनों के पिता के नाम अलग-अलग हैं।

## अमेरिका परमाणु शस्त्रागार बढ़ाने की फिराक में : रूस

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने अमेरिका की परमाणु नीतियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिका रणनीतिक हथियारों के मामले में किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण से पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहता है और भविष्य में अपने परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प खुला रख रहा है। रयाबकोव ने मॉस्को में मीडिया से बात करते हुए कहा कि वाशिंगटन की मंशा अब किसी भी द्विपक्षीय या अंतरराष्ट्रीय संधि के दायरे में रहने की नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रहा है जिससे वह अपनी मर्जी से परमाणु क्षमता का विस्तार कर सके। रूस का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों महाशक्तियों के बीच 'न्यू स्टार्ट' जैसी महत्वपूर्ण परमाणु संधियां पहले ही खतरे में हैं।

## अमेरिका से व्यापार समझौता देश के साथ विश्वासघात : राहुल गांधी

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर देश के साथ विश्वासघात किया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस समझौते के परिणाम भारत के मध्यम और निम्न वर्ग के लिए विनाशकारी होंगे।
केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन के नेतृत्व में निकाली गई राज्यव्यापी 'पुथुयुग यात्रा' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि यह समझौता सीधे तौर पर भारत के कृषि क्षेत्र और लघु उद्योगों पर चोट करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को निराश किया है। इस व्यापार समझौते से हमारे किसानों और छोटे व्यवसायों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, जबकि इसका लाभ केवल चुनिंदा बड़े कॉरपोरेट्स को मिलेगा। केरल में कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखी जा रही इस यात्रा के समापन पर राहुल ने केंद्र सरकार की विदेश और आर्थिक नीतियों को जनविरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विदेशी दौरों और समझौतों के जरिए देश के भविष्य को गिरवी रख रहे हैं। इससे यहां की जनता को बड़ा नुकसान होने जा रहा है।

- समझौता सीधे तौर पर कृषि क्षेत्र और लघु उद्योगों पर चोट करेगा

## ईरान में नए सुप्रीम लीडर की तलाश तेज, दिग्गज धर्मगुरुओं ने की जल्द चयन की मांग

तेहरान, एजेंसी

- खामेनेई की मौत के बाद बढ़ी हलचल, असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स से प्रक्रिया तेज करने की अपील

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के निधन के ठीक एक सप्ताह बाद, देश की धार्मिक और राजनीतिक व्यवस्था में नए उत्तराधिकारी को लेकर हलचल तेज हो गई है। शनिवार को ईरान के कई शीर्ष धर्मगुरुओं ने एकजुट होकर मांग की है कि देश की स्थिरता के लिए जल्द से जल्द नए 'सुप्रीम लीडर का चुनाव किया जाए।

वरिष्ठ शिया धर्मगुरु आयतुल्ला नासिर मकारेम शिराजी ने शनिवार को एक विशेष बयान जारी कर असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स (विशेषज्ञों की परिषद) से इस मामले में तुरंत कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया को समय पर पूरा करना बेहद जरूरी है। शिराजी के अनुसार, नए नेता का चयन जल्द होने से न केवल देश की शासन व्यवस्था बेहतर ढंग से चलेगी, बल्कि ईरान की राष्ट्रीय एकता भी और अधिक मजबूत होगी। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था में 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' सबसे शक्तिशाली संस्थाओं में से एक है। इसमें 88 धार्मिक विद्वान शामिल होते हैं, जिनका काम सर्वोच्च नेता का चयन करना, उनकी निगरानी करना और जरूरत पड़ने पर उन्हें पद से हटाना होता है।

**क्यों महत्वपूर्ण है यह चयन? :** ईरान इस समय क्षेत्र में भारी तनाव और आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में सर्वोच्च नेता का पद खाली रहना देश के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

### कौन होगा ईरान का अगला सुप्रीम लीडर

ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' के सामने नए सर्वोच्च नेता का चयन एक बड़ी चुनौती है। राजनीतिक गलियारों में इन तीन नामों की सबसे अधिक चर्चा है :

**मोजतबा खामेनेई :** आयतुल्ला अली खामेनेई के दूसरे बेटे। इनका प्रभाव सुरक्षा बलों और रिवोल्यूशनरी गाड्र्स पर बहुत मजबूत माना जाता है। हालांकि, वंशवाद के आरोपों से बचने के लिए परिषद हिचकिचा सकती है।

**अलीरेज़ा अराफी :** एक बेहद प्रभावशाली धर्मगुरु और ईरान के मदरसा केंद्रों के प्रमुख। इन्हें रूढ़िवादी गुटों का समर्थन प्राप्त है और वे शासन व्यवस्था में गहरे पैठ रखते हैं।

**हसन रूहानी :** पूर्व राष्ट्रपति। हालांकि वे उदारवादी माने जाते हैं, लेकिन परिषद के भीतर उनकी वरिष्ठता उन्हें एक संभावित उम्मीदवार बनाती है।

## तेलंगाना में 130 माओवादियों ने मुख्यमंत्री के सामने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** तेलंगाना में नक्सली आंदोलन को एक बड़ी चोट पहुँचाते हुए शनिवार को 100 से अधिक नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कुल 130 माओवादियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने पुलिस को 124 आधुनिक हथियार सौंपे। जब्त किए गए हथियारों में एक इनसास एलएमजी, 31 एके-47 राइफल, 21 इनसास राइफल, 20 एसएलआर, 18 .303 राइफल और 33 अन्य घातक हथियार शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने हथियार डालने वालों का स्वागत किया और उन्हें सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मुख्यधारा से जोड़ने का भरोसा दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादी संगठन के कई बड़े चेहरे शामिल हैं। इनमें तीन राज्य समिति सदस्य, 10 संभागीय समिति सदस्य, 46 क्षेत्रीय समिति सदस्य और 70 सक्रिय पार्टी सदस्य शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में शीर्ष कैडर का आत्मसमर्पण संगठन की टूटती कमर को दर्शाता है।

- नक्सलियों ने पुलिस को 124 आधुनिक हथियार सौंपे

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


मेष
आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। होटल व्यापारियों की आमदनी में वृद्धि होगी। व्यवसाय में नए अनुबंधों हो सकते हैं।


वृष
आज का दिन रिटेल व्यवसायियों के लिए शुभ है। अपनी प्रतिभा पर विश्वास बनाए रखें। राजनीति से जुड़े मामलों में रुचि ले सकते हैं।


मिथुन
आज दोपहर के बाद आपके काम बनते हुए प्रतीत होंगे। रुका हुआ कमीशन प्राप्त होने वाला है। पैतृक कारोबार में उन्नति होगी।


कर्क
आज कोई भी निर्णय अकेले लेने से बचें। नए काम में कुछ बाधाएं लगी रहेंगी। अपनी उन्नति से संतुष्ट नहीं रहेंगे।


सिंह
आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। घर में बिन बुलाए मेहमान आ सकते हैं। आपको रिश्तेदारों से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।


कन्या
आज निजी संबंधों में कटुता बढ़ सकती है। किसी परिचित व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। घरेलू सामान खरीद सकते हैं।


तुला
आज परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बुद्धिमान मनुष्यों की संगत प्राप्त होगी। बहुमूल्य उपहार आपको प्राप्त हो सकते हैं।


वृश्चिक
आज चुनौतियों का सामना डटकर करें। व्यावसायिक योजनाओं में थोड़ा धीमापन हो सकता है। देवी की उपासना करने से मन शांत होगा।


धनु
आज नया वाहन खरीद सकते हैं। आपके संपर्क दायरे में बढ़ोतरी होगी। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा।


मकर
आज आपको उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। समाज में आपकी छवि काफी अच्छी रहेगी। पति-पत्नी एक दूसरे का काफी ध्यान रखेंगे।


कुंभ
आज नई तकनीक के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे।


मीन
आज व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वियों से परेशान रहेंगे। कार्यों को लेकर दूसरों पर निर्भर न रहें। प्रेम-संबंधों को लेकर थोड़े गंभीर रहेंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 8 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 21.10 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 13.31 तक तत्पश्चात विशाखा।

### सुडोकू - 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 |

### सुडोकू -82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | 6 | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 3 | | | 5 | | 4 | | 7 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 7 | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 5 | 2 | 3 | | 8 | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | |

## अमेरिका को दो टूक

### जयशंकर का वर्ल्ड ऑर्डर : 'भारत का उदय किसी की खैरात नहीं, इसे रोकना अब नामुमकिन

# न किसी की गलती, न किसी का मोहरा ...अपनी शर्तों पर बनाएंगे नया भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को वैश्विक कूटनीति के मंच 'रायसीना डायलॉग' से दुनिया को वह आइना दिखाया, जिसकी कल्पना शायद महाशक्तियों ने नहीं की थी। अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ द्वारा भारत को आर्थिक लाभ न देने की धमकी भरे बयान पर पलटवार करते हुए जयशंकर ने दो टूक कहा कि भारत का उत्थान अब रोका नहीं जा सकता। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि 21वीं सदी का भारत अपनी प्रगति की दिशा खुद निर्धारित करेगा और वह किसी दूसरे देश के एजेंडे पर नहीं चलेगा।

जयशंकर ने अमेरिकी बयान की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि देशों का उत्थान उनके अपने संकल्पों और राष्ट्रीय शक्ति से होता है।



उन्होंने कहा कि भारत का उत्थान भी भारत द्वारा ही निर्धारित होगा। हम अपनी शक्तियों के आधार पर अपने विकास की दिशा तय करेंगे, न कि दूसरों की 'गलतियों' या संकीर्ण सोच के आधार पर। यह प्रहार सीधा उन देशों पर था जो भारत की तुलना चीन से करके उसे नियंत्रित करने का सपना देख रहे हैं।

जयशंकर ने हिंद महासागर क्षेत्र के सैन्यीकरण पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने डिएगो गार्सिया, जिबूती और हंबनटोटा जैसे विदेशी सैन्य अड्डों का सीधा नाम लेते हुए कहा कि भारत इन गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी दी कि समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर भारत कोई समझौता नहीं करेगा।

अमेरिकी मंत्री ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि अमेरिका भारत के साथ वही आर्थिक गलतियां नहीं दोहराएगा जो उसने 20 साल पहले चीन के साथ की थीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत को इतना बड़ा बाजार नहीं बनने देगा कि वह भविष्य में उसे टक्कर दे।

### ईरान को पनाह, अमेरिका को कड़ा संदेश

केवल शब्दों से ही नहीं, भारत ने अपने साहसी फैसलों से भी दुनिया को चौंका दिया। हिंद महासागर में बढ़ते तनाव के बीच, जहाँ अमेरिकी पनडुब्बियों और ईरानी युद्धपोतों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई थी, भारत ने ईरानी नौसैन्य पोत 'आइरिस लावन' को कोच्चि में डॉकिंग की मंजूरी देकर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का लोहा मनवाया। विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि 1 मार्च को मिली ईरानी अपील पर भारत ने तुरंत कार्रवाई की और 4 मार्च को पोत कोच्चि पहुँचा। वर्तमान में पोत के 183 चालक दल के सदस्यों को मानवीय आधार पर भारतीय नौसेना के सुरक्षित परिसरों में ठहराया गया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत 'आइरिस डेना' को डुबो दिया था।

### जो साथ चलेंगे, फायदा उन्हीं का होगा

विदेश मंत्री ने अंत में वैश्विक समुदाय को वास्तविकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के उदय में चुनौतियां हैं, लेकिन साथ ही एक बड़ा ऑफर भी दिया। उन्होंने कहा, "जो लोग हमारे साथ मिलकर काम करेंगे, उन्हें इस उदय का सबसे अधिक लाभ मिलेगा।" यानी भारत अब केवल बाजार नहीं, बल्कि एक ऐसा पावरहाउस है जो अपने साथ चलने वालों की तकदीर बदल सकता है।



“ रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टी20 विश्व कप के पिछले दो मैचों में बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है। मुझे लगता है उनका मजबूत पक्ष उस मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करना है जो किसी स्पिनर के लिए अनुकूल होती है।

**-पीयूष चावला**


# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 8 मार्च 2026

**अमृत विचार**

www.amritvichar.com


# भारत के पास इतिहास रचने का तिहरा मौका

## टी-20 विश्व कप की खिताबी टक्कर आज : न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती से पाना होगा पार

**अहमदाबाद, एजेंसी**

बेहद प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के पास लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का ख़िताब अपने नाम करने का मौक़ा है। अगर भारत यह कारनामा करने में सफल हो जाता है तो भारत टी20 विश्व कप के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली टीम होगा। भारत के पास यह सुनहरा मौका घर पर है जहां दो वर्ष पहले ही भारत एक अन्य विश्व कप ख़िताब अपने नाम करने से चूक गया था।

न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले फाइनल में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। तब भारत ने भावुक नम आंखों वाले रोहित शर्मा को ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा था। केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि स्टेडियम में मौजूद 93000 दर्शक भी सन्न रह गए थे। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी-20 विश्व कप जीतकर इसकी काफी हद तक भरपाई कर दी थी।

अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी। एक कुशल बल्लेबाज और चतुर कप्तान सूर्यकुमार न केवल कप्तान के रूप में अपनी खुद की विरासत बनाने के लिए उत्सुक होंगे, बल्कि वह 19 नवंबर 2023 की पीड़ा को भी खत्म करना चाहेंगे। सूर्यकुमार और उनके साथी ठीक 364 दिन पहले नौ मार्च, 2025 को भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की लगभग इसी टीम के खिलाफ मिली जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। भले ही वह टूर्नामेंट 50 ओवर का था। सूर्यकुमार उस टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दुबई में मिली उस एकतरफा जीत से उन्हें हौसला मिल सकता है।

फाइनल जीतने के लिए साहस के अलावा किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। खेल एकदम ''परफेक्ट'' होना जरूरी नहीं है, लेकिन सही समय पर सही चीजें होनी चाहिए। मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत की जीत तब लगभग तय हो गई थी जब हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच छोड़ दिया था। भारत रविवार को न्यूजीलैंड की ऐसी किसी भी गलती का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारत को अब तक इस टूर्नामेंट में किस्मत का साथ मिला है। अगर वह खिताब जीत जाता है तो उन्हें सराहना मिलेगी लेकिन अगर वह हार जाते हैं तो फिर बहुत बड़ा बवाल मच सकता है। सूर्यकुमार ने पिछले दो वर्षों में टीम का बहुत अच्छी तरह से नेतृत्व किया है, भले ही एक बल्लेबाज के रूप में वह उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाए। रविवार का दिन उनके करियर के लिए निर्णायक क्षण होगा। अगर उनकी टीम खुशगवार मौसम में अच्छा प्रदर्शन करती है तो उनकी सारी नाकामियां पल भर में भुला दी जाएंगी। लेकिन भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि किसी भी दिन फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन या मैट हेनरी जैसे खिलाड़ी अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना जानते हैं। मिचेल सैंटनर या ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ी जानते हैं कि एक मजबूत टीम के खिलाफ किस तरह से चुनौती का सामना करना होता है। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ा खतरा अहमदाबाद का सरदार होगा। इस सरदार का नाम जसप्रीत बुमराह है। फाइनल में बुमराह के चार ओवर फिर दोनों टीमों के बीच निर्णायक साबित हो सकते हैं।

### अभिषेक-वरुण की जगह रिंकू-कुलदीप के खुल सकते दरवाजे

भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टीम मैनेजमेंट फाइनल से पहले कुछ बड़े तकनीकी बदलाव कर सकते हैं। एक विकल्प अभिषेक शर्मा की जगह रिंकू सिंह को शामिल करना हो सकता है। अभिषेक ने टी-20 क्रिकेट में एक जबरदस्त ओपनर के तौर पर नाम कमाया है, लेकिन टूर्नामेंट में उनका फॉर्म खराब रहा है। उनके हालिया प्रदर्शन में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 11 गेंदों में 10 और ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 गेंदों में 30 रन शामिल हैं, जिससे उनके सात मैचों में 12.71 की औसत से सिर्फ 89 रन बने हैं। इस तरह के कंसिस्टेंसी की वजह से थिंक टैंक रिंकू सिंह को लाने के लिए ललचा सकता है, जो एक फिनिशर हैं और डेथ ओवर्स में तेजी से रन बनाने में काबिल हैं। रिंकू ने 45 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 39.12 के एवरेज और 155.74 के स्ट्राइक रेट से 665 रन बनाए हैं, और मैच जिताने वाले कैमियो के लिए उनकी रेप्युटेशन जिसमें आईपीएल में एक ओवर में पांच छक्के भी शामिल है।





न्यूजीलैंड के पेस अटैक के खिलाफ भारत के मध्यम क्रम को मजबूत कर सकती है। एक और मुमकिन बदलाव स्पिन विभाग में हो सकता है। वरुण चक्रवर्ती, भारत के विकेट चार्ट में सबसे आगे रहने के बावजूद, टूर्नामेंट के आखिरी स्टेज में कंट्रोल के लिए स्ट्रगल करते रहे हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 64 रन देकर मुश्किल प्रदर्शन किया था। इससे कुलदीप यादव के लिए दरवाजा खुल सकता है, जिनका अंतरराष्ट्रीय टी-20 में रिकॉर्ड 54 मैचों में 6.95 के शानदार इकॉनमी रेट के साथ 95 विकेट है। बाएं हाथ के बल्लेबाजों को परेशान करने और टर्निंग कंडीशन का फायदा उठाने की कुलदीप की काबिलियत अहमदाबाद की पिच पर एलन जैसे न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ फायदेमंद साबित हो सकती है।अगर भारत ये बदलाव करने का फैसला करता है, तो इस कदम से टीम में ज्यादा बैलेंस आ सकता है, जिसमें पावर-हिटिंग के साथ टाइट बॉलिंग कंट्रोल का मेल होगा।





### खिलाड़ियों को अपने मुताबिक खेलने की आजादी : सूर्यकुमार

कप्तान सूर्यकुमार यादव को नेतृत्व संभालने के करीब छह महीने बाद यह समझ में आ गया कि टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए 'पिता या बड़े भाई जैसी' भूमिका निभाने की कोशिश ज्यादा कारगर नहीं होगी। मुंबई के इस बल्लेबाज ने महसूस किया कि टीम के अंदर खुलकर विचारों का आदान-प्रदान, अभिव्यक्ति की आजादी और हर खिलाड़ी को अपने तरीके से खेलने की स्वतंत्रता देना ही सबसे बेहतर तरीका है। मुख्य कोच गौतम गंभीर मानते है कि इस प्रारूप में सात गेंदों में बनाये 21 रन उतने ही अहम है जितना की शतक। सूर्यकुमार ने गंभीर के सहयोग से तय किया कि वह पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के कदमों पर चलेंगे, पर अपने तरीके से। ड्रेसिंग रूम के माहौल और युवा खिलाड़ियों को दी जाने वाली सलाह के बारे में पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने मजाकिया अंदाज में कहा वे मुझे ड्रेसिंग रूम में ज्यादा बोलने ही नहीं देते। वे अपनी शर्तों पर चलते हैं। मैंने देखा है कि जब उन्हें आजादी मिलती है तो उनका व्यक्तित्व अलग नजर आता है।

### आंकड़ों पर एक नजर

- पिछले तीन वर्षों में भारतीय टीम ने आईसीसी के चार टूर्नामेंट (2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी, 2026 टी20 विश्व कप) के फाइनल में जगह बनाई है। अगर भारत फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो यह उसकी पिछले तीन साल में तीसरी जीत होगी।
- न्यूजीलैंड पिछले 11 वर्षों में पांच बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है लेकिन उसे दूसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा।
- न्यूजीलैंड 2019 के वनडे विश्व कप, 2021 के टी20 विश्व कप और 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा लेकिन तीनों मौकों पर उसे हार का सामना करना पड़ा।
- न्यूजीलैंड ने 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जीतने के बाद से अब तक आठ आईसीसी फाइनल खेले हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ एक (2021 में भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल) ही जीत सका है।
- न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के खिलाफ, ऐसा चेज किया जिसने पूरे टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया। स्कोर बोर्ड पर 169 रन थे।फिन एलन ने गेम को हाइलाइट रील बना दिया। केवल 33 गेंदों पर हैरान कर देने वाले 100 रन प्योर पावर, क्लीन स्ट्राइकिंग, निडर क्रिकेट।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, काइल जैमीसन, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, जिमी नीशम, इश सोढ़ी।

### हाईलाइट

### लक्ष्य सेन ने लाई को हराकर फाइनल में प्रवेश किया



**बर्मिंघम।** भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शनिवार को यहां सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर लाई को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। बारहवीं रैंकिंग पर काबिज सेन ने दुनिया के 16वें नंबर के लाई को एक घंटे 37 मिनट तक चले मैच में 21-16, 18-21, 21-15 से शिकस्त दी। लाई ने पिछले साल पेरिस में हुई विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। यह सेन का इस टूर्नामेंट में दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2022 में उप विजेता रहे थे। बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखने वाले सेन रविवार को फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से भिड़ेंगे। चुन-यी ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में थाईलैंड के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कुनलावुत वितिदसर्ण को हराया।

### रोनाल्डो की चोट गंभीर, खेलना संदिग्ध

**रियाद।** अल-नासर के कोच जॉर्ज जीसस ने कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैमस्ट्रिंग की चोट जितना अनुमान लगाया जा रहा था उससे अधिक गंभीर है। इस चोट के कारण 41 वर्षीय रोनाल्डो का पुर्तगाल की तरफ से आगामी मैत्री मैचों में खेलना भी संदिग्ध है। यह स्टार फुटबॉलर पिछले सप्ताहांत अल-नासर की सऊदी प्रो लीग में अल-फायहा पर 3-1 से मिली जीत के दौरान लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चला गया था। जीसस ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा पिछले मैच में क्रिस्टियानो को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। अब जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि हमने जितना अनुमान लगाया था उनकी चोट उससे अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा उन्हें आराम करने और उचित उपचार करने की जरूरत है। क्रिस्टियानो इलाज के लिए स्पेन जाएंगे।

### टी-20 विश्व कप विजेता की सूची

| वर्ष | विजेता | उप-विजेता | मेजबान |
|---|---|---|---|
| 2024 | भारत | दक्षिण अफ्रीका | वेस्टइंडीज/यूएसए |
| 2022 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूज़ीलैंड | यूएई/ओमान |
| 2016 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | भारत |
| 2014 | श्रीलंका | भारत | बांग्लादेश |
| 2012 | वेस्टइंडीज | श्रीलंका | श्रीलंका |
| 2010 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2009 | पाकिस्तान | श्रीलंका | इंग्लैंड |
| 2007 | भारत | पाकिस्तान | दक्षिण अफ्रीका |

### अगरकर के तीन साल : आंकड़ों से परे जाकर कड़े फैसले लेने में माहिर

**अहमदाबाद।** अजीत अगरकर ने जब भारत की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष का पदभार संभाला, तो परिस्थितियां काफी भिन्न थीं। अगरकर को चेतन शर्मा की जगह पर यह पद सौंपा गया था। शर्मा को एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पाया गया था। अगरकर के तीन साल के कार्यकाल में काफी कठिन और साहसिक फैसले किए गए जिनके अनुकूल परिणाम निकले। चयनकर्ता विकेटकीपर की तरह होता है। अच्छे कैच पर भले ही हल्की-फुल्की तालियां बजें, लेकिन अचानक गेंद छूट जाने पर तीखी आलोचना होगी।



अभ्यास सत्र के दौरान न्यूजीलैंड के फिन एलन (पीछे), और टिम सीफर्ट। एजेंसी

# करोड़ों भारतीयों के तोड़ देंगे दिल : सैंटनर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि जब दुनिया युद्ध की विभीषिका झेल रही है तब उनकी टीम रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप में करोड़ों भारतीयों के दिल को तोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

सैंटनर वर्तमान समय के अन्य कप्तानों की तरह जोशीले नहीं हैं और ना ही वह मजाक करते हैं लेकिन उनकी हाजिरजवाबी से दर्शक ठहाके लगा देते हैं। सैंटनर ने कहा हम मैदान पर उतरते हैं और एक टीम के रूप में अपना काम करते हैं। इस बार भी इसमें कोई बदलाव नहीं आएगा। निश्चित रूप से यह एक चुनौती होगी, क्योंकि हर कोई जानता है कि हम शायद जीत के प्रबल दावेदार नहीं हैं। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ट्रॉफी जीतने के लिए कुछ लोगों का दिल तोड़ने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा यह कहना आसान है कि यह बस एक और मैच की तरह है लेकिन हर कोई जानता है कि ऐसा नहीं है। इसके लिए आपकी अच्छी रणनीति और तैयारी होनी चाहिए। सैंटनर ने कहा विशेषकर टी20 क्रिकेट में कुछ ही पलों में पासा पलट जाता है।

### माइंडगेम



### टीम की हर रणनीतिक चर्चा में बुमराह का नाम आना स्वाभाविक

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल से पहले जसप्रीत बुमराह जैसी काबिलियत वाले गेंदबाज का नाम उनकी टीम की रणनीतिक चर्चाओं में आना स्वाभाविक है। बुमराह इस टी20 विश्व कप में शानदार फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ उनके डेथ ओवर के प्रदर्शन को अब तक की यादगार गेंदबाजी में गिना जा रहा है। सैंटनर ने कहा बुमराह, मुझे लगता है कि वह जिस तरह से खेल रहे हैं, उनका नाम हर चर्चा में होना चाहिए। इंग्लैंड के खिलाफ उनकी गेंदों को हिट करना काफी मुश्किल लग रहा था। और निश्चित रूप से वह भारत के लिए 'गेम चेंजर' थे। लेकिन सैंटनर ने साथ ही चेतावनी भी दी कि केवल बुमराह पर ध्यान देना मूर्खतापूर्ण होगा क्योंकि कई भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग मैचों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने कहा हमें पता था कि बुमराह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वह स्पष्ट रूप से एक विश्व-स्तरीय गेंदबाज हैं। लेकिन सिर्फ वह ही नहीं, टीम के हर सदस्य ने अलग समय पर योगदान दिया है। जहां तक वरुण चक्रवर्ती का सवाल है तो उनके लिए यह टूर्नामेंट उनके मानकों के अनुसार खराब रहा है पर फिर भी सैंटनर मानते हैं कि फाइनल में यह गेंदबाज फिर कमाल कर सकता है।

# हार की कगार पर भारतीय महिला टीम

**पर्थ, एजेंसी**

- **टेस्ट मैच में सदरलैंड के हरफनमौला प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में**

अनुभवी हरफनमौला एनाबेल सदरलैंड ने शतकीय पारी खेलने के बाद दो विकेट भी चटकाए जिससे एकमात्र महिला दिन रात्रि टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर मजबूत पकड़ बना ली। सदरलैंड की 171 गेंदों पर 129 रन की शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रन की बढ़त हासिल की। सदरलैंड का यह पिछली सात पारियों में चौथा और लगातार तीसरा शतक है।

इसके बाद मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक भारत को दूसरी पारी में 105 रन पर छह विकेट चटका दिये। भारत अब भी ऑस्ट्रेलिया से 20 रन पीछे है और दिन का खेल खत्म होते समय प्रतिका रावल (43) के साथ स्नेह राणा (14) क्रीज पर मौजद है। बल्ले से कमाल करने के बाद सदरलैंड ने हरमनप्रीत कौर (11) और जेमिमा रोड्रिग्स (14) के अहम विकेट चटकाये। सदरलैंड ने पहले बल्ले से भारत पर दबदबा कायम किया। उन्होंने तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ की शॉर्ट-पिच गेंद को विकेटकीपर ऋचा घोष के ऊपर से बाउंड्री लगाकर 133 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। आठ टेस्ट में लगभग 90 की औसत रखने वाली इस दाएं हाथ की बल्लेबाज ने तेज और स्पिन दोनों तरह की गेंदबाजी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। दीप्ति शर्मा की स्पिन के खिलाफ उन्होंने कवर और मिड-ऑफ के बीच शानदार ड्राइव लगाए जबकि क्रांति गौड़ की फुल लेंथ गेंद पर बेहतरीन चौका जड़ा।

## आईसीसी चार्टर विमानों से रवाना होंगी रुकी हुई टीमें

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में हुए व्यवधान के बाद इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम इस सप्ताहांत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मुहैया कराई गई चार्टर उड़ानों से भारत से रवाना होंगी। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से हारने वाली इंग्लैंड टीम के शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी उड़ान से रवाना होने की उम्मीद है। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अन्य दो टीमें हैं जो अपना अभियान समाप्त होने के बावजूद अब भी भारत में हैं। वेस्टइंडीज की टीम भारत से पांच विकेट से हारने के बाद टी20 विश्व कप से बाहर हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी बुधवार को पहले सेमीफाइनल में समाप्त हो गया।

**बदलाव**

रग्बी और फुटबॉल के मिश्रण से गेंद के खेल को कहा जाता है डॉनी बॉल

# न्यूजीलैंड ने 'डॉनी बॉल' खेलकर कम किया तनाव

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पारंपरिक 'वार्म-अप एक्सरसाइज' अब लगभग बीते जमाने की बात हो गई है और खिलाड़ी अपने कौशल से जुड़े अभ्यास से पहले फुटबॉल या 'फुट वॉली' जैसे खेल खेलकर खुद को तैयार करते हैं। मेजबान और प्रबल दावेदार भारत के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप फाइनल से पहले न्यूजीलैंड की टीम ने भी नेट सत्र से पहले एक अनोखे और मजेदार खेल के साथ 'वर्म-अप' किया जिसमें राष्ट्रीय खेल रग्बी के साथ फुटबॉल का भी मिश्रण था।



इस खेल का नाम 'डॉनी बॉल' रखा गया है, जो काफी दिलचस्प है। यह नाम टीम के 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच क्रिस डोनाल्डसन के नाम पर रखा गया है जिन्होंने इसे टीम के खिलाड़ियों के साथ ही शुरू किया था। इस खेल में तीन टीमें होती हैं जिनमें प्रत्येक में पांच-पांच खिलाड़ी रहते हैं। खिलाड़ियों को एक चौकोर क्षेत्र के भीतर रहना होता है। हर टीम के पास एक रग्बी बॉल और एक फुटबॉल होती है। तीनों टीमों से एक-एक खिलाड़ी बारी-बारी से रग्बी बॉल और फुटबॉल को किसी भी दूसरी टीम की ओर किक करता है। अगर कोई खिलाड़ी रग्बी बॉल या फुटबॉल को पकड़ते समय लड़खड़ा जाता है या गेंद गिरा देता है तो उसे मैदान से बाहर जाना पड़ता है। अंत में जिस टीम के सबसे ज्यादा खिलाड़ी मैदान पर बचे रहते हैं, वही विजेता घोषित होती है। न्यूजीलैंड के सपोर्ट स्टाफ के एक सदस्य ने पीटीआई को बताया हां, इसमें रग्बी और फुटबॉल दोनों को बिना लड़खड़ाए सीधे कैच करना होता है। इसे डॉनी बॉल कहा जाता है जो हमारे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच क्रिस डोनाल्डसन के नाम पर रखा गया है।

### न्यूजीलैंड हारा तो उसे 'चोकर' का तमगा दिया जाना चाहिए : स्टेन

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि अगर न्यूजीलैंड रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्व कप के फाइनल में मेजबान भारत को नहीं हरा पाता, तो उसे 'चोकर्स' (अहम मुकाबलों में दबाव की चुनौती से निपटने में नाकाम रहने वाली टीम) का अवांछित तमगा मिलना चाहिए। स्टेन के मुताबिक घरेलू परिस्थितियों में भारत को हराना न्यजीलैंड के लिए लगभग नामुमकिन होगा।न्यूजीलैंड ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले सेमीफाइनल में खिताब के प्रबल दावेदार और अक्सर चोकर्स कहे जाने वाले दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप इतिहास में दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। भारत ने बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई में खेले गए बड़े स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को सात रन से हराया। स्टेन ने कहा कि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका की तुलना में ज्यादा बार विश्व कप फाइनल खेले हैं और अगर वह रविवार को भी खिताब जीतने से चूक जाता है, तो चोकर्स का तमगा उसे दे देना चाहिए। स्टेन ने पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स के यूट्यूब चैनल पर उनसे बातचीत में कहा सच कहूं तो हर कोई दक्षिण अफ्रीका को चोकर्सकहता है, लेकिन मैं यह कहूंगा कि न्यूजीलैंड ने भी ज्यादा विश्व कप नहीं जीते हैं और वे हमसे ज्यादा फाइनल खेल चुके हैं। न्यूजीलैंड के लोग मेरी बातों का बुरा ना माने लेकिन इस बार जीत जाओ। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा नहीं तो मैं आधिकारिक तौर पर यह कार्ड (चोकर्स का तमगा) तुम्हें सौंप दूंगा, अब यह तुम्हारा है। मुझे न्यूजीलैंड पसंद है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे भारत को हरा पाएंगे।